हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक

● आरा ● वर्ष -07 ● अंक - 281 ● शुक्रवार 22 मार्च 2024 ● रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 ● पृष्ठ - 12 ● मूल्य : 2 रुपये

## सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को झटका, फैक्ट चैक पर लगाई रोक

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के बारे में फर्जी खबरों का पता लगाने के लिए पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के तहत 'फैक्ट चैक (तथ्यों की जांच करने वाली) इकाई बनाने को लेकर जारी केंद्र की अधिसूचना पर गुरुवार को रोक लगा दी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के तहत 20 मार्च को 'फैक्ट चैक इकाई (एफसीयू) के लिए अधिसूचना जारी की थी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने बंबई हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को रद्द कर दिया, जिससे केंद्र सरकार के बारे में सोशल मीडिया पर फर्जी और गलत सामग्री की पहचान करने के लिए संशोधित आईटी नियमों के तहत एफसीयू की स्थापना पर अंतरिम रोक लगाने से मना कर दिया था। पीठ ने कहा, ''हमारी सुविचारित राय है कि हाईकोर्ट के समक्ष जो प्रश्न हैं वे संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के मूल प्रश्नों से संबंधित हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, हमारी राय है कि अंतरिम राहत का अनुरोध खारिज होने के बाद 20 मार्च, 2024 को जारी अधिसूचना पर रोक लगाने की जरूरत है। मोदी सरकार की अधिसूचना के अनुसार एफसीयू केंद्र सरकार से संबंधित सभी फर्जी खबरों या गलत सूचनाओं से निपटने या सचेत करने के लिए नोडल एजेंसी होगी। यह अधिसूचना बंबई उच्च न्यायालय द्वारा केंद्र को इकाई की अधिसूचना जारी करने से रोकने से इनकार करने के कुछ दिन बाद आई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती तब जाकर एसबीआई ने दिया सारा डेटा



**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए आखिरकार गुरुवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हलफनामा दाखिल कर बतला दिया कि उसने कोर्ट के आदेशों का पालन पूर्णतः कर दिया है। इसी के साथ चुनाव आयोग को दानदाता और लाभार्थी पक्ष की चुनावी बॉन्ड संख्या देने की बात एसबीआई ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष कही। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने 21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बैंक ने अब चुनाव आयोग को संचयी रूप से चुनाव बॉंड क्रेता का नाम, मूल्यवर्ग और विशिष्ट संख्या, ईबी भुनाने वाली पार्टी का नाम और पार्टी के बैंक खाते के अंतिम चार अंक दे दिए गए हैं। हलफनामा पेश करते हुए एसबीआई ने कहा कि चुनावी बॉन्ड का कोई अन्य विवरण अब बैंक के पास नहीं है। गौरतलब है कि चुनावी बॉंड को लेकर सुप्रीम कोर्ट लगातार एसबीआई को फटकार लगाने का काम कर रहा था और कोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए ही भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड संबधी संपूर्ण जानकारी चुनाव आयोग को सौंप दी है। एसबीआई ने कोर्ट को बताया है कि चुनाव आयोग को दिए डेटा में चुनावी बॉन्ड के सभी यूनीक नंबर भी शामिल हैं। खास बात यह है कि इन यूनीक नंबरों के माध्यम से ही दानदाताओं और चंदा पाने वाले राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। अब चुनाव आयोग एसबीआई द्वारा मुहैया कराए गए विवरण को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सकता है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि चुनावी बॉंड की जानकारी लोकसभा चुनाव 2024 को मथने का काम कर सकता है। इस मामले में 18 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को फटकारते हुए कहा था कि जो जानकारी हम आपसे चाह रहे हैं, वो आप अभी तक नहीं दे पाएं हैं।

## रोहिंग्या रिफ्यूजियों को देश में रुकने नहीं दे सकतेः केंद्र

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुए रोहिंग्या रिफ्यूजियों को अगर यहां रुकने दिया गया तो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इसके खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। विकासशील देश होने के साथ भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाली देश भी है। ऐसे में हमें अपने नागरिकों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर अपील की गई थी कि केंद्र को निर्देश दें फॉरेनर्स एक्ट का उल्लंघन करने के आरोप में डिटेन्शन सेंटर में रखे गए रोहिंग्या लोगों को रिहा कर दिया जाए। केंद्र ने इसी याचिका के जवाब में यह एफिडेविट बुधवार को फाइल किया था।

**केंद्र बोला- रोहिंग्या को नागरिकता देना आर्टिकल 19 के खिलाफ** : केंद्र ने यह भी कहा कि अवैध रोहिंग्या प्रवासियों को भारत में रहने का अधिकार मुहैया कराने के लिए दाखिल की जा रही अर्जियां अभिव्यक्ति की आजादी देने वाले संविधान के आर्टिकल 19 के खिलाफ हैं। ये साफ है कि आर्टिकल 19 सिर्फ भारतीय नागरिकों पर लागू हो सकता है, विदेशी नागरिकों पर नहीं। केंद्र ने कहा कि किसी समुदाय को कानूनी दायरे के बाहर जाकर रिफ्यूजी का दर्जा नहीं दिया जा सकता है और ज्यूडिशियल ऑर्डर पास करके ऐसा कोई डिक्लेरेशन नहीं किया जा सकता है। हम एक विकासशील देश हैं जिसकी आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है और संसाधन सीमित हैं। ऐसे में हमारी प्राथमिकता हमारे अपने नागरिक होने चाहिए। इसलिए हम सभी विदेशियों को रिफ्यूजियों के तौर पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं। खासतौर पर जब ऐसे फॉरेनर्स में से अधिकतर अवैध रूप से देश में दाखिल हुए हैं।

### CAA लागू होने के बाद रोहिंग्या को लेकर छिड़ी बहस

देश में सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (CAA) लागू होने के बाद से रोहिंग्या रिफ्यूजियों को लेकर राजनीतिक बहस छिड़ गई है। इस कानून के तहत 2015 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दी जाएगी। कानून के तहत रोहिंग्या मुसलमानों को नागरिकता नहीं मिलेगी। अपने एफिडेविट में केंद्र सरकार ने कहा कि भारत ने 1951 के रिफ्यूजी कन्वेंशन और 1967 के स्टेटस ऑफ रिफ्यूजी से जुड़े प्रोटोकॉल पर साइन नहीं किए थे। इसलिए ये तय करना कि किसी श्रेणी के व्यक्ति शरणार्थी माने जाएंगे या नहीं, ये पूरी तरह से केंद्र का अधिकार होगा।

## ख़ास ख़बर

### महाराष्ट्र में भूकंप के जोरदार झटके, सहमे लोग




**मुंबई**। गुरुवार सुबह-सुबह महाराष्ट्र में भूकंप जोरदार झटके महसूस किए गए। ये झटके करीब 10 सेकंड तक रहे। लोग डर के मारे सहम गए। वहीं इससे पहले अरुणाचल प्रदेश में गुरुवार तड़के एक के बाद एक भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल अभी दोनों ही जगहों से किसी भी जान माल के नुकसान की खबर नहीं है। महाराष्ट्र के नांदेड़ इलाके में गुरुवार सुबह करीब 6 बजकर 8 मिनट पर करीब 10 सेकेंड तक धरती डोलती रही। घरों में पंखे और सामान गिरता देख लोग सहम गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पैमाने पर 4.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र बिंदु अखाड़ा बालापुर का इलाका था। नांदेड़ के अलावा परभणी और हिंगोली में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल अभी किसी भी जान माल का नुकसान होने की कोई खबर नहीं है। वहीं नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि महाराष्ट्र से पहले अरुणाचल प्रदेश में भी गुरुवार को रुक-रुक कर भूकंप के झटके लगे। पहला झटका सुबह तड़के 1 बजकर 49 मिनट महसूस किया गया , जिसकी तीव्रता 3.7 थी। इसका केंद्र कामेंग था, जिसकी गहराई करीब 10 किलोमीटर थी। वहीं, दूसरा झटका 3 बजकर 40 मिनट पर आया जिसका केंद्र अरुणाचल प्रदेश का पूर्व कमेंग था और इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई। इस भूकंप की गहराई धरती के अंदर 5 किलोमीटर बताई जा रही है। भूकंप की जानकारी नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। खबर लिखे जाने तक दोनों भूकंप में अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### राहुल चुनाव प्रचार से दूरी बनाए तो कांग्रेस को कुछ सीट मिल जाएंः रीजीजू

**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को लेकर एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि राहुल गांधी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान जहां भी गए हैं कांग्रेस वहां की सारी सीट हार जाएगी क्योंकि उन्हें कोई गंभीरता से नहीं लेता। अगर राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में प्रचार से दूरी बनाते हैं तो संभावना है कि कांग्रेस को कुछ सीट मिल जाएं। रीजीजू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी के बयानों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस तरह का बयान उनके अंदर पीएम मोदी को लेकर भरी कटुता दर्शाता है। रीजीजू ने दावा किया कि राहुल गांधी का दिल, आत्मा और शरीर पीएम मोदी और बीजेपी के खिलाफ नफरत से भरे हुए हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। राहुल गांधी को मोदी पसंद नहीं हैं क्योंकि पीएम मोदी बहुत ही साधारण और गरीब परिवार से आते हैं। राहुल गांधी और उनके समर्थक इसको पचा नहीं पा रहे कि एक गरीब आम आदमी प्रधानमंत्री कैसे बन गया। उन्होंने कहा कि मोदी अपनी योग्यता और जनता के प्यार और आशीर्वाद से ही प्रधानमंत्री चुने गए हैं। अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को एक साथ होंगे। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का भाजपा की चुनावी संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा और एनडीए बड़े बहुमत से लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा।



## भाजपा का कांग्रेस पर तीखा निशाना, कहा- कांग्रेस को जनता पूरी तरह से करेगी खारिज

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें पूरी तरह से खारिज कर देगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हार के डर से वे भारतीय लोकतंत्र और संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। वे आसानी से अपनी अप्रासंगिकता का दोष 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रहे हैं। दरअसल, उनका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है। जेपी नड्डा ने कांग्रेस संवाददाता सम्मेलन के बाद उसके आरोपों को खारिज करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि वे अपनी गलतियों को सुधारने के बजाय अपनी परेशानियों के लिए अधिकारियों को दोषी ठहरा रही है। चाहे इनकम टैक्स एपेलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) हो या दिल्ली हाई कोर्ट, कांग्रेस से नियमों का पालन करने, बकाया करों का भुगतान करने के लिए कहा गया लेकिन पार्टी ने कभी ऐसा नहीं किया। जेपी नड्डा ने कहा कि जिस पार्टी ने हर क्षेत्र, हर राज्य और इतिहास के हर पल में लूट की हो, उसके लिए वित्तीय लाचारी की बात हास्यास्पद है। जीप, हेलिकॉप्टर घोटाले से लेकर बोफोर्स तक सभी घोटालों से जमा हुए पैसे का इस्तेमाल कांग्रेस अपने चुनाव प्रचार में कर सकती है। भारत में लोकतंत्र नहीं है- वाले कांग्रेस के बयान पर जेपी नड्डा ने कहा कि 1975 और 1977 के बीच केवल कुछ महीनों के लिए भारत में लोकतंत्र नहीं था और उस समय भारत की प्रधानमंत्री कोई और नहीं बल्कि इंदिरा गांधी थीं।

## वैश्विक शांति और सद्भाव का आश्वासन है भारत का उदय : जगदीप धनखड़

एजेंसी। नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भारत का उदय "विश्व शांति, सद्भाव और वैश्विक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा आश्वासन" है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक शांति, स्थिरता एवं सद्भाव को बनाए रखने और समान विचारधारा वाले देशों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। धनखड़ ने उपराष्ट्रपति निवास में अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक सहभागिता कार्यक्रम (आईएन-स्टेप) के प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हुए ये टिप्पणियां कीं। 21 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और 8 भारतीय अधिकारियों वाले इस दो सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज द्वारा किया जा रहा है। अपने संबोधन में धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अब संभावनाओं वाला या सोता हुआ विशालकाय देश नहीं रह गया है, जैसा कि कुछ लोगों ने संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की असाधारण विकास की कहानी संशयवादियों से परे है, जो दूरदर्शी नेतृत्व, समावेशी विकास और अटूट दृढ़ता का उदाहरण है। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि आज की गतिशील भू-राजनीति के बीच भारत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक विस्तारित अर्थव्यवस्था, प्रभावी कूटनीति और बढ़ती सॉफ्ट पावर के साथ दुनिया शांति के लिए सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को उत्प्रेरित करने के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने इन-स्टेप कोर्स को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। वैश्विक शांति और सुरक्षा को विकास के लिए मूलभूत बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि शांति को ताकत की स्थिति से ही सुरक्षित किया जा सकता है। युद्ध के लिए तैयारी शांतिपूर्ण माहौल का सबसे सुरक्षित रास्ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन-स्टेप प्रभावी नीति निर्धारण और संघर्ष समाधान के आधार के रूप में आपसी बातचीत और एकजुट होकर काम करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### भारतीय रेलवे ने होली की भीड़ को कम करने के लिए 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की

**नई दिल्ली**। भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की हैं। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनस, पुणे-दानापुर, दुर्ग-पटना, बरौनी-सूरत आदि जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है। मंत्रालय ने कहा कि अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशनों पर कतार बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि ट्रेनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात किया गया है। ट्रेन सेवा में किसी भी व्यवधान को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के लिए विभिन्न अनुभागों में कर्मचारियों को तैनात किया गया है।




### चुनाव आयोग का केंद्र को निर्देश विकसित भारत मैसेज रोकें

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने गुरुवार (21 मार्च) को तकनीकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (IT मिनिस्ट्री) को वॉट्सऐप पर भेजे जा रहे विकसित भारत मैसेज तुरंत रोकने का निर्देश दिया है। आयोग को शिकायत मिली थी कि लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बावजूद सरकार की योजनाएं बताने वाले मैसेज आम लोगों को भेजे जा रहे हैं। हालांकि, मंत्रालय ने आयोग को दिए जवाब में कहा था कि ये मैसेज आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे, लेकिन ये सिस्टम और नेटवर्क इश्यू की वजह से देर से पहुंचे हैं। इससे पहले, आयोग ने 4 राज्यों गुजरात, पंजाब, ओडिशा और असम में नॉन कैडर अधिकारियों के ट्रांसफर ऑर्डर जारी किए। इनमें 5 कलेक्टर और 8 SP शामिल हैं। असम में CM हिमंता बिस्वा सरमा के भाई SP सोनितपुर सुशांत बिस्वा सरमा और पंजाब में खडूर साहिब से कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल के भाई SSP भटिंडा हरनानबीर सिंह गिल को हटाया है।

**पीएम मोदी के खिलाफ दर्ज हो चुकी हैं आचार संहिता उल्लंघन की दो शिकायतें** : चुनाव आयोग ने 16 मार्च को 7 चरणों में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। जिसके तुरंत बाद ही आचार संहिता लागू हो चुकी है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर होना है।

## बाबा और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी

एजेंसी। नई दिल्ली




पतंजलि आयुर्वेद के एमडी और योग गुरु बाबा रामदेव के सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने अपने उत्पादों और उनकी औषधीय प्रभावकारिता के बारे में कंपनी के भ्रामक दावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी है। यह हलफनामा बुधवार को दायर किया गया था, जिसके एक दिन बाद अदालत ने भ्रामक विज्ञापनों पर अवमानना नोटिस का जवाब नहीं देने के लिए पतंजलि आयुर्वेद को कड़ी फटकार लगा दी थी। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने बालकृष्ण और रामदेव को 2 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने को कहा था। अदालत में दायर हलफनामे में आचार्य बालकृष्ण ने कहा है कि वह कानून के शासन का सबसे अधिक सम्मान करते हैं। उन्होंने अयोग्य माफी मांगते हुए कहा कि कंपनी सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में इसतरह के विज्ञापन जारी न किए जाएं। आचार्य बालकृष्ण ने स्पष्ट कर दिया कि कंपनी का इरादा केवल देश के नागरिकों को पतंजलि के उत्पादों का उपभोग करके स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना है। बाबा रामदेव और बालकृष्ण द्वारा 2006 में स्थापित, पतंजलि आयुर्वेद एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जो आयुर्वेदिक दवाओं से लेकर सौंदर्य उत्पादों से लेकर खाद्य पदार्थों तक उत्पादों की एक लंबी सूची बनाती है।

## कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने के आरोपों पर भाजपा ने किया पलटवार

एजेंसी। नई दिल्ली



मुख्य विपक्षी दल के बैंक खाते फ्रीज करने संबंधी कांग्रेस के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को पलटवार किया। भाजपा ने राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। आयकर रिटर्न दाखिल न करने पर कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस की प्रेस वार्ता के बाद एक पत्रकार सम्मेलन में राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि हार की हताशा में विपक्षी दल निराधार आरोप लगा रहे हैं। प्रसाद ने निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, इसलिए उनके खाते फ्रीज कर दिए गए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी संवाददाता सम्मेलन में हार की हताशा में बहाना बना रहे हैं। पार्टी को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दें, क्योंकि वे जितना बोलेंगे, उतना ही अधिक अपना आधार खो देंगे। अगर लोग कांग्रेस को वोट नहीं देना चाहते तो भाजपा कुछ नहीं कर सकती। पत्रकार वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अगर कांग्रेस डिफॉल्टर हैं तो आपके साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाएगा, बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाएंगे। गांधी परिवार देश के कानून से ऊपर तो नहीं है। कानून तो सब पर लागू होगा।

## साजिश के तहत किए बैंक अकाउंट फ्रीज

- कांग्रेस ने प्रेस कॉफ्रेंस कर मोदी सरकार पर साधा निशाना
- आर्थिक तौर पर अपंग बना चुनाव मैदान में उतारना चाहती है केंद्र सरकार

एजेंसी। नई दिल्ली




लोकसभा चुनाव पूर्व कांग्रेस ने गुरुवार को एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर जहां केंद्र पर निशाना साधा, वहीं लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव कराए जाने की वकालत भी की है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव कराए जाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह नहीं जो सत्ता में हैं, उनका समस्त संसाधनों पर एकाधिकार हो, यह नहीं कि उनका मीडिया पर एकाधिकार हो, यह भी नहीं हो कि सत्ताधारी दल का संवैधानिक और न्यायिक एजेंसियों जैसे आईटी, ईडी, चुनाव आयोग पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से नियंत्रण हो। उन्होंने इलेक्टोरल बॉंड मामले को उठाते हुए कहा कि दुर्भाग्य से पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के हस्तपेक्ष के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर जो तथ्य सामने आए हैं, वे चिंताजनक होने के साथ ही शर्मनाक भी हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में देश की छवि को ठेस पहुंची है। उन्होंने दावा किया कि देश में पिछले 70 सालों में निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ लोकतंत्र की जो छवि बनी हुई थी, उस पर अब प्रश्नचिह्न लग गया है। इसके साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने जिस चुनावी बॉन्ड को गैरकानूनी और असंवैधानिक करार दिया, उसी के जरिये मौजूदा सत्ताधारी दल ने हजारों करोड़ रुपये से ज्यादा अपने अकाउंट में भर लिए, जबकि दूसरी तरफ साजिशन मुख्य विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया ताकि हम धन के अभाव में बराबरी से चुनाव न लड़ सकें। इस प्रकार सत्ताधारी दल द्वारा यह खतरनाक खेल खेला गया है, इसके दूरगामी प्रभाव होंगे क्योंकि लोकतंत्र को बचाना है तो समानता तो होनी ही चाहिए।

### संक्षिप्त समाचार

## लोकसभा चुनाव के दौरान ही होने वाली हैं कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नेताओं के साथ ही विद्यार्थियों का भी इम्तिहान होगा। लोकसभा चुनाव के दौरान कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं होंगी। नीट के साथ ही एसएससी, सीयूईटी समेत कई परीक्षाओं का शिड्यूल है। अप्रैल से मई के अंतिम सप्ताह तक दर्जनों परीक्षाएं हैं। मई में बीएड की तो बिहार बोर्ड की विशेष परीक्षा अप्रैल में होनी है। अप्रैल-मई में ही तमाम प्रतियोगी परीक्षाएं हैं। इनमें सीयूईटी, यूपीएससी से लेकर नीट तक की परीक्षाएं शामिल हैं। इधर, 19 अप्रैल से एक जून तक चुनाव होने हैं। ऐसे में अभ्यर्थियों को चिंता है कि कहीं इसका असर इन प्रतियोगी परीक्षाओं के शिड्यूल पर न पड़े। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी यूजी) के परीक्षा शिडयूल पर हजारों अभ्यर्थियों की नजर है।

## फिर से खुलेगी सूबे की एकमात्र वेधशाला

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एलएस कॉलेज स्थित सूबे की एकमात्र वेधशाला छह दशक से अधिक समय बाद फिर से खुलेगी। वेधशाला का जून के बाद पुनर्निर्माण शुरू किया जाएगा। वेधशाला को वर्ष 2025 से खोलने की तैयारी है। इस वेधशाला को यूनेस्को ने वर्ष 2022 में धरोहरों की सूची में शामिल किया था। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि वेधशाला के संबंध में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को लिखा गया है। पुनर्निर्माण के बाद छात्रों के शोध के लिए वेधशाला खोल दी जाएगी।

## रासेयो शिविर समापन पर स्वयंसेवकों का सम्मान

**भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी।** ताडर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों का सात दिवसीय शिविर का बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। शिविर में शामिल 50 स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र व मेडल से पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक विद्यालय महेशपुर बिंद टोला परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सन्हौला जिप सदस्य नाजनी नाज ने कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. वरुण कुमार तांती के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने बिंद टोला में नशा मुक्ति, दहेज प्रथा, पौधारोपण, स्वच्छता, सफाई अभियान, शिक्षा, परिवार नियोजन, बाल विवाह, स्वास्थ्य जैसे विषय पर ग्रामीणों को घर-घर जाकर जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. सतेंद्र पाठक, प्रो. विशेश्वर सिंह, प्रो. सुभाष मंडल, कुमार गौरव, शिव शंकर झा, मनोज तांती, समाजसेवी महेंद्र सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक नूतन प्रभा, आनंद कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का निर्देशन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने किया।

## जीतनराम मांझी के आवास पर एनडीए कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह

**गया, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए ने 400 पर का लक्ष्य तय किया है। इस चुनाव में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एनडीए का बड़ा मुद्दा है जिसके बल पर हिंदू वोटो के ध्रुवीकरण के पूरी कोशिश हो रही है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए नेताओं के सुर भी बदल रहे हैं। कभी रामायण और भगवान राम को काल्पनिक तथा पूजा पाठ को बेमतलब बताने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी जय श्रीराम का नारा लगाते दिख रहे हैं। गया में अपने आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संस्थापक, संरक्षक जीतन राम मांझी खुले मंच से जय श्री राम बोलते देखे गए। पत्रकारों ने जब सवाल किया तो कहा कि कभी भगवान राम या भगवान कृष्ण का विरोध नहीं किया। बुधवार को गया में जीतनराम मांझी के आवास पर एनडीए कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। पूर्व सीएम ने अपनी पार्टी समेत घटक दलों के कार्यकर्ताओं और वहां मौजूद भीड़ के साथ जमकर होली खेली। मंच सजाया गया था जहां से नेताओं ने लोकसभा चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया। हम प्रमुख ने वहां मौजूद लोगों को जीतनराम मांझी ने अबकी बार चार सौ पार का संकल्प भी दिलाया।

# बारिश से आम व लीची को हुआ फायदा



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** प्रखंडों में रुक-रुक कर हो रही बेमौसम बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एक ओर आम व लीची की फसलों को जहां फायदा हुआ है। वहीं खेतों में तैयार गेहूं के साथ दलहन व तेलहन की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। ग्रामीण सड़कें व गली मुहल्लों में जलजमाव से लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। पारू प्रखंड के सैकड़ों एकड़ खेत में लगी गेहूं, तोड़ी व तरबूज को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान अशोक सिंह, सुरेंद्र शर्मा, वशिष्ठ भगत, रामबाबू प्रसाद यादव, जगदीश पासवान राजेश सहनी आदि ने बताया कि बारिश की वजह से फसलें बर्बाद हो गयी हैं। बंदरा प्रखंड में बारिश से एक तरफ आम और लीची को जहां फायदा हुआ है। वहीं, गेंहू, दलहन व तेलहन की फसल को क्षति पहुंची है। तेपरी के किसान मनीष ठाकुर और शत्रुघ्न राय ने बताया कि अधिक बारिश से तैयार गेंहू और सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। इधर, पिलखी से तेपरी मार्ग पर कई जगहों जलजमाव हो गया है। कांटी व पानापुर में गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। बारिश से नगर परिषद व नरसंडा ओवरब्रिज का सर्विस लेन समेत कई अन्य जगहों पर जलजमाव हो गया है।

# गेहूं, दलहन व तेलहन की फसलों को भारी क्षति

## खेतों में धराशायी हुई गेहूं की फसल

**औराई ~ बेमौसम बारिश से किसान हलकान :** औराई। प्रखंड क्षेत्र में रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा है। लगातार 12 घंटे से हो रही बारिश के कारण गेहूं की फसल खेत में गिर गयी है। बागमती परियोजना बांध के अंदर भी दलहन एवं तेलहन की फसलें गिर गयी हैं। किसान हरिओम कुमार, नवल किशोर ठाकुर, आकाश यादव, राजखंड के नरेंद्र शाही, बेचन महतो ने कहा कि मसूर, तेलहन, मटर एवं खेसारी जैसी फसलें कटाई के करीब हैं, जबकि बारिश होने के बाद उनका निकल पाना मुश्किल है। सहजानंद किसान संगठन के लक्ष्मण ठाकुर ने बताया कि बारिश और तेज हवा के कारण गेहूं की फसल जमींदोज हो चुकी है। उन्होंने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

**सकरा ~ गेहूं की फसल देख कर किसान मायूस :** सकरा। सकरा और मुरौल प्रखंडों में गेहूं, मसूर, तोड़ी, सरसों के साथ सब्जी की फसलों को नुकसान हुआ है। खेतों में तैयार गेहूं की फसल गिरने से किसान मायूस हैं। तेज बारिश से सड़कों पर जलजमाव से राहगीरों को काफी परेशानी हुई। किसान नेता बिरेंद्र राय ने बेमौसम बारिश और तेज हवा से किसान की फसलों के नुकसान का सर्वे करा कर मुआवजा देने की मांग की है।

### सरैया ~ सुबह में बूंदाबांदी, शाम में तेज बारिश

सरैया। प्रखंड क्षेत्र में सुबह से बूंदाबांदी के बाद शाम में हुई तेज बारिश के कारण खेतों में लगी गेहूं की फसल गिर गई। नरगी जीवनाथ के किसान प्रभात तिवारी, रेपुरा के बिनोद सिंह, नवादा के रामकुमार सिंह, छितरी के सुनील कुमार सिंह, पोखरैरा के विनय कुमार सिंह, रेवा के गणिनाथ सहनी आदि ने बताया कि बारिश की वजह से गेहूं की बाली का दाना सूख जाएगा।

### मीनापुर ~ आम, लीची व मक्के की फसल को लाभ

मीनापुर। बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। वहीं, आम, लीची व मक्के की फसल को लाभ हुआ है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह आठ बजे तक प्रखंड में तीन एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी है। हालांकि कहीं से अभी तक नुकसान की सूचना नहीं है।

## बड़े भाई ने छोटे से लिया पैसा फिर कराई पिटाई, अन्नपूर्णा बेकरी के मालिक ने लगाया आरोप

**मोतिहारी, एजेंसी।** छतौनी थाना क्षेत्र में दो भाइयों के बीच लड़ाई का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार अन्नपूर्णा बेकरी के 6 भाई मालिक है। इसमें चार भाई एक साथ मिलकर कारोबार करते है। इन्हीं में से एक भाई रामजस ने बताया कि उसके भाई मंजुलाल साह के पास कुछ दिन पहले बड़ा भाई रामेश्वर साह रुपया उधार लेने के लिए आया था। जब पैसा वापस मांगने की बात की तो पहले धमकी दी फिर शनिवार को कुछ लोगों को भेज कर पिटाई करवा दिया। उस समय अगर आस पास के लोग बचाने नहीं आते तो शायद जान तक चली जाती। मारपीट की घटना सीसीटीवी में ही रिकार्ड हो गई है।

इसके अलावा थाना में मामला भी दर्ज करा दिया है। इसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अंत में हार मानकर मीडिया के सामने आना पड़ रहा है। वहीं मामले को लेकर छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बाजार में आया पबजी गन पिचकारी और ढोलकपुर का कालू भूत वाला मास्क

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** होली करीब आते ही थोक मंडी छाता बाजार में रंग-अबीर, पिचकारी का बाजार गुलजार होने लगा है। इस बार होली के बाजार में पहली बार पबजी गन और ढोलकपुर का कालू भूत वाला मास्क आया है, जो बच्चों को काफी भा रहा है। राजनेताओं के चेहरे वाले मास्क भी डिमांड में हैं। व्यवसायियों के अनुसार बीते वर्ष कि तुलना इस बार पिचकारी और मास्क आदि सामग्रियों पर 20 फीसदी तक की मूल्य वृद्धि हुई है।

छाता बाजार व्यवसायी संघ के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने बताया कि उत्तर बिहार का छाता बाजार एकमात्र थोक बाजार है, जहां पर सभी त्योहारों से जुड़ी सामग्रियों का कारोबार होता है। यहां पर 30 से अधिक दुकानों में होली को लेकर विशेष तैयारी की गयी है। हर्बल अबीर भी दुकानों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उत्तर बिहार के खुदरा व्यापारी प्रतिदिन यहां पर खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

**मास्क के अलावा टोपी और टी शर्ट की भी मांग :** व्यवसायी मो. शफक ने बताया कि दिल्ली के बाजारों से इस बार नये-नये डिजाइन की पिचकारी, मास्क, टोपी और टी शर्ट मंगाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारी अधिक संख्या में पहुंच कर खरीदारी कर रहे हैं। महताब आलम, महबूब आलम ने बताया कि इस बार खरीदारी को लेकर लोगों में काफी उत्साह है, इससे अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है।

### सामग्री कीमत

| | |
|---|---|
| पबजी गन | 600-650 |
| पाइप पिचकारी | 20-240 |
| टैंक | 120-240 |
| सामान्य गन पिचकारी | 80-120 |
| मास्क | 80-120 |
| टोपी | 20-30 |
| होली टी-शर्ट | 100-120 |
| हर्बल अबीर | 20 दो सौ ग्राम |

## लालू-तेजस्वी के फैसले पर कांग्रेस नाराज

# गया से जीतनराम मांझी को टक्कर देंगे राजद के सर्वजीत?



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार एनडीए में सीट शेयरिंग की तस्वीर साफ हो गई है लेकिन महागठबंधन के दलों में पेंच बरकरार है। राजद, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है क्योंकि सीटों की संख्या और लोकसभा क्षेत्र को लेकर जिच बरकरार है। इस बीच राजद सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी ने महागठबंधं की रणनीति फाइनल होने से पहले टिकट बटवारा शुरू कर दिया है।

गया में एनडीए के जीतनराम मांझी के खिलाफ राजद ने अपना उम्मीदवार फाइनल कर दिया है। नीतीश सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सर्वजीत कुमार गया से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने इस पर नाराजगी जताई है। एक न्यूज़ चैनल से बातचीत में सर्वजीत कुमार ने कहा कि उनका टिकट फाइनल हो गया है और सिंबल भी दे दिया गया है। 28 मार्च को वह अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा है कि जीत की खास रणनीति के तहत उन्हें टिकट दिया गया है। जीतन राम मांझी भी 28 मार्च को ही अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

राजद ने मुसहर समाज के मांझी के खिलाफ पासवान समाज के सर्वजीत कुमार को मैदान में उतार दिया है। पूर्व सीएम जीतन मांझी के साथ टक्कर के सवाल पर उन्होंने कहा कि मांझी जी हमारे अभिभावक हैं। उनका आशीर्वाद मिलता रहेगा। खबरों के मुताबिक राजद ने कई सीटों पर अपना उम्मीदवार फाइनल कर दिया है। नवादा से विनोद यादव को टिकट दिया गया है। जमुई से अर्चना रविदास को राजद का टिकट मिलने की चर्चा है।जेडीयू के बागी अभय कुशवाहा को औरंगाबाद से उतारने की बात कही जा रही है।

# राज्यपाल की बैठक में नहीं पहुंचे केके पाठक

## वीसी बोले- बैंक खातों पर रोक से काम अटक रहे





**पटना, एजेंसी।** राजभवन की बुधवार की हुई बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक नहीं पहुंचे। बैठक में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने रिक्त पदों पर बहाली, बैंक खाता संचालन, अंकेक्षण आपत्ति का निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं, कुलपतियों ने अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि खाता संचालन पर विभाग की रोक से कामकाज प्रभावित हो रहा है। राजभवन में आयोजित बैठक में राज्यपाल ने शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय के कुलपतियों को निर्देश दिया है कि शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली हो, यह सुनिश्चित करें। यह भी कहा कि शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन ही सेवांत लाभ का भुगतान कराएं। राज्यपाल ने बैंक खातों के संचालन, अंकेक्षण आपत्ति का निराकरण आदि की भी समीक्षा की एवं कई निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को भी बुलाया गया था, पर वह नहीं आए। विभाग की ओर से सचिव वैद्यनाथ यादव बैठक में शामिल हुए। बैठक में कुलपतियों ने राज्यपाल को बताया कि शिक्षकों के अनेक पद रिक्त हैं, जिससे शिक्षण कार्य में कठिनाई हो रही है। नई शिक्षा नीति, 2020 के तहत पाठ्यक्रम में समावेश किये गये नए विषयों के शिक्षकों को भी नियुक्त किया जाना आवश्यक है। राशि के अभाव में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को वेतनादि के भुगतान में भी परेशानी हो रही है। विभाग की कार्रवाई से विवि के कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जो विद्यार्थियों के हित में नहीं हैं। कुलपति और विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। विवि के खाता संचालन पर रोक लगा दी गई है। राजभवन के बिना संज्ञान में लाये विवि में बार-बार अंकेक्षण कराया जा रहा है।

### राज्यपाल ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया

बैठक में कुलपतियों द्वारा विश्वविद्यालय सूचना प्रबंधन प्रणाली से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराने पर राज्यपाल ने इनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इसकी मॉनिटरिंग राजभवन के स्तर पर की जाएगी। उन्होंने सभी कुलपतियों को निर्देश दिया कि शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन ही सेवान्त लाभ का भुगतान कर दिया जाए। राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में उनके प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## यूट्यबर मनीष कश्यप की बढ़ी मुश्किलें, आचार संहिता उल्लंघन की एफआईआर दर्ज

### बिना अनुमति की चुनावी सभा

**पटना, एजेंसी।** यूट्यूबर मनीष कश्यप पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में दरपा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर सेक्टर 8 के सेक्टर पदाधिकारी सह सीओ सुधीर कुमार यादव के बयान पर दर्ज की गई है। इसमें मनीष कश्यप, दरपा थाना के नरकटिया गांव निवासी प्रकाश साह व 10 अज्ञात को आरोपित किया गया है। एफआईआर के अनुसार, सूचना मिली थी कि मनीष नरकटिया बाजार में 19 मार्च को चुनावी सभा को संबोधित करने वाले हैं। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए दरपा थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी पुलिस बल के साथ नरकटिया बाजार पहुंचे। तभी मनीष दो गाड़ी से 10 लोगों के साथ वहां पहुंचे और नकटिया बाजार निवासी प्रकाश साह के घर के बरामदे में खड़ा होकर लोगों को संबोधित करने लगे। वह अपने पक्ष में वोट करने के लिए अपील भी कर रहे थे।

सभा से आवागमन भी बाधित हो रहा था। मनीष से सभा के लिए आदेश लेने के संबंध में पूछने पर नहीं दिखाया गया। इसके बाद मनीष ने बैकुंठवा स्थान पर सभा को संबोधित किया। बिना अनुमति चुनावी सभा करने के मामले में मनीष कश्यप, प्रकाश साह व दस अज्ञात साथियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया।



### तेजस्वी यादव को खुला चैलेंज

कुछ दिन पहले की मनीष कश्यप ने पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी मुखिया तेजस्वी यादव को खुली चुनौती दी थी। उनसे जब पूछा गया कि तेजस्वी 4 लाख नौकरी देने की बात कर रहे हैं। इसपर कश्यप ने कहा कि 4 लाख से बिहार का पेट भर जाएगा। हम स्टांप पेपर पर लिखकर देते हैं कि हम उनसे चार गुना ज्यादा रोजगार देंगे। उन्होंने कहा कि वो 20 लाख के स्टांप पर लिखकर दें और मैं भी 40 लाख के स्टांप पर लिखकर देता हूं कि अगले 5 साल में 40 लाख रोजगार दूंगा। मनीष कश्यप ने आगे कहा कि मैं तेजस्वी को खुली चुनौती देता हूं कि वो जिस पद जाएंगे और जितना रोजगार देंगे, उससे मैं चार गुना ज्यादा रोजगार दूंगा।

# निगरानी जांच में दोषी 815 शिक्षकों की सेवा समाप्ति का निर्देश



**पटना, एजेंसी।** शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को निगरानी जांच में दोषी सभी शिक्षकों की सेवा समाप्ति का आदेश दिया है। विभाग ने इस बात पर नाराजगी जतायी है कि अबतक ऐसे 815 शिक्षकों को सेवा से हटाने की कार्रवाई लंबित है। इसलिए 15 दिनों के अंदर इन शिक्षकों की सेवा समाप्ति कर, इसकी रिपोर्ट विभाग को भेजने के लिए कहा गया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा है कि याचिका संख्या 17115/2019 के आलोक में निगरानी जांच में दोषी पाये गये 2126 शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। दर्ज प्राथमिकी में शामिल इन सभी शिक्षकों की सेवा समाप्त करने का निर्देश विभाग ने दिया था। इसको लेकर जिलों से प्राप्त रिपोर्ट से अनुसार 2126 में से मात्र 1310 की ही सेवा विभिन्न नियोजन इकाइयों के द्वारा समाप्त की गयी है। शेष 815 की सेवा समाप्ति की कार्रवाई अब-तक लंबित है।

### बीपीएससी की तीसरे चरण की परीक्षा रद्द

आपको बता दें कि बिहार में शिक्षक भर्ती के लिए तीसरे चरण की परीक्षा को पेपर लीक होने के चलते रद्द कर दिया गया है। यह परीक्षा 15 मार्च 2024 को हुई थी। ईओयू ने परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर लीक होने की जानकारी दी थी जिसके बाद आयोग और ईओयू इसे लेकर आमने-सामने आ गए थे। आयोग ने अब ईओयू की रिपोर्ट मिलने के बाद परीक्षा रद्द कर दी है। इधर ईओयू पेपर लीक के आरोपियों की तलाश कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सबसे अधिक भागलपुर के शिक्षक

विभाग ने जिन 815 शिक्षकों की सेवा समाप्ति का निर्देश दिया है, उनमें सबसे अधिक 116 भागलपुर जिले के हैं। इसके अलवा सबसे अधिक जमुई के 84, दरभंगा के 69, समस्तीपुर के 55, गोपालगंज के 51, मुंगेर के 44 और खगड़िया के 42 शिक्षक शामिल हैं। वहीं, बक्सर, सीवान, सहरसा, कटिहार, बेगूसराय में शून्य शिक्षक हैं। पटना में 45 शिक्षकों पर कार्रवाई होनी थी, जिनमें दो पर मामला लंबित है।

## बिहार में बारिश ने मचाई तबाही, खेत में खराब हुए सैकड़ों एकड़ गेहूं

**बेगूसराय, एजेंसी।** बीते 24 घंटे के दौरान बेगूसराय के विभिन्न क्षेत्रों में हुई बारिश ने भारी तबाही मचाई है। शहरी क्षेत्रों में सीवरेज और नाला के कारण हुए जल जमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, गांव के खेतों में फसल को भारी क्षति पहुंची है। बेगूसराय जिला मुख्यालय में सीवरेज के चल रहे काम के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जबकि बखरी में कुछ माह पहले ही बनाया गया नाला इस हल्की बारिश में ही फेल हो गया। जिसके कारण पूरे बाजार में जलजमाव हो गया। बाजार के दुकानदार और राहगीर काफी जलालत झेलनी पड़ी है। बे मौसम की बारिश में सबसे अधिक तबाह किसान हुए हैं। गढ़पुरा, नावकोठी, छौड़ाही, बलिया, डंडारी, मंसूरचक, मटिहानी, शाम्हो सहित तमाम प्रखंडों लगा सैकड़ों एकड़ गेहूं तेज हवा के साथ हुई बारिश में धराशाई हो गया है। जिससे किसानों को करोड़ों की क्षति हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 1000 एकड़ से अधिक में लगी गेहूं गिर गई है। 10-15 दिनों के बाद गेहूं की कटनी होनी थी, ऐसे में अब क्या होगा, यह कहना मुश्किल है। वहीं, मसूर और सरसों को भी भारी क्षति पहुंची है। मक्का तथा आम एवं लीची का मंजर भी प्रभावित हो गया है। मसूर और सरसों को सबसे अधिक क्षति काबर के इलाके में हुई है। काबर के किसान अनीश ने बताया कि इस बारिश से किसान तबाह हो गए हैं। इधर, कृषि विज्ञान केंद्र खोदाबंदपुर ने ग्रामीण कृषि मौसम सेवा और मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार बताया है कि आज भी बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में नाबालिग लड़के को मारी गोली, PMCH में कराया भर्ती, मौके से खोखा बरामद

**पटना।** पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में नाबालिग लड़के को गोली मार दी। आनन-फानन में इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान गोविंद कुमार के तौर पर हुई है। घटना दरियापुर गोला स्थित ब्रह्मस्थान मंदिर के पास की है। गोविंद के चाचा हीरा ने बताया कि घटना के समय वो घर में थे। गोली की आवाज सुनकर बाहर निकले। उनके भतीजे गोविंद के बांह में गोली लगी है। सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें एक युवक सफेद कलर के पैंट-शर्ट में हाथ में कट्टा के साथ दिख रहा है। मामले की छानबीन के लिए मौके पर पहुंचे टाउन डीएसपी अशोक सिंह ने बताया कि सुमित सिंह नाम के एक शख्स ने बच्चे को गोली मारी है। गोली चलाने से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी और हाथापाई भी हुई थी। घर से खोखा भी बरामद किया गया है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गोली क्यों मारी गई है, ये अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस छानबीन कर रही है।



### सड़क हादसे में घायल वार्ड पार्षद के पति की मौत, अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर

**पटना।** दानापुर के रूपसपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के शिकार वार्ड पार्षद के पति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मृतक की पहचान खगौल नगर परिषद वार्ड-3 की वार्ड पार्षद प्रियंका राय के पति चंद्रमोहन राय के तौर पर हुई है। परिजन अभिषेक कुमार ने बताया कि चन्द्र मोहन राय लोन रिकवरी एजेंट के तौर पर एक कंपनी में काम करते थे। 17 मार्च की रात करीब 9:30 बजे ऑफिस से काम खत्म होने के बाद घर लौट रहे थे। इस दौरान पाटलीपुत्र स्टेशन गोलंबर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल-112 की टीम ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से बेहतर इलाज के लिए बाद में सगुना मोड़ स्थित दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां आज इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।र



### सक्षमता परीक्षा का फिर से अपलोड किया गया आंसर-की, एजेंसी से मांगा गया स्पष्टीकरण

**पटना।** बिहार बोर्ड ने सक्षमता परीक्षा का गलत आंसर की अपलोड करने वाले एजेंसी से अब स्पष्टीकरण मांगा गया है। एजेंसी को बताने को कहा गया है कि आखिर किस परिस्थिति में ऐसी गलती हुई है। वही एक बार फिर से बोर्ड की तरफ से आंसर की आधिकारिक वेबसाइट www.bsebsakshamta.com पर दोबारा अपलोड कर दिया गया है। गलत आंसर की अपलोड किए जाने के कारण बोर्ड ने नियोजित शिक्षकों को एक दिन का और समय दिया है। अब तमाम शिक्षक 22 मार्च तक आंसर की पर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इससे पहले आज यानी 21 मार्च तक ही आपत्ति दर्ज करा सकते थे। आपत्ति के लिए अभ्यर्थियों को 50 रुपये देने होंगे। आंसर-की bsebsakshamta.com पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। बोर्ड की तरफ से सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर आपत्ति स्वीकार किया जाएगा। जिसका दस्तावेज अभ्यर्थी अपलोड करेंगे। इसके बाद फाइनल उत्तर कुंजी के आधार पर रिजल्ट की घोषणा होगी। इससे पहले दो से पांच मार्च तक आयोजित सक्षमता परीक्षा की आंसर-की जारी की गयी थी। बिहार बोर्ड की ओर से जारी आंसर की में कई तरह की गलतियां थी। बिहार में 38 की बजाय 41 जिले की जानकारी आंसर की में दी गई थी। वही इसके अलावा भी ऐसे कई सवाल है जिनका एक गलत उत्तर आंसर की में दिए गए हैं। तमाम शिक्षकों ने अब इसका विरोध करना शुरू कर दिया था। उनकी ओर से कहना है कि प्रत्येक प्रश्न पर अप्पती दर्ज कराने के लिए 50 रुपए शुल्क लिए जा रहे हैं। पैसा वसूलने के चलते इस तरीके का कार्य किया गया है। हालाकि अब बोर्ड ने इस पर निर्णय ले लिया है।



### 25 से 30 मार्च के बीच 19,200 शिक्षकों की ट्रेनिंग

**पटना।** शिक्षा विभाग के अलग-अलग आदेश से शिक्षकों में नाराजगी देखी जा रही है। 25 मार्च से 30 मार्च 2024 तक 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण करवाने का आदेश राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से दिया गया है। इसके तहत कुल 19,200 शिक्षकों का परीक्षण किया जाना है। लेकिन शिक्षक इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इसी बीच होली का त्योहार है। इसलिए तिथि को आगे बढ़ाई जाए। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से कहा गया है कि प्रशिक्षण के लिए कक्षा 1-5 तक के वैसे शिक्षकों को प्रतिनियुक्त सुनिश्चित करें जिन्होंने पूर्व में कक्षा 1-2 एवं कक्षा 3-5 तक प्रशिक्षण नहीं लिया हो। प्रशिक्षु प्रशिक्षण की पूर्व संध्या दिनांक 24 मार्च, 2024 को निर्धारित किए गए प्रशिक्षण संस्थानों में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन दिनांक 24 मार्च, 2024 को अपराह्न 05:00 बजे से शुरू हो जाएगा। शिक्षक नेता राजू सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग के द्वारा राज्य के कुल 78 प्रशिक्षण संस्थानों में 25 मार्च से लेकर 30 मार्च तक ट्रेनिंग के लिए समय निर्धारित की गई है। अवकाश तालिका में 26 और 27 मार्च को बिहार के सभी सरकारी विद्यालयों में होली की छुट्टी है। शिक्षा विभाग लगातार हिंदू पर्व के दौरान इस तरीके का आदेश निकल रहा है। इस आदेश के कारण तमाम शिक्षक गुस्से में हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग से अपील कि है की विभाग जल्द से जल्द जारी किए गए प्रशिक्षण के तिथि में बदलाव करें। हम विभाग से यह भी अनुरोध करना चाहते हैं। 29 मार्च को बिहार के सरकारी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा ली जा रही है। उसे दिन गुड फ्राइडे की छुट्टी है। इसमें भी संशोधन करने की आवश्यकता है। हम सीएम नीतीश कुमार से भी अनुरोध करते हैं कि लगातार शिक्षा विभाग के द्वारा हमारी छुट्टी में कटौती की जा रही है इस पर ध्यान देने की जरूरत है।



### पटना सिटी में कपड़े के दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का सामान जलकर राख, घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू

**पटना।** पटना सिटी चौक थाना के रामबाग इलाके में कपड़े के होलसेल दुकान में अचानक आग लग गई। चारों ओर धुआं फैल गया। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान के स्टाफ और स्थानीय लोगों ने बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी की घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। काफी सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। कुछ लोग शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कह रहे हैं। वहीं, चौक थाना प्रभारी ने बताया कि दुकानदार की ओर से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है।



# DRI ने पकड़ा 4 करोड़ का सोना म्यांमार से ले जा रहे थे बनारस

**एजेंसी, पटना।**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने कैमूर के मोहनिया टॉल प्लाजा के पास से करीब 4 करोड़ का सोना जब्त किया। सोने की तस्करी एक कार से हो रही थी। कार को भी जब्त किया गया है। साथ ही दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। अब इन दोनों को पटना लाया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। महज 12 दिनों के अंदर बिहार में सोना तस्करी की दूसरी खेप को पकड़ा गया है। सोने की इस खेप को बनारस पहुंचाया जाना था। मगर, ठिकाने पर पहुंचने से पहले ही डीआरआई ने इसे पकड़ लिया।

**मुंबई से मिली थी सूचनाः** डीआरआई के मुंबई जोन की यूनिट को सोना तस्करी के इस खेप के बारे में जानकारी मिली थी। बगैर देरी किए इस सूचना को मुंबई की टीम ने पटना टीम को दी। इसके बाद एक टीम राजधानी से कैमूर के लिए निकल गई। दूसरी तरफ इस टीम ने कैमूर में सेंट्रल GST के ऑपरेशन टीम को अलर्ट किया। फिर दोनों टीम ने मिल कर तस्करी के सोना और तस्करों को पकड़ने के लिए अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। डीआरआई के अधिकारी के अनुसार, सोने की इस खेप को म्यांमार से तस्करी कर लाया गया था। हुंडई की आई-10 कार के अंदर छोटा सा स्पेश बनाकर सोना को रखा गया था। जब नाकेबंदी कर इस कार को रोका गया और इसकी तलाशी ली गई तो उसके अंदर से सोने के 35 टुकड़े मिले। इसका वजन 5807 ग्राम था। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 3,94,58,571 है। इस मामले में सीमा शुल्क अधिनियम-1962 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**9 मार्च को गया में हुई थी कार्रवाईः** इससे पहले डीआरआई की टीम ने गया में कार्रवाई की थी। 9 मार्च को शेरघाटी के सवकला टोल प्लाजा पर तस्करों की गाड़ी को पकड़ा था। उस वक्त गाड़ी के अंदर कुल तीन तस्कर बैठे थे। टीम ने इन सभी को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद गाड़ी के अंदर सीट के नीचे बने एक गुप्त स्थान से सोने की खेप को बरामद किया था। उसमें 3987.300 ग्राम के सोने के 22 बिस्किट और 8 कटे हुए टुकड़े मिले थे। इसकी कीमत 2,74,94,656 रुपए थी।



मोहनिया टॉल प्लाजा के पास कार्रवाई

## सैमसंग गैलेक्सी A55 5G और A35 5G स्मार्टफोन लॉन्च

**एजेंसी, पटना।**

पटना में आज सैमसंग कंपनी की ओर से गैलेक्सी A55 5G और A35 5G स्मार्टफोन लॉन्च किया गया। इसको लेकर एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस नई ए सीरीज के डिवाइस में बहुत सारे प्रमुख फीचर्स दिए गए हैं। सैमसंग गैलेक्सी A55 5G की शुरुआती कीमत 37 हजार रुपए है। जबकि A35 5G की शुरुआती कीमत 31 हजार रुपए है।

**सबसे अधिक बिकने वाली स्मार्टफोन सीरीजः** इस मौके पर सैमसंग इंडिया के डायरेक्टर ऋषि कुल्श्रेस्थ ने कहा कि गैलेक्सी ए सीरीज पिछले दो वर्षों से भारत में सबसे अधिक बिकने वाली स्मार्टफोन सीरीज रही है। भारत के एमजेड उपभोक्ताओं के बीच इसकी जबरदस्त लोकप्रियता है। गैलेक्सी A55 5G और A35 5G का लॉन्च प्रमुख इनोवेशन को सभी के लिए सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। गैलेक्सी A55 5G और A35 5G हमें 5G स्मार्टफोन सेगमेंट और देश में सबसे तेजी से बढ़ते मिड-प्रीमियम (30,000- 50,000 रुपये) सेगमेंट में अपने नेतृत्व की स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा।

**सिक्योरिटी को देखते हुए बनाया गया है फोनः** ऋषि कुल्श्रेस्थ ने आगे कहा कि सैमसंग नॉक्स वॉल्ट सिक्योरिटी ए-सीरीज में पहली बार आई है। जिससे शानदार सुरक्षा अधिक लोगों की पहुंच में होगी। हार्डवेयर-आधारित सुरक्षा सिस्टम हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों हमलों के खिलाफ व्यापक सुरक्षा प्रदान करती है। यह डिवाइस पर सबसे महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है।




डायरेक्टर बोले- यह भारत में सबसे अधिक बिकने वाली स्मार्टफोन है

## पटना मेट्रो की पहली सुरंग 1.5 KM तक कंप्लीट

**एजेंसी, पटना।**

पटना विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन तक खुदाई पूरी हो गई है। मेट्रो रेल प्रोजेक्ट ने आज यह उपलब्धि हासिल की है। लगभग 11 महीने के बाद टीबीएम वन ने 1.5 किलो मीटर तक खुदाई पूरी कर ली है। साल 2023 के मई महीने में टीबीएम(टनल बोरिंग मशीन) पटना के मोइनुल हक स्टेडियम से शुरू किया गया था। घनी आबादी और पुरानी इमारत संरचना होने के चलते मेट्रो सुरंग निर्माण के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक था। बहुत ही बारीकी से जमीन के अंदर खुदाई की गई। मलबे को भी आसानी से बाहर निकाला गया।

**दिन रात चलता रहा कामः** सलाहकार (विशेष कार्य) दलजीत सिंह के नेतृत्व में दिन रात काम चलता रहा। मजदूरों की कमी, यहां की मिट्टी, नमी वाली मिट्टी की खुदाई के दौरान आने वाली परेशानियों से निपटते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। अब एमयूएच और पटना विश्वविद्यालय के बीच 1.5 किमी लंबी सुरंग का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। बता दें, मोइनुल हक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय के बीच दो टीबीएम मशीन खुदाई के लिए जमीन के अंदर डाली गई थी। एक ने अपनी खुदाई पूरी कर ली है। अभी भी एक मशीन के निकलने में लगभग 1 से 2 महीने का समय लग सकता है।



## जदयू-बीजेपी ऑफिस के बाहर छात्राओं का प्रदर्शन

### हाथापाई करती दिखी पटना पुलिस, नई शिक्षा नीति का विरोध

**एजेंसी, पटना।**

इंटरमीडिएट के स्टूडेंट्स ने गुरुवार को पटना में जदयू दफ्तर का घेराव कर दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे छात्र और छात्राएं नई शिक्षा नीति में बदलाव की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन कर रहे छात्राओं के साथ पुलिस हाथापाई करते दिखी। छात्रों का कहना है कि जब तक नियम में बदलाव नहीं होगा, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। जदयू ऑफिस के बाहर प्रदर्शन के बाद स्टूडेंट्स बीजेपी ऑफिस के बाहर पहुंचे। 3-4 स्टूडेंट्स को बातचीत के लिए अंदर बुलाया गया। कुछ छात्राओं को पुलिस थाने भी लेकर गई। छात्रों के प्रदर्शन पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार कहा कि मामला आज ही हमारे संज्ञान में आया है। सरकार ने जो पहले निर्णय लिए थे और उसमें सुधार कराया जाएगा। पहले क्या नियम बनाए थे और उसमें क्या सुधार किया जा सकता है ये देखने के बाद फैसला करेंगे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने भरोसा दिया कि सरकार उनकी मांगों पर विचार करेगी। जो भी फैसला होगा वो छात्रों के हित में ही होगा। गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के डिग्री कॉलेजों में नए शैक्षणिक सत्र से ही इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी तरह से अलग हो जाएगी। यह स्कूली शिक्षा का हिस्सा बन जाएगी। इस वजह से इस साल से ही डिग्री कॉलेजों में 11वीं क्लास में नामांकन बंद हो जाएगा। अभी डिग्री कॉलेजों में 11वीं की पढ़ाई कर रहे छात्र उस कॉलेज में 12वीं की पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। छात्रों को 12वीं की पढ़ाई उच्च माध्यमिक स्कूलों में करनी होगी। शिक्षा विभाग के मुताबिक राज्य के 1,997 डिग्री कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद जाएगी। बताते चलें कि 3 दिनों पूर्व भी छात्राओं का गुस्सा सड़क पर उतरा था। एनएन कॉलेज के छात्रों ने प्रदर्शन किया था। 1 घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। वहीं जेडी वीमेन्स कॉलेज की छात्रों ने भी बेली रोड जाम कर दिया था। इसके बाद वो सीएम आवास के बाहर पहुंची थी और वहां भी प्रदर्शन किया था।



# 5 अप्रैल को होने वाली BPSC शिक्षक भर्ती परीक्षा स्थगित

### फुलप्रूफ व्यवस्था ब्के बाद ली जाएगी परीक्षा, आयोग ने जारी किया नोटिस

**एजेंसी, पटना।**

बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) ने 5 अप्रैल को होनी वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-3) को स्थगित कर दिया गया है। नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। इस संबंध में आयोग के सचिव रवि भूषण ने सभी जिला अधिकारियों पत्र लिखा है। जिसमें कहा है- आयोग की 11वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि 5 अप्रैल को आयोजित होने वाली शिक्षक नियुक्ति परीक्षा को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। अब फुल प्रूफ व्यवस्था के बाद ही नई तिथि की घोषणा की जाएगी। संभावना है कि अब लोकसभा चुनाव के बाद ही परीक्षा का आयोजन होगा।

**पेपर लीक की वजह से 15 मार्च की परीक्षा रद्दः** बता दें, इससे पहले पपेर लीक की वजह से आयोग (BPSC) ने 15 मार्च की शिक्षक भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया था। पेपर लीक केस में करीब 300 कैंडिडेट्स को जेल भेजा गया है। यह सभी झारखंड के हजारीबाग में पेपर सॉल्व करते पकड़े गए थे। इस मामले में EOU जांच कर रही है। उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही बीपीएससी ने यह फैसला लिया था।

**BPSC शिक्षक भर्ती का पेपर लीक, 10-15 लाख में डीलः** बिहार में पेपर सॉल्वर गैंग के अब तक के सबसे बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। आर्थिक अपराध ईकाई (EOU), बिहार पुलिस और झारखंड पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में सॉल्वर गैंग नेटवर्क के लगभग 300 अभ्यर्थियों और संगठित गिरोह को हिरासत में लिया था। ये सभी कैंडिडेट BPSC की ओर से आयोजित बिहार शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (TRE) -3 के एग्जाम में शामिल होने वाले थे। इसके बाद EOU ने सभी को पटना सिविल कोर्ट में पेश किया। फिर कोर्ट ने जेल भेजा।




## आशा देवी बनीं उपाध्यक्ष, पक्ष में पड़े 24 वोट

**एजेंसी, पटना।**

पटना जिला परिषद उपाध्यक्ष पद के लिए वोटिंग हुई। इमें आशा देवी ने जीत दर्ज की है। उनके पक्ष में 24 वोट पड़े। पटना के डीएम ने उपाध्यक्ष के पद आशा देवी की जीत की घोषणा की। अध्यक्ष कुमारी स्तुति के गुट से चंदन कुमार धनरूआ उतरी 22 के जिप सदस्य से उनका मुकाबला था।जबकि पूर्व जिप अध्यक्ष अंजू देवी के गुट से बिहटा उतरी 5 से जिला परिषद सदस्य आशा देवी मैदान में उतरीं थी। बता दें कि 16 फरवरी को वर्तमान उपाध्यक्ष आशा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया था। जिसके बाद से सीट खाली थी।

**20 मिनट देरी से शुरू हुई वोटिंगः** वोटिंग की प्रक्रिया 12 बजे से शुरू होनी थी। लेकिन लेकिन डीएम ने जिला परिषद के सदस्यों को एक्स्ट्रा समय दिया। इसके बाद वोटिंग प्रक्रिया में लगभग 20 मिनट देरी से शुरू हुई।

**बढ़ाई गई समहरणालय की सुरक्षाः** जिला परिषद उपाध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव को लेकर पटना समहरणालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। मुख्य एंट्री गेट पर मजिस्ट्रेट और फोर्स की तैनाती की गई। दोनों गुट के सदस्य बैठक में पहुंच गए हैं। हॉल में जिला परिषद के सदस्यों को वोटिंग के बारे में समझाया गया।



डीएम पटना ने की जीत की घोषणा, अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद खाली हुई थी सीट

## अगस्त में आयोजित होगी 'सीबीएसई रीडिंग चैलेंज'

**एजेंसी, पटना।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के छात्रों के बीच रीडिंग की क्षमता विकसित करने और पढ़ने के कौशल को बढ़ावा देने के लिए रीडिंग मिशन की शुरुआत की गई है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 'सीबीएसई रीडिंग चैलेंज' अगस्त 2024 में आयोजित की जाएगी। यह रीडिंग चैलेंज सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के लिए है। स्कूलों को सीबीएसई रीडिंग चैलेंज ऑनलाइन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

**दो राउंड में आयोजित होगी प्रतियोगिताः** यह प्रतियोगिता दो राउंड में आयोजित की जाएगी। राउंड 1 स्कूलों में ही आयोजित किया जाएगा। रजिस्टर्ड स्कूल पोर्टल से प्रश्न पत्र और आंसर की डाउनलोड करेंगे। फिर स्कूल राउंड 2 के लिए हिंदी और अंग्रेजी के लिए हर एक क्लास से 2 छात्रों को शॉर्टलिस्ट करेंगे। राउंड 2 ऑनलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए छात्र दी गई तारीखों और समय पर पोर्टल पर लॉग इन करेंगे।

**छात्रों को मिलेगा ई-सर्टिफिकेट्सः** छात्र पेपर को डाउनलोड करेंगे और फिर रिस्पॉन्स भरकर उसे फिर से पोर्टल में सबमिट करेंगे। विजेताओं को स्पीड और एक्यूरेसी के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। बोर्ड विजेताओं और भाग लेने वाले छात्रों को ई-सर्टिफिकेट्स भी देगा। इस रीडिंग चैलेंज से बच्चों की समझ और सटीकता बढ़ेगी।



## महागठबंधन में सीट बंटवारे की घोषणा नहीं, लालू बांट रहे सिंबल, गया से कुमार सर्वजीत

### बक्सर से सुधाकर उम्मीदवार, रीतलाल ने पाटलिपुत्र से ठोकी ताल

**एजेंसी, पटना।**

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव राबड़ी देवी आवास से लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को सिंबल दे रहे हैं। बता दें अब तक एनडीए की तरह महागठबंधन ने इसकी घोषणा नहीं की है कि कौन साथी पार्टी कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन लालू यादव ने सिंबल बांटना शुरू कर दिया है। आरजेडी ने गया से कुमार सर्वजीत, जहानाबाद से सुरेंद्र यादव, जमुई से अर्चना रविदास, बक्सर से सुधाकर सिंह को सिंबल दे दिया है। वहीं राजद विधायक रीतलाल यादव ने तेजस्वी और लालू यादव से मुलाकात के बाद दावा किया है कि राजद सुप्रीमो चाहते हैं वो पाटलिपुत्र सीट से चुनावी मैदान में उतरें और चुनाव जीतें। रीतलाल के मुताबिक लालू यादव जैसा चाहेंगे वैसा होगा। पाटलिपुत्र सीट से लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती दो बार लोकसभा चुनाव लड़ कर हार चुकी हैं। अभी मीसा भारती आरजडी से राज्यसभा सदस्य हैं। यहां से बीजेपी के सांसद रामकृपाल यादव हैं। इस सीट पर माले ने भी दावेदारी जताई है। इसके साथ मनरे से विधायक भाई वीरेन्द्र भी इस सीट पर लगातार दावा ठोंकते आए हैं। उन्होंने बुधवार की रात लालू से मुलाकात भी की थी।

**इनको मिल गया सिंबलः** लालू प्रसाद ने गया से कुमार सर्वजीत, बक्सर से सुधाकर सिंह, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, नवादा से श्रवण कुशवाहा और जमुई से अर्चना रविदास, जहानाबाद से सुरेन्द्र यादव को आरजेडी का सिंबल दे दिया है। ये नेता अपने-अपने क्षेत्र में एक्टिव हो गए हैं।

एजेंसी, पटना।औरंगाबाद से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार दावेदार थे। लेकिन अब साफ हो गया है कि उनका टिकट औरंगाबाद से कट गया है। निखिल कुमार दूसरी जगह से नहीं लड़ेंगे। इसलिए यह साफ माना जा रहा है कि निखिल कुमार लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। गया और जमुई सुरक्षित लोकसभा सीट है। बता दें ये वैसी सीटें है जहां प्रथम चरण में चुनाव होना है।



# पूर्व सीएम जीतनराम मांझी गया से NDA के प्रत्याशी

निज संवाददाता। गया

गया लोकसभा सीट से हम ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। गया लोकसभा सीट से हम संरक्षक और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि एनडीए की सीट शेयरिंग में मांझी की पार्टी को एक सीट मिली है। एक दिन पहले ही NDA में शामिल लोजपा (R) अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के हाजीपुर लोकसभा सीट से लड़ाने का ऐलान कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन ने गया सीट पर कैंडिडेट की घोषणा की। गया में अपने गोदावरी स्थित आवास पर मीडिया को इसकी जानकारी दी। इस मौके पर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य और हम के राष्ट्रीय प्रवक्ता नंदलाल मांझी समेत अन्य शामिल रहे।



**राजद के कुमार सर्वजीत से होगा मुकाबला:** संतोष सुमन ने बताया कि गया लोकसभा सीट से खुद जीतन राम मांझी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने एजेंडा के साथ जनता के बीच जाएंगे। इधर, गया संसदीय लोकसभा सीट से बोधगया से राजद विधायक कुमार सर्वजीत को टिकट मिला है। इंडी गठबंधन में भले ही सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है, लेकिन आरजेडी ने गया सीट से कुमार सर्वजीत को प्रत्याशी बनाया है। उन्हें पार्टी सिंबल भी दे दिया गया है। हम संरक्षक सह पूर्व डिप्टी सीएम जीतन राम मांझी और पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत के बीच गया सीट से 2024 का मुकाबला होगा। टिकारी के पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष के राजद में शामिल होने पर मंत्री संतोष सुमन ने कहा, किसी के छोड़ कर चले जाने से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता। एनडीए पूरी मजबूती के साथ बिहार में लोकसभा चुनाव लड़ रही है। किसी एक के पार्टी छोड़कर चले जाने से को कोई फर्क नहीं पड़ता, एनडीए पूरी मजबूती के साथ बिहार में चुनाव लड़ रही है।

**राजद के कुमार सर्वजीत से होगा मुकाबला, HAM को NDA से मिली है एक सीट**

## 35 डीएसपी बीपीए से हुए पास आउट, मुख्य समारोह में शामिल हुए बिहार डीजीपी

निज संवाददाता। गया



बिहार पुलिस एकेडमी परिसर स्थित परेड ग्राउंड में बुधवार को 66वीं बैच के कुल 35 परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षकों का दीक्षांत समारोह सह पारण परेड का आयोजन संपन्न हुआ। पारण परेड में 26 पुरूष और 9 महिला प्रशिक्षु डीएसपी शामिल हुए। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि बिहार पुलिस महानिदेशक आर.एस भट्टी ने निरीक्षण वाहन पर बिहार पुलिस एकेडमी के निदेशक भृगु श्रीनिवासन के साथ सवार होकर पारण परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षु डीएसपी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह मेहनत और लगन से इस प्रशिक्षण को पार किया है। उसी लगन, निष्ठा और अनुशासन से निष्पक्ष कानून का रखवाला बनकर, अपने कैरियर के साथ परिवार, विभाग, समाज और प्रदेश का भी नाम रौशन करेंगे। इस दौरान निदेशक भृगु श्रीनिवासन द्वारा पिछले 1 साल के प्रशिक्षण के दौरान संपन्न किए गए। कार्यों का विवरण और उपलब्धियां प्रस्तुत की गई। वहीं उन्होंने परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षकों का हौसला आफजाई करते हुए उन्होंने इमानदारी, पूर्ण लगन एवं निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक सह उपनिदेशक अरविन्द कुमार गुप्ता ने सभी प्रशिक्षु डीएसपी को पद और निष्ठा की शपथ दिलाई। वहीं पुलिस उपाधीक्षकों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु डीएसपी को पुलिस महानिदेशक द्वारा ट्राफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें प्रशिक्षु कंचन राज को मुख्यमंत्री का पिस्टल(सर्वश्रेष्ठ परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक), प्रशिक्षु रौली कुमारी को पुलिस महानिदेशक का रैतिक तलवार(आउटडोर में सर्वश्रेष्ठ), प्रशिक्षु कंचन राज को पुलिस महानिदेशक का रैतिक बैटन (अन्तः विषय में सर्वोच्च अंक) और अमृतांशु को सर्वश्रेष्ठ परेड कमाण्डर का ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान एकेडमी के महिला और पुरुष जवानों ने शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी कस्तूरबा स्कूलों में T3 कैंप का आयोजन, पोषण पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित

**गया।** गया के सभी 24 कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पोषण पखवाड़ा के दौरान टी-3( टेस्ट,ट्रीट और टॉक) शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के आपसी समन्वय से किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य) नीलेश कुमार द्वारा बताया गया कि जिला स्वास्थ्य समिति और शिक्षा विभाग ने मिलकर एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एनीमिया मुक्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक तीन महीने पर टी3 गतिविधि का आयोजन करेगा। हीमोग्लोबिन का स्तर पता करना, इलाज के लिए आयरन, दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं बातचीत के माध्यम से एनीमिया से बचाव, और खान - पान के व्यवहार में आयरन जनीत खाद पदार्थ को शामिल करने पर जागरूक किया जा रहा है। इस माह पोषण पखवाड़ा के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कुल 1998 छात्राओं के बीच एनीमिया का स्तर पता किया गया। जिसमें लगभग 4 प्रतिशत के आस-पास छात्राओं का हीमोग्लोबिन का स्तर 8 ग्राम/डीएल से कम पाया गया। वहीं 65 प्रतिशत के आस- पास छात्राओं का हीमोग्लोबिन का स्तर मध्यम पाया गया है। वहीं 30 प्रतिशत छात्राओं में एनीमिया का स्तर सामान्य से थोड़ा कम पाया गया है। कैंप के दौरान 38 हजार से ज्यादा आयरन की नीली गोली विद्यालय में उपलब्ध कराई गई। डॉक्टर के परामर्श पर अन्य जरूरी दवा छात्राओं को उपलब्ध कराई गई। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजीव अम्बष्ट द्वारा बताया गया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को गति प्रदान की जा रही है। अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम को सफल बनाने में पीरामल एवं यूनिसेफ की टीम से भी मदद मिल रही है। टी3 टेस्ट ट्रीट एवं टॉक कार्यक्रम से छात्राओ को जांच के साथ-3 एनीमिया से बचाव और उपचार पर जागरूक करने से छात्राओं में खान-पान में सजगता बढ़ेगी और दूसरे लोगों को भी छात्र जागरूक करेंगी।




### बिजली विभाग की टीम से लोगों ने किया अभद्र व्यवहार, छापेमारी करने गई थी टीम

**गया।** गया के फतेहपुर प्रखंड के डुमरिचट्टी में छापेमारी करने गए बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मियों पर स्थानीय लोगों ने हमला बोल दिया। बिजली की चोरी कर रहे दुकानदार और कुछ लड़कों ने कर्मियों के ऊपर हमला कर दिया। जिससे उनकी जान आफत में आ गई। कर्मियों के साथ बिजली की चोरी कर रहे परिवार के सदस्यों ने न केवल गाली-गलौज की बल्कि हाथापाई भी की। यही नहीं उनके ऊपर रोड़ेबाजी भी की गई। इससे सभी कर्मी सकते में पड़ गए। बड़ी मुश्किल से सभी ने अपनी जान बचाई। इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं फतेहपुर की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी युवकों में एक को हिरासत में भी लिया गया है। जेई जितेंद्र कुमार ने बताया कि बिजली की चोरी की सूचना पर डुमरीचट्टी स्थित चंदन गोस्वामी की दुकान में छापेमारी की गई। उनके खिलाफ बिजली चोरी की सूचना थी। मौके पर सूचना सही पाई गई। इस दौरान टीम द्वारा जब्ती सूची तैयार की जा रही थी। इस बीच दुकानदार और उसके परिजन विभाग के कर्मियों पर हमला कर दिए। हालांकि घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। जेई ने बताया कि काफी दिनों से चंदन गोस्वामी द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी। जांच करने पहुंची जांच टीम को सहयोग करने के बदले अभद्र व्यवहार किया गया। यही नहीं टीम पर पथराव करने का भी प्रयास किया गया। घटना की सूचना पर फतेहपुर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर एक युवक को हिरासत में लिया है। जेई के बयान पर चंदन गोस्वामी समेत तीन लोगों पर प्राथमिक दर्ज कराई गई है। इधर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच चल रही है। सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### बिजली के तार से निकली चिनगारी, सीढ़ियों पर आई, गया रेलवे स्टेशन पर लोगों के बीच मची अफरा-तफरी

**गया।** गया रेलवे स्टेशन पर दोपहर के बाद हुई बारिश के दौरान बिजली के तार से चिंगारी निकलने पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। ट्रेन पकड़ने के लिए सीढ़ियों के रास्ते से गुजर रहे यात्री डर गए। इस घटना की सूचना पर स्टेशन सुपरिनटैंडैंट उमेश कुमार ने रेलवे के बिजली विभाग से सम्पर्क कर पावर सप्लाई बंद करवाया। इसके बाद वायर से चिंगारी निकलने गई। लेकिन काफी देर तक इस बात को लेकर रेल यात्री भयभीत रहे। वे सीढ़ियों की रेलिंग के पास होकर गुजरने से डर रहे थे। उन्हें डर था कि कहीं रेलिंग में न करंट दौड़ जाए। दोपहर के बाद गया में तेज हवा के साथ तेज बारिश शुरू हुई। बारिश काफी देर तक होती रही। करीब 4 बजे के आसपास रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर बनी सेंट्रल सीढ़ी के ऊपर दाहिनी ओर लटक रहे बिजली के तार स्पार्क करने लगे। उससे तेजी के साथ चिंगारियां निकलने लगी। यह देख उस सीढ़ी से गुजर रहे लोग डर गए और एक दूसरे के बचाव के नजरिए सतर्क करने लगे। इस बीच मौके पर काफी अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इसी बीच इस घटना की सूचना स्टेशन सुपरिनटैंडैंट उमेश कुमार को दी गई। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और बिजली विभाग से सम्पर्क कर बिजली बाधित कराया। इसके बाद ही स्थित सामान्य हुई। दरअसल, रेलवे स्टेशन का नए सिरे से रिकंस्ट्रक्शन किया जा रहा है।



### जिस राम को काल्पनिक कहा, अब उन्हीं का जयकारा, गया में मीडिया के सवाल पर भड़के मांझी

**गया।** गया में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी जय श्रीराम का जयकारा लगाते नजर आए। मीडिया ने जब उनसे पूछा कि आप तो श्रीराम का विरोध करते थे, लेकिन आपने तो आज भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। इसपर वे एक पल के लिए भड़क गए। मामला धर्म सभा भवन में भाजपा की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह का था। बता दें कि 2022 में हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताया था। उन्होंने कहा था कि महाकाव्य रामायण के लेखक महर्षि वाल्मीकि राम से हजारों गुना बड़े थे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा था- यह मेरा निजी विचार है और मैं किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता। रामायण की कहानी सत्य पर आधारित नहीं है। श्रीराम महापुरुष थे, वह इस बात को भी नहीं मानते। उन्होंने रामायण को काल्पनिक ग्रंथ बताया था। इधर, मीडिया को उन्होंने बताया कि हमने कभी श्रीराम का विरोध नहीं किया है। यदि कोई ऐसा कहता है तो यह उसकी मूर्खता है। हमने तो कहा है कि रामायण में जो नीतियां लिखी गई हैं। वह भूत, वर्तमान और भविष्य के लिए कामयाब है। राम तो भगवान हैं। मेरा कुछ व्यक्तिगत मामला है। वह मसला अलग है। यह आस्था से जुड़ा मामला है। जीतन राम मांझी ने कहा कि हम तो पुरुषोत्तम आत्मा की पूजा करने वालों का चरण स्पर्श कर रहे हैं। उनसे आशीर्वाद मांग रहे हैं। होली मिलन समारोह में सभी दलों के प्रतिनिधि नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और अबकी बार 400 के पार के संकल्प को दुहराया। बताते चलें कि एनडीए की ओर से हम को लोकसभा चुनाव में एक सीट (गया) दी गई है।

## ट्रेन में छुटा एप्पल का लैपटॉप और अन्य सामान

निज संवाददाता। गया

गया आरपीएफ पुलिस ने ट्रेन में किसी पैसेंजर के छूट गए एप्पल कंपनी का लैपटॉप एवं अन्य सामान बरामद कर यात्री को लौटा दिया गया है। जिसके लिए पैसेंजर ने पोस्ट प्रभारी एवं उनकी टीम तथा आरपीएफ का भार व्यक्त किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय प्रकाश के अनुसार रेल मदद के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली कि एक यात्री का ट्रेन में सामान छूट गया। जिसके बाद सामान की बरामदगी के लिए टीम को लगाया गया। शिकायतकर्ता के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर घटना के संबंध में जानकारी ली गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरा नाम अंकित कुमार है। हावड़ा से कोडरमा के लिए ट्रेन में चढ़े थे। जब वे कोडरमा उतरे तो उनका सामान इस ट्रेन में छूट गया। ट्रेन गया जंक्शन जा रही है। यात्री ने यह आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय प्रकाश को बताया, कि कोच संख्या 510 सीट नंबर 61 पर को खोजा जाए वहां उपस्थित यात्रियों द्वारा बताया गया कि कोच नंबर 57 में टीटीई को दिया गया है। 57 टीटीई बलराम सिंह से यात्री का छूटा हुआ बैग, जिसमें एप्पल का लैपटॉप समेत अन्य समान बरामद कर लिया गया। यात्री को अपना लैपटॉप बैक ले जाने की जानकारी दी गई, जिसके बाद अंकित कुमार पिता नरेंद्र कुमार गांव दही थाना अकबरपुर जिला नवादा बिहार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया पर उपस्थित होकर अपने बिट्टू बाग लाल काला रंग जिसमें एक लैपटॉप समेत अन्य सम्मान उन्हें लौटा दिए क्या।



## गया में पांच दिनों से गजराज का आतंक, लोहे का दरवाजा तोड़ घरों में मचाया उत्पात

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बाराचट्टी प्रखंड के कोहवरी गांव में एक बार फिर से गजराज आ गया है। जंगल में अपने साथियों से भटक कर गजराज बीते 5 दिनों से उत्पात मचा रहा है। गुरुवार के सुबह बाराचट्टी की विधायक ज्योति देवी के मायके मोहनपुर प्रखंड के गोपलकेडा मे उनके भाई रामा मंडल का मकान को नुकसान पहुंचाया है। गजराज ने लोहे का दरवाजा तोड़ कर घर में रखे पड़े अनाज को बिखेर दिया। विधायक ज्योति देवी ने बताया कि उनके मायके में अनुसूचित जाति के 25 घरों की बस्ती है। उन्होंने बताया कि जंगल से निकल कर आए गजराज ने लोहे के दरवाजे को धक्का मारकर तोड़ दिया। उसके बाद उसने सूंड से घर मे रखा सारा अनाज को बिखरा दिया है। गनीमत थी कि उस घर में कोई नहीं था। भाई रामा मंडल की तबीयत खराब है। वह इलाज कराने के लिए बोधगया गए हैं। जबकि उनकी पत्नी सुनीता देवी बच्चे के साथ अपनी बहन के घर पर थे। उन्होंने बताया कि यह कोई आम हाथी नहीं है बल्कि गजराज है। इनका मूड बिगड़ता है तो काबू में करना बड़ा मुश्किल सा हो जाता है। विधायक ने बताया कि बगल में रहने वाले नामधारी मांझी के खेत में लगी लहसुन की फसल सहित अन्य फसल को नुकसान पहुंचाया है। फिलहाल अभी गजराज बस्ती के बगल में गोपलकेडा जंगल में ही है। जानकारी डीएम डॉ त्यागराजन को दे दी गई है। बीते सोमवार को कोवहरी गांव मे शिव बालक मांझी के झोपड़ी नुमा घर को इसी गजराज ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। मंगलवार की रात डंगरा सदरूदीन उच्च विद्यालय की चाहरदीवारी का एक कोना को तोड़ दिया था। बगल के गांव खजुराही में भी फसलों को नुकसान पहचानने की सूचना मिली है। इधर, वन विभाग के रेंजर चौहान शशि भूषण सिन्हा ने बताया कि यह आम हाथी नहीं है। यह गजराज है जो कि अपने झुंड को लीड करता है। लेकिन यह अपने साथियों से बिछुड़ गया है। बीते 5 दिनों से गजराज को जीटी रोड के दक्षिण दिशा में करने का प्रयास टीम द्वारा किया जा रहा है ताकि वह झारखंड के जंगल में चला जाए। लेकिन वह बार-बार भटक कर बाराचट्टी या फिर मोहनपुर के जंगल और आबादी वाले क्षेत्र में आ जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों से लगातार अपील की जा रही है। वे सतर्क रहें। दिखने पर युवक उसके साथ छेड़छाड़ न करें। क्योंकि लड़के गजराज की निकट जाकर मोबाइल से सेल्फी ले रहे हैं। यह खतरनाक हो सकता है।


खेत में लगे फसल को किया नष्ट

## हिलसा की रिंकी हत्याकांड में नया मोड़, मां ने कहा- लूटपाट के दौरान नहीं दहेज के लिए की गई हत्या

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में बीते सोमवार की रात में एक महिला की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महिला के पति के द्वारा लूटपाट के दौरान अपराधियों पर गोली मारने का आरोप लगाया गया था। मृतका हिलसा के मानपुर गांव निवासी रणधीर यादव की (19) वर्षीया पत्नी रिंकी देवी थी।

**मृतका की मां ने दामाद समेत 5 को किया आरोपित:** अब इस मामले में नया मोड़ आया है। मृतका की मां पटना जिला के बेउर निवासी चिंता देवी ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए दामाद समेत 5 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी हिलसा थाना में दर्ज करायी है।

**क्या है पूरा मामला:** सोमवार की रात में मानपुर गांव निवासी रणधीर यादव के 19 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रिंकी की हत्या के बाद पति का कहना था कि रात में नकाबपोश अपराधी घर मे घुस गए और लूटपाट के दौरान उनकी पत्नी को गोली मार हत्या कर दी गई है।



**पोस्टमार्टम कराने पहुँचा था आरोपी पति:** पत्नी के शव को पोस्टमार्टम कराने तक रणधीर मौजूद रहा था। शव को पोस्टमार्टम के बाद घर ले गया जहां जब मायके के लोग पहुंचे तो शव को छोड़कर ससुराल वाले फरार हो गए। मृतका की मां का आरोप है कि एक साल पहले रिंकी की शादी रणधीर से हुई थी। शादी के बाद रिंकी ने एक बच्चे का जन्म दिया। इधर, कुछ महीने से सोने की चैन का डिमांड किया जा रहा था। जो वो देने में असमर्थता जताने लगी। चैन के लिए रिंकी के साथ हमेशा मारपीट और तरह-तरह का ताना दिया जाता था। मायके वालों का कहना है कि रिंकी की हत्या लूटपाट के दौरान नहीं बल्कि ससुराल वालों ने साजिश के तहत की है।

**क्या बोले थानाध्यक्ष:** हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मृतका की मां के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। सभी आरोपी घर छोड़ फरार हैं।

**दामाद समेत 5 आरोपित**

## ग्रेजुएशन के एग्जामिनेशन फॉर्म भरने की बढ़ी डेट

निज संवाददाता। नालंदा

पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी से संबंध प्राप्त नालंदा के डिग्री कॉलेजों में पढ़ रहे स्टूडेंट्स के लिए एक राहत भरी खबर है। ग्रेजुएशन पार्ट-1 पार्ट-2 और पार्ट-3 के सत्र 2022-25 और 2021-24 के छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन एग्जाम फॉर्म भरने की डेट 21 मार्च से बढ़ाकर 24 मार्च तक कर दी गई है। नालंदा के सरकारी और गैर सरकारी कॉलेज में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को बड़ी राहत मिली है। परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि परीक्षा प्रपत्र भरने के लिए एग्जामिनेशन कॉलेज लॉगिन में एग्जामिनेशन फॉर्म 2024 के अंदर लिंक दिया गया है। वैसे छात्र और छात्राएं जो अब तक पार्ट-1, पार्ट-2 और पार्ट-3 का एग्जाम फॉर्म भरने से चूक गए थे, उन्हें बिना विलंब शुल्क के 24 मार्च तक फॉर्म भरने की रियायत दी गई है।




**कितना लग रहा शुल्क:** जेनरल और बीसी-2 कैटेगरी के स्नातक पार्ट-1 और पार्ट-2 के रेगुलर छात्र-छात्राओं के लिए 700 रुपए। जबकि बीसी-1,एससी/एसटी कैटेगरी के छात्र-छात्राओं के लिए 500 रुपए परीक्षा शुल्क रखा गया है। जबकि स्नातक पार्ट थर्ड के रेगुलर छात्र-छात्राओं के लिए जेनरल और बीसी-2 कैटेगरी में 1600 रुपए और बीसी-1, एससी/एसटी कैटेगरी के छात्र-छात्राओं को 1400 रुपए परीक्षा शुल्क लग रहे हैं।

### बिहार शरीफ में लूट के आरोपियों से पुलिस दूर

**नालंदा।** दिनदहाड़े बिहार शरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनारपट्टी मोहल्ले में हुई लूट की घटना के 48 घंटे के बाद भी पुलिस आरोपियों की पहुंच से दूर है। दुकान में हुई लूटपाट के मामले में सोनार पट्टी मोहल्ला निवासी मोहम्मद सरफराज उर्फ राजू ने लहेरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज की है। आवेदन में मोहम्मद सरफराज ने बताया कि उनके दुकान में सोने एवं चांदी को गलाया जाता है। वे पिछले 25 वर्षों से यह काम कर रहे हैं। 18 मार्च की संध्या करीब 5:30 बजे 4 अज्ञात अपराधकर्मी जो हरवे-हथियार से लैश थे। उनके दुकान में घुस आए और उन्हें और उनके मजदूरों को बंधक बना लिया और पिस्तौल का भय दिखाकर मारपीट करने लगे। जब उन्होंने दुकान में सोने चांदी नहीं होने की बात कही तो बदमाश इधर-उधर सोने चांदी ढूंढने लगे इसके बाद, गल्ले में रखें 5 हजार रुपए लूट लिए।

## राइफल दिखा दी जान से मारने की धमकी, सरिया काटने की कराई थी केस दर्ज, मजदूरों को हथियार दिखा भगाया

निज संवाददाता। गया

गया राइफल दिखा कर मजदूर और उसके मालिक को धमकाने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो फतेहपुर प्रखण्ड के मोरहे का है। इस मामले की शिकायत पीड़ित पक्ष की ओर से की गई है। लेकिन फतेहपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ देर रात तक केस दर्ज नहीं किया था। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। हालांकि, इस जुड़ी एक और घटना है। वह यह कि बीती 13 मार्च को भी पीड़ित पक्ष ने खुद की जमीन पर खड़ा किए गए पिलर का सरिया काटे जाने की लिखित शिकायत पुलिस से की गई थी लेकिन फतेहपुर पुलिस ने न तो उस घटना में जांच की और न ही कोई कागजी कार्रवाई की। वही, जिस व्यक्ति के खिलाफ सरिया काटे जाने शिकायत की गई थी उसी ने अपनी लाइसेंसी राइफल से डराने धमकाने का काम किया है। वीडियो में आरोपी राइफल के साथ जान से मार देने की धमकी देता हुआ दिख रहा है। वीडियो से जुड़ी घटना बुधवार की सुबह की बताई जा रही है। पीड़ित अर्जुन साव का कहना है कि उसने कुछ वर्ष पहले मोरहे एक आदमी से जिसके पास 18 डिसमिल का प्लाट था। उससे उस 18 में से 5 डिसमिल जमीन खरीदी थी। इसके कुछ वर्ष बाद कामेश्वर साव को उसी व्यक्ति ने 18 डिसमिल की रजिस्ट्री कर दी। जबकि उसे 13 डिसमिल का ही करना चाहिए था। इस घटना के कुछ वर्ष बाद जब अर्जुन साव उस 5 डिसमिल पर काम लगाने गए तो विवाद बढ़ गया। कामेश्वर साव ने एसडीओ कोर्ट में आवेदन देकर 144 लगवा दिया। कुछ महीने बाद अर्जुन साव के पक्ष में फैसला आया। इस फैसले के बाद अर्जुन साव जमीन के दो तरफ पिलर डाल कर बाउंड्री खड़ी की। लेकिन मौका देखते ही कामेश्वर साव ने पिलर के सरिया को काट दिया। इसकी शिकायत थाने में 13 मार्च को की। लेकिन फतेहपुर पुलिस ने उसके आवेदन के बाद कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद कामेश्वर साव ने बुधवार को उस जमीन पर काम कर रहे मजदूर को राइफल का भय दिखा कर भगा दिया। इस बात का विरोध करने के लिए खुद जमीन का मालिक मौके पर पहुंचा तो उसे भी उसने अपनी घर की छत्त से राइफल दिखा कर जान से मारने की धमकी देने लगा। पूरी घटना को किसी ने कैमरे में शूट कर लिया और उसे वायरल कर दिया। अर्जुन साव ने देर रात बताया कि घटना के बाद से ही फतेहपुर थाने में देर शाम तक खड़ा हैं पर कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। वहीं, थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले की जांच चल रही है।



## संक्षिप्त समाचार



### वेल्स की राजकुमारी ने वही किया जो सब करते हैं, इसमें कोई बड़ी बात नहीं है-डोनाल्ड ट्रंप

**लंदन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन की तस्वीर के साथ छेड़छाड़ की गई मामले पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि वेल्स की राजकुमारी ने वही किया जो सब करते हैं। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। मीडिया को साक्षात्कार देते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, इसमे कोई बड़ी बात नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हर कोई तस्वीरों के साथ एडिटिंग करते हैं। आप फिल्मी अभिनेताओं को देखते हैं और उनसे मिलते हैं। उन्हें देखते ही आप यह सोचते हैं कि क्या तस्वीर में यही व्यक्ति है। मैंने वास्तव में उस पर गौर किया और इसमे बहुत ही मामूली एडिटिंग की गई थी। मुझे समझ नहीं आ रहा कि इस पर इतना हंगामा क्यों हो रहा बता दें कि पेट की सर्जरी के बाद मदर्स डे पर वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन की पहली तस्वीर सामने आई थी। इस तस्वीर में राजकुमारी केट मिडलटन मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं। तस्वीर में केट के तीनों बच्चे जॉर्ज, चार्लेट और लुइस भी थे। उनकी ये तस्वीर उनके पति प्रिंस विलियम ने ही क्लिक किया था। तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा था, बीते दो महीनों में आपकी दुआओं और समर्थन के लिए धन्यवाद। सभी को मदर्स डे की शुभकामनाएं। हालांकि, बात में इस तस्वीर को अपने प्लेटफॉर्म से हटाते हुए न्यूज एजेंसियों ने बताया है कि ऐसा लगता है कि तस्वीर से छेड़छाड़ की गई है।

दरअसल, तस्वीर में केट की बांहे नहीं दिख रही थीं। उनकी उंगलियों में अंगूठी भी नहीं था और उनकी बांहे असामान्य तौर पर फैली दिखाई दे रही थी। पेट की सर्जरी के बाद से ही केट मिडलटन सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखाई दी हैं और इसी वजह से उनकी सेहत को लेकर चिंताएं उभरी हैं। हलांकि, इस पर प्रिंस विलियम ने यह माना कि केट की तस्वीर में एडिटिंग की गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी थी।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन के अड़ंगे पर भारत की खरी-खरी, यूएफसी ग्रुप की सिफारिश पर जताई कड़ी आपत्ति

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार के सिलसिले में यूनाइटिंग फार कंसेंसस (यूएफसी) ग्रुप की संस्तुतियों पर कड़ी आपत्ति जताई है। इस ग्रुप में भारत विरोधी सोच रखने वाले चीन, पाकिस्तान और तुर्किये भी शामिल हैं। भारत ने कहा है कि ये संस्तुतियां संयुक्त राष्ट्र के अधिसंख्य सदस्य देशों की भावनाओं के अनुरूप नहीं हैं। अधिसंख्य सदस्य देश सुरक्षा परिषद के स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी चाहते हैं। यूएफसी में इन तीन देशों के अतिरिक्त अर्जेंटीना, कनाडा, कोलंबिया, कोस्टारिका, इटली, माल्टा, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, सैन मारीनो और स्पेन भी हैं। इस ग्रुप में इंडोनेशिया पर्यवेक्षक के रूप में शामिल है। लेकिन चीन सुरक्षा परिषद का अकेला स्थायी सदस्य देश है।

यूएफसी ने सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाए जाने का विरोध किया है। ग्रुप ने सुरक्षा परिषद की सदस्यता को बढ़ाकर 26 किए जाने की संस्तुति की है। लेकिन ये सभी अस्थायी सदस्य होंगे। इनमें से नौ सदस्य लंबे समय के लिए चुने जाएंगे। संस्तुतियों का यह मसौदा इटली के प्रतिनिधि ने प्रस्तुत किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा, अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को लेकर इस समय गंभीर खतरा है। यह खतरा जटिल, अप्रत्याशित और स्पष्ट न किया जाने वाला है। इसलिए 21 वीं सदी में संयुक्त राष्ट्र 2.0 की जरूरत है। यह संयुक्त राष्ट्र के अधिसंख्य सदस्यों आकांक्षा और आवश्यकता है। उन्होंने कहा, यूएफसी की संस्तुतियां अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया की भावनाओं को अभिव्यक्त नहीं करती हैं।अफ्रीका महाद्वीप के 54 सदस्य देश सुरक्षा परिषद के दोनों (स्थायी और अस्थायी) स्वरूपों में विस्तार चाहते हैं लेकिन यूएफसी में उनकी तरफ से विपरीत भावना की संस्तुति कर दी गई।

# इटली की पीएम मेलोनी का डीपफेक वीडियो

## आरोपियों ने एडल्ट फिल्म स्टार के चहरे पर जॉर्जिया का चेहरा लगाया, प्रधानमंत्री ने मुआवजा मांगा



### डीपफेक क्या है?

आज के डिजिटल दौर में कई बार गलत खबरें और भ्रामक जानकारियां इंटरनेट की मदद से लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं। ऐसे ही वीडियो भी पहुंचाए जाते हैं। इसे डीपफेक कहते हैं। इसमें असली और नकली की पहचान बेहद मुश्किल होती है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक और मशीन लर्निंग सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जाता है। इनका उपयोग करके मीडिया फाइल जैसे फोटो, ऑडियो और वीडियो की परिवर्तित कॉपी तैयार की जाती है, जो वास्तविक फाइल की तरह ही दिखती है। सरल भाषा में कहें तो डीपफेक, मॉर्फ वीडियो का ही एडवांस रूप है।

**रोम एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने डीपफेक वीडियो के मामले में मुआवजा मांगा है। 40 साल के साल के आरोपी ने अपने 73 साल के पिता के साथ मिलकर मेलोनी का वीडियो अमेरिकी एडल्ट कॉन्टेंट वेबसाइट पर पोस्ट किया था।

आरोपियों ने मेलोनी के प्रधानमंत्री बनने से पहले यानी 2022 में डीपफेक वीडियो बनाया था। इसमें एडल्ट फिल्म स्टार के चहरे पर जॉर्जिया का चेहरा लगाया गया था। दोनों आरोपियों पर मानहानि का केस दर्ज किया गया था। मेलोनी ने 1 लाख यूरो, यानी करीब 90 लाख रुपए का मुआवजा मांगा है। इस मामले में वो ससारी कोर्ट में 2 जुलाई को गवाही देंगी। बीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया कि कथित एडल्ट वीडियो अपलोड करने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल से पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

### मुआवजे में मिली राशि दान करेंगी मेलोनी

मेलोनी की वकील मारिया गिउलिया मारोंगिउ ने कहा- प्रधानमंत्री जो मुआवजा मांग रही हैं वो प्रतीकात्मक है। इस मुआवजे का उद्देश्य इस तरह के अपराध का शिकार हुई महिलाओं को यह संदेश देना है कि वे आवाज उठाने से न डरें। यदि मुआवजा दिया जाता है, तो वह हिंसा का शिकार हुई महिलाओं की मदद के लिए एक कोष में राशि दान करेंगी।

वहीं, मेलोनी की टीम की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, 2022 में अपलोड हुए इस वीडियो को लाखों लोगों ने देखा है। इटली के कानून के मुताबिक, कुछ मानहानि के मामलों में आपराधिक आरोप और यहां तक कि संभावित कारावास भी हो सकता है।

### रेप वीडियो मामले में फंस चुकी हैं मेलोनी

अगस्त 2022 में जॉजिया मेलोनी ने एक रेप वीडियो पोस्ट किया था। इसके बाद वो विवादों में फंस गईं। वीडियो पीसेंजा शहर का था। इसमें एक अश्वेत व्यक्ति यूक्रेन की एक रिफ्यूजी महिला का रेप कर रहा था। मेलोनी ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया कि वो इस तरह की घटनाओं से सख्ती से निपटेंगी।

### मोदी डीपफेक टेक्नोलॉजी को बता चुके हैं खतरनाक

पीएम मोदी ने डीपफेक वीडियो को लेकर कहा था- आई की ताकत से ये वीडियो बना है, लेकिन यह एक चिंता का विषय है। विविधता वाली सोसाइटी में, जहां छोटी-छोटी बातों पर लोगों की भावनाओं को ठेस लग जाती है। वहां यह संकट पैदा कर सकता है। जब एआई को बढ़ाने वाले लोग मुझसे मिले थे तो मैंने उन्हें कहा था कि जैसे सिगरेट में चेतावनी लिखी होती है। वैसे ही मैंने कहा कि जो भी इसका यूज करता है तो वहां एक चेतावनी लिखी होनी चाहिए कि ये डीपफेक से बना है।

# पाकिस्तान में कोयला खदान विस्फोट में 12 की मौत, 8 घायल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में 12 मजदूरों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के माइन्स इंस्पेक्टर अब्दुल गनी बलूच ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया कि हरनाई जिले में गुफा के अंदर जहरीली गैस जमा होने के कारण मंगलवार रात विस्फोट हुआ।

उन्होंने कहा कि जब विस्फोट हुआ तब 12 मजदूर खदान के अंदर काम कर रहे थे और फंसे हुए साथियों को बचाने की कोशिश में आठ और मजदूर खदान में घुस गए। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, कोयला खदान के और ढहने से वो भी फंस गए। उन्होंने बताया कि बचाव दल ने अभियान पूरा कर लिया है और खदान से 12 शव और आठ घायल लोगों को निकाला है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक बयान में, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना में बहुमूल्य जिंदगियों के नुकसान पर गहरा दुख जताया ।

# पाकिस्तान को 1.1 अरब डालर की मदद देने को लेकर आईएमएफ से समझौता, तीन अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज की यह अंतिम किस्त होगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर है। तीन अरब डालर के बेलआउट पैकेज को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच एक कर्मचारी स्तर समझौता हुआ है, इससे 1.1 अरब डालर की अंतिम किस्त जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। अब इस पर आइएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी मिलनी है।



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की टीम नाथन पार्टर के नेतृत्व में 14 से 19 मार्च तक इस्लामाबाद में रही। टीम ने इस दौरान आइएमएफ समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक कार्यक्रम की दूसरी और अंतिम समीक्षा की। आइएमएफ कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल पाकिस्तान के लिए तीन अरब डालर की स्टैंड-बाय व्यवस्था को मंजूरी दी थी। आइएमएफ ने कहा कि समझौता हाल के महीनों में पाकिस्तान के स्टेट बैंक और कार्यवाहक सरकार द्वारा मजबूत कार्यक्रम कार्यान्वयन को मान्यता देता है।

**पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति में हुआ सुधार :** टीम ने कहा कि पहली समीक्षा के बाद पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। लेकिन अभी और सुधार करना होगा। आइएमएफ ने कहा कि लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस वित्तीय वर्ष में पाकिस्तान को आगे भी गैस और बिजली की दरों को बढ़ाना होगा। आइएमएफ ने यह भी बताया कि पाकिस्तान ने मध्यम अवधि के नए बेलआउट पैकेज में रुचि दिखाई है। आने वाले महीनों में इस पर चर्चा की जाएगी।

**शहबाज शरीफ मंत्रिमंडल ने वेतन छोड़ने का लिया निर्णय:** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ मंत्रिमंडल ने बुधवार को सर्वसम्मत से वेतन और संबंधित सुविधाओं को छोड़ने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अनावश्यक खर्चों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सरकार की मितव्ययी नीतियों के तहत कैबिनेट बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने पहले ही सरकार द्वारा वित्त पोषित विदेशी यात्राओं को प्रतिबंधित करने के उपाय पेश कर दिए हैं।

# सिर में था दर्द तो लगवाया इंजेक्शन, महिला की अब हुई ऐसी हालत; शरीर ने भी छोड़ा साथ




**टेक्सास , एजेंसी।** कई बार हम एक बीमारी को ठीक करने के लिए ऐसे उपचार का सहारा लेते हैं जिससे वह बीमारी और भी बढ़ जाती है या एक नई बीमारी को जन्म दे देती है। कभी-कभी एक छोटी बीमारी भी हमारे लिए जानलेवा हो सकती है। यह खबर भी उसी बीमारी को लेकर है।

अमेरिका की एक महिला सिर्फ सिरदर्द को लेकर एक बोटॉक्स इंजेक्शन लेती है और उसकी हालत ऐसी बिगड़ती है कि अब उसका पूरा शरीर जवाब दे गया है। यह महिला तीस साल से ऊपर की है और तीन बच्चों की मां है। महिला का नाम है एलिसिया हैलॉक इन्होंने अपने माइग्रेन की समस्या के लिए एक बोटोक्स इंजेक्शन ले लिया जिसके बाद वह आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हो गई और महिला की हालात ऐसी हो गयी है कि उनके मुंह में लार आना तक बंद हो गई है।

### पीड़ित एलिसिया हैलॉक ने साझा किया अपना अनुभव

पीपल मैगज़ीन की एक रिपोर्ट के अनुसार, एलिसिया हैलॉक ने इंस्टाग्राम पर अपना दुखद अनुभव साझा किया, जिसमें दावा किया गया कि मांसपेशियों को जमा देने वाली प्रसिद्ध दवा सबसे पहले उनके माइग्रेन को कम करने के लिए दी गई थी। तीन बच्चों की मां ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे एक दुर्लभ जटिलता हो गई है। उन्होंने कहा कि शरीर में यह जटिलता मांसपेशियों और गर्दन तक फैल गई और गार्डन न घूमना, पलकों का झुक जाना, आंखों से कम दिखाई देना, चक्कर आना और बोलने में परेशानी सहित कई समस्याएं पैदा हो गई हैं।

पीड़िता हैलॉक ने अपनी सेहत की जानकारी देते हुए कहा कि लगातार निगरानी रखने के लिए मुझे आईसीयू में रखा गया है। मेरे फेफड़ों और गले में फंसे सभी बलगम को बाहर निकालने के लिए मेरे गले में 6 ट्यूब डाली गई हैं। गले में फीडिंग ट्यूब भी लगाई गई ताकि डॉक्टर उचित पोषण दे सकें।

# ब्लिंकन करेंगे तेल अवीव का दौरा



**तेल अवीव, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को इजरायल का दौरा करेंगे और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। ब्लिंकन गुरुवार को काहिरा और रियाद में मिस्र और सऊदी के वरिष्ठ नेताओं से भी मिल रहे हैं। ब्लिंकन की इजरायल सहित मध्य पूर्वी देशों की यात्रा बंधकों की रिहाई के साथ-साथ रफा में इजरायल के संभावित जमीनी हमले के संबंध में सभी पक्षों से बातचीत करने के लिए है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में नेतन्याहू से बात की है कि वे रफा में न जाएं क्योंकि इससे महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो सकती है। करीब 13 लाख नागरिक रफा क्षेत्र में रह रहे हैं। उधर मिस्र ने इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों से कहा है कि वह रफा ऑपरेशन का सख्त विरोध करेगा, क्योंकि इससे रफा की सीमा से लगे मिस्र के सिनाई क्षेत्र में बड़ी संख्या में शरणार्थियों का पलायन होगा। इस बीच कतर के दोहा में इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थता वार्ता जारी है। इज़राइल ने सख्त रुख अपनाया हुआ है और बंधकों की रिहाई पर हमास द्वारा रखी गई कई मांगों पर सहमत नहीं हो रहा है। इजरायली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि बातचीत इजरायली पक्ष द्वारा रखी गई शर्तों पर ही आगे बढ़ेगी। इज़रायल ने हमास की हिरासत में मौजूद सभी बंधकों की दो चरणों में रिहाई की मांग की है और मध्यस्थों से कहा है कि जघन्य अपराध करने वाले फ़िलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं किया जा सकता। इज़राइल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, मोसाद, शिन बेट समेत इज़राइल की खुफिया एजेंसियों ने इज़राइल सरकार से कहा है कि हमास पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है और रफा में हमास के बाकी बचे लोग हैं। यह भी बताया गया है कि रफ़ा में हमास की केवल चार बटालियनें बची हैं और यदि वे भी नष्ट हो गईं, तो हमास के पास इज़राइल के सामने आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई चारा नहीं होगा। यह देखने वाली बात होगी कि ब्लिंकन रफा में इजरायली सेना के हमले को रोक पाते हैं या नहीं।

# पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर धमाके के बाद गोलीबारी

## सुरक्षाबलों ने आठ आतंकियों को किया ढेर




**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स को बुधवार को आतंकियों ने निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। बता दें कि आतंकियों की गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया। इस हमले से पहले पोर्ट पर एक धमाका हुआ।

**आठ आतंकी ढेर:** प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ग्वादर पोर्ट पर आठ आतंकियों ने हमला किया था और सभी आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मौत के घाट उतार दिया। बलूचिस्तान प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। सरफराज बुगती ने कहा, आठ आतंकियों ने आज ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स पर हमला करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने उन सभी को मार गिराया है।

**बलूचिस्तान की कोयला खदान में गैस विस्फोट, 12 लोगों की मौत; पीएम शहबाज ने जताया दुख:** ग्वादर पोर्ट चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का हिस्सा है। क्षेत्र में दशकों से चल रहे अलगाववादी विद्रोह के बावजूद चीन ने भारी निवेश किया है। यह पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान में चीन के किसी ठिकाने पर आतंकी हमला हुआ हो। इससे पहले अगस्त में हमलावरों ने ग्वादर में चीनी श्रमिकों के एक काफिले को निशाना बनाया था और इस हमले की जिम्मेदारी अलगाववादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली थी।

## चीन-ताइवान में फिर तनातनी

# पीएलए के 32 लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ की कोशिश



**ताइपे, एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। बुधवार और गुरुवार सुबह को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि 32 चीनी लड़ाकू विमान 20 से 21 मार्च को सुबह करीब छह बजे ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के पांच युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए।

**चीन और ताइवान के बीच एक अनौपचारिक सीमा:** रक्षा मंत्रालय का दावा है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के इन 32 विमानों में से 20 युद्धक विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को लांघा और दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिणपूर्वी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए। बता दें चीन और ताइवान के बीच यह जल संधि एक अनौपचारिक सीमा है।

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कल ताइवान में 15 चीनी सैन्य विमान और 10 नौसैनिक जहाज घुस आए। इतना ही नहीं चीन के 15 विमानों में से छह ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में घुस गए। हालांकि उस समय किसी भी विमान ने ताइवान स्ट्रेट मीडियन लाइन को पार नहीं किया था।

इसके बाद ताइवान के बलों ने स्थिति पर नजर रखी और गतिविधियों के जवाब में सीएपी विमान, नौसेना के जहाजों और तटीय मिसाइलों प्रणालियों को तैनात किया।

**ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता:** रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2020 से चीन ने ताइवान के आसपास सक्रिय सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि करके ग्रे जोन रणनीति के अपने उपयोग को बढ़ा दिया है। गौरतलब है चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। चीन के दबान के कारण सिर्फ 10 से अधिक देशों ने ताइवान को एक अलग देश के रूप में मान्यता दी हुई है।

### रूस से रिश्ते पर उठा सवाल तो पेंटागन अधिकारी ने कहा- भारत के साथ हमारे संबंध पहले से अधिक मजबूत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के शीर्ष रक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। आज के समय में यह संबंध पहले से अधिक मजबूत हैं। साथ ही अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि रूस के साथ संबंध होने के कारण भारत के पास कई विकल्प हैं। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत होते जा रहे हैं। एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण के लिए यह बहुत जरूरी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# संक्षिप्त समाचार

## आपसी विवाद में दो घायल




**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के छबैल गांव में गुरुवार को आपसी विवाद में दो व्यक्ति घायल हो गए। बताया जाता है कि छबैल गांव निवासी लोथा चौधरी का खस्सी जवाहर चौधरी के घर मे घुस गया। इसी बात को लेकर जवाहर चौधरी एवं लोथा चौधरी के परिवार में लड़ाई झगड़ा शुरू हो गई। जिसके बाद भरत चौधरी ने धारदार हथियार हसूली से लोथा चौधरी के गर्दन पर प्रहार कर दिया। जिससे लोथा चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इस झगड़ा में भरत चौधरी भी घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल लोथा चौधरी को कौआकोल पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया।

## टीबी हारेगा,देश जीतेगा को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

**नारदीगंज**। टीबी उन्मूलन को लेकर गुरुवार को इंटर विद्यालय नारदीगंज में कार्यशाला व पुरुस्कार वितरण आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से हुआ। इस दौरान लैब प्रयोगशाला पर्यवेक्षक अमरेन्द्र कुमार,लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक बंदना कुमारी ने उपस्थित छात्राओं को यक्ष्मा रोग के लक्षण व निदान पर विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।कहा वर्ष 2025 तक भारत देश से टीबी रोग को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस रोग को दूर करने में सभी लोगों का सहभागिता आवश्यक है।कहा गया टीबी हारेगा, देश जीतेगा,इस रोग को उन्मूलन के लिए आप सभी प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करें।कार्यशाला में कहा गया दो हफ्ते से अधिक खांसी होना, खांसी में खून आना,शरीर में कमजोरी होना, थकान महसूस करना,भूख में कमी होना,शाम को शारीरिक तापमान बढ़ जाना ,सीने में दर्द रहना,वजन कम होना । इस रोग का प्रमुख लक्षण है। ऐसे में में तुरंत चिकित्सक से सलाह लेकर उपचार शरू कर दें,ताकि बीमारी को जड़ से भगाया जा सके। यह बीमारी माइक्रो बैक्ट्रिया ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु से फैलता है । इस रोग से ग्रसित मरीजों को छह माह तक नियमित दवा सेवन करना होगा, और पौष्टिक आहार भी लेना है। इसके लिए विभाग के माध्यम से लाभुकों के खाता पर पांच सौ रुपये प्रतिमाह भेजने का प्रावधान है। कार्यक्रम के उपरांत टीबी रोग पर प्रतियोगिता हुई। सफल प्रतिभागियों को प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक सहायक शिक्षक डा0 बिनोद कुमार समेत अन्य ने प्रथम स्थान में सुहानी कुमारी, दूसरे स्थान में ईशा कुमारी व तीसरे स्थान में खुशी कुमारी को डिक्सनरी देकर सम्मानित किया वही अन्य छात्राओं को भी सान्तवना देकर मनोबल बढ़ाने का कार्य किया गया। मौके पर छात्रा सलोनी ,सुप्रि ,सोहनी,उजमा प्रवीण,सोनी,समेत अन्य छात्राओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर यक्ष्मा रोग पर कई प्रश्न भी पूछे,जिसे समाधान भी किया गया ।

## होली पर्व में शांति भंग करने वाले पर विधि सम्मत होगी कार्रवाई

**नारदीगंज**। थाना परिसर नारदीगंज में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक की गई। बीडीओ रंजीत कुमार, सीओ रईस आलम ,थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद की मौजूदगी में बैठक हुई। इस दौरान अधिकारियों कहा गया कि होलिका दहन 24 मार्च को है,और होली का पर्व 26 मार्च को है । वही पर्व को लेकर 27 मार्च को झुमटा कार्यक्रम होने की भी बात सामने आ रही है।सभी लोग होली पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए।इस पर्व में लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर के खुशी मानते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा।होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है।जगह पुलिस पदाधिकारी व मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। कहा गया होली पर्व में हुरदंग मचाने वाले को खैर नहीं है,अशांति फैलाने वाले पर विधि सम्मत कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में मुखिया अजय पंडित,सरपंच प्रवेश रविदास, मुखिया रणविजय सरपंच जदयू नेता संदीप कुमार, गौतम कुमार, धर्मेंद्र कुमार ,लड्डू कुमार,सुनील सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## वांछित शराब धंधेबाज गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली**। थाना क्षेत्र के जोगियामारण गांव के वांछित शराब कारोबारी को एसआई गौतम कुमार ने गुरुवार को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बीते वर्ष 2021 में तत्कालीन थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर दरबारी चौधरी के द्वारा 26 अक्टूबर को पिछली जमुनदाहा नदी के किनारे पांच शराब भट्ठियों को ध्वस्त,दो बाइक एवं 110 लीटर देशी शराब बरामद किया गया था।साथ ही जब्त शराब एवं बाइक को लेकर थाना काण्ड संख्या 534/21 में केस दर्ज कर पुलिस फरार शराब धंधेबाजों की तलाश में जुटी हुई थी।गुरुवार की सुबह गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस बलों ने नामजद अभियुक्त जोगियामारण गांव निवासी बंगाली राजवंशी के पुत्र अरविंद राजवंशी उर्फ जोगी को गिरफ्तार किया गया है।जिसे अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## 36 बोतल विदेशी शराब के साथ एक धंधेबाज धराया, दो बाइक भी हुआ जब्त

**कौआकोल**। लोकसभा चुनाव को लेकर इन दिनों कौआकोल थाना क्षेत्र के जमुई एवं गिरिडीह जिला के सीमावर्ती इलाके में ई समवाय एसएसबी के जवानों द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को एसएसबी को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसबी के जवानों ने कौआकोल पुलिस के सहयोग से 36 बोतल रॉयल स्टैग विदेशी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने धंधेबाज की दो बाइक भी जब्त किया है। जबकि एक शराब धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान झारखंड के गिरिडीह जिला के गांवा थाना के राजोखार गांव निवासी स्वर्गीय छोटी साव के पुत्र चांदो साव के रूप में की गई है। जो बाइक पर शराब लादकर जंगली रास्ते से कौआकोल में होली पर्व को लेकर शराब खपाने ले जा रहा था। जिसे पुलिस जवानों के द्वारा हदहदबा जाने वाली पनसगवा जंगली रास्ते में छापेमारी कर गिरफ्तार एवं बरामद किया गया। इसके बाद एसएसबी जवानों ने जब्त बाइक,शराब एवं धंधेबाज को कौआकोल पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

## बे-मौसम बरसात से किसानों की फसल बर्वाद मुआवजा की मांग

**भगवानपुर बेगूसराय**। बेगुसराय जिला में बे-मौसम बारिश से किसानों की कमर तोड़ दिया अंतिम क्षण में फसल की पौधे खेत मे गिर गया। बेमौसम बारिश ने भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र में किसानों के लहलहाते हुए फसल को क्षतिग्रस्त कर किसानों के कमर को तोड़कर रख दिया है जिसके कारण अब अन्नदाता के समक्ष आत्महत्या करने तक का नौबत आ गई है। यहां अधिकांश किसान काफी उम्मीद के साथ कर्ज लेकर दूसरे के जमीन पर खेती करते हैं अब उन्हें महाजन को कर्ज एवं जमीन मालिक को मालगुजारी कहां से दें इसकी चिंता भी सता रहा है।इसी को देखते हुए बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने जिला पदाधिकारी से बछवाड़ा विधानसभा सहित संपूर्ण जिला में बेमौसम बारिश से क्षतिग्रस्त हुए फसल की आंकलन कर अन्नदाता को फसल क्षतिपूर्ति तथा उनके सभी कर्ज माफ करने का मांग किया। जिसके बाद पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार राय,लालबाबू पासवान, पूर्व जिला पार्षद राम स्वार्थ साह, रामकुमार चौधरी, किसानश्री रामनरेश राय, सुबोध कुमार राय सहित दर्जनों किसान ने भी फसल क्षतिपूर्ति का मांग किया है।

# अर्थतंत्र के दायरे में सिमट कर कराहता लोकतंत्र

निज संवाददाता। **मिथिलेश कुमार**

विधान निर्माता बाबा साहब स अम्बेडकर ने कहा था प्लांकतंत्र का अर्थ है. एक ऐसी जीवन पद्धति जिसमें स्वतंत्रता, समता और बंधुता समाज जीवन के मूल सिद्धांत होते हैं। बदलते परिवेश में अर्थतंत्र के बीच लोकतंत्र सिमटकर कराह रहा है। विश्व में भारतीय संविधान एवं लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की सराहना भी की जाती रही है। परन्तु बदलते वैश्विक माहौल में भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अर्थतंत्र की घुसपैठी होने के कारण परिवर्तन की दिशा में है। लोकसभा या राज्यसभा तथा विभिन्न राज्यों में विधान परिषद एवं विधानसभा चुनाव में अर्थतंत्र की पनाह में स्वच्छ लोकतंत्र की परिभाषा धूमिल हो रही है। बिहार में ग्राम पंचायत सरकार गठन के लिये चुनाव आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव कराए जाते रहे हैं। स्वच्छ एवं पारदर्शी तथा भयमूक्त चुनाव कराने के लिये संकल्पित चुनाव आयोग कई चरणों में चुनाव प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अब पंचायत चुनाव राज्य के विभिन्न लोकसभा में कराए भी जा रहे हैं चुनाव में पारदर्शिता को लेकर ईवीएम एवं बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से चुनाव को पूर्ण पारदर्शिता के साथ शातिपूर्ण ढंग से सम्पन्न भी कराए जाने हैं। परन्तु इन सबों के बीच चुनाव में अर्थतंत्र प्रणाली की दविश कहीं न कहीं चुनाव को निश्चित तौर पर प्रभावित कर रही है। स्वच्छ और मजबूत लोकतंत्र का शशक्त रीढ़ चुनाव की प्रक्रिया है जो संवैधानिक दृष्टिकोण से निश्चित अवधि के बीच कराए जाते हैं। एक जमाना था जब चुनाव में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग वाले व्यक्ति भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना योगदान देना शुनिश्चित करते थे। हालांकि ऐसा नहीं की आज वह प्रक्रिया या व्यवस्था बंद हो गयी है लेकिन इतना जरूर है कि चुनाव में धन और बल की अहमियत ज्यादा हो गयी है। लोकसभा चुनाव में सभी प्रत्याशियों को खर्च करने की सीमा दी गयी है। लेकिन देखने वाली बात यह है कि खर्च असीमित हो गयीहै। अगर माना जाय तो मुखिया जिला परिषद, पंचायत समित्ति प्रमुख जिला परिषद अध्यक्ष का चुनाव बिना अर्थतंत्र के सम्भव नहीं हो पा रहा है। हम भारतीय प्राचीन समय से ही सामंतशाही व् राजशाही व्यस्था में जीने के आदी रहे हैं। हमारी इस सोच का फायदा उठाकर राजनीतिक दलों में बंशवादी तत्वों का प्रभुत्व बढ़ता जा रहा है। भारत चूंकि बहुधर्मी देश है। यहां नागरिकों में जातीय व उपजातीय तथा सांस्कृतिक विभिन्नता बहुत अधि क है।इसे ही ध्यान में रखते हुए संविधान में "विभिन्नता में एकता व राष्ट्र की एकता अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता" जैसे शब्द डाले गए। "लोकतंत्र" को लोग महज शासन की एक पद्धति समझ बैठने की भूल कर बैठते हैं। ये एक जीवन पद्धति है और सामाजिक दर्शन भी है। यहाँ तरह के विचारों, दर्शनों, धर्मों, नस्लों और क्षेत्र के लोगों में बगैर किसी भी तरह यथा सामाजिक, आर्थिक व लैंगिक भेदभाव के एक दूसरे की सोच धर्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान होना भी आवश्यक है। हमारी इसी सोच की वजह से गिने चुने लोग हमें बरगलाकर, भ्रमित कर वास्तविक सत्ता पे कब्जा कर लेते हैं। जबकि सही मायनों में लोकतंत्र उसी देश या समाज में संभव है जहाँ स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व जीवन की एक पद्धति के रूप में प्रचिलित हो भारतीय समाज, धर्म व दर्शन की निवृत्तिमार्गी प्रवित्ति ने "कोड नृप होइ हमहिं का हानी" जैसी सोच को बढ़ावा दिया। भारतीय जनता की छाती पे एक के बाद एक देशी विदेशी शासक दस्तक देते रहे लेकिन हमारा मानना था ईश्वर उसके पापों का दंड देगा। हम हमेशा अपना अगला जन्म सुधारने में लगे रहे। इस जन्म में हमारे ऊपर कितने अत्याचार होते रहे हमने अपने शासक से पलटकर प्रश्न नहीं पूछा। जब कभी हमें अपने राजा या जागीरदार के अत्याचार महसूस भी हुए तो हम अपने "अवतारवाद की संकल्पना में मशगूल हो जाते थे। कोई राम या कृष्ण आएगा, कोई चंद्रगुप्त मौर्य या समुद्रगुप्त आएगा, कोई पृथ्वीराज चौहान या महाराणा प्रताप आएगा। कोई रानी झाँसी या भगत सिंह आएगा। पिछड़ी व् दलित जातियाँ भी इसी भ्रम में जीती हैं। वे भी चाल्मीकि, वेदव्यास से लेकर पेरियार और अम्बेडकर जैसों के इन्तजार में हाँथ पे हाँथ धरकर बैठी रहती हैं तमाशा देखने। मुस्लिम मस्त हैं कि अल्लाह इन्हें कयामत के दिन दंडित करेगा। इसी मनोवृत्ति की वजह से आज 21वीं सदी में भी हमें अपने कष्ट दिखाई नहीं देते। किसानों को कृषि क्षेत्र की दुर्दशा और किसानों द्वारा को जा रही आत्महत्याएं नहीं दिखती। या तो वो अपने जातीय दम्भ में खुश है या राष्ट्रवाद का धतूरा खा के मस्त है। उन बेचारों को ये भी नहीं पता कि फ्कोई निर्जीव भूमि या निर्जीव आर्यावर्त, या निर्जीव भारत माता राष्ट्र हो ही नहीं सकती। बगैर कृषक मजदुर पुत्र के भारत माता की कल्पना भी संभव नहीं। जनता के मूल मुद्दों शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार की माँग के लिए सड़क पे आने के लिए तैयार नहीं। अब इस तरह के माहौल में पली बड़ी जनता से ये अपेक्षा करना कि उसको साल भर से धरने पे बैठे किसान दिखेंगे बढ़ती मंहगाई व बेरोजगारी, बढ्ता भ्रष्टाचार, गिरता रूपया कहती अर्थव्यवस्था, संवैधानिक संस्थाओं का स्वास, गुलाम होता प्रेस के बीच लोकतंत्र अर्थ तंत्र के दायरे में सिमट रहा है जो आने वाले दिनों के लिये लोकतंत्र के लिये खतरा ही होगा। क्योंकि जिस देश के शासक किसानों की समस्याओं को 14 महीनों तक नजरअंदाज कर सैकड़ों किसानों की शहादत पर अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिये मदमस्त हो अंततः दोनों सदनों से पारित कृषि बिल कानून को वापस लेने की घोषणा किसानों के लिये वरदान होगा यह तो सरकार की नीति निर्धारण तथ्यों पर निर्भर करती है। 2024 का लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग के द्वारा जारी किये गए दिशा निर्देश के बाबजूद लोकतंत्र के महापर्व में देश के सभी राज्यों के सभी लोकसभा क्षेत्रों में कमोबेश अर्थ तंत्र के दायरे में लोकतंत्र सिमटने की पूरी संभावना है. धन बल एवं शाम दम दंड भेद सभी गुणों से परिपूर्ण व्यक्ति ही लोकसभा के मंदिर में प्रवेश कर देश के बड़े बड़े पूँजीपति के लिए नए नए क़ानून पारित कराएंगे.

# पोषण स्टाल पर छात्र व छात्राओं में बनाई विभिन्न प्रकार की व्यंजन

निज संवाददाता। **नारदीगंज**



राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में गुरुवार को वार्षिक मूल्यांकन का विषय सहशैक्षिक गतिविधि सह पोषण पखवाड़ा मनाया गया । यह कार्यक्रम प्रभारी प्रधानाध्यपिका पल्लवी लीशा समेत अन्य शिक्षकों के निर्देशन में हुआ। इस मौके पर वर्ग अष्टम के छात्रों ने मुख्य रूप से भाग लिया ।कार्यक्रम में अष्टम वर्ग के छात्रों ने पंडाल का निर्माण किया और अष्टम अन्य छात्राओं ने विभिन्न व्यंजनों को बनाकर परोसा। इसमें छात्राओं ने सिर्फ व्यंजनों को बनाया ही नहीं बल्कि उस पे जाने वाले पोषक तत्व एवं स्त्रोत के बारे में भी चार्ट पेपर पर दर्शाया ।उन्होंने व्यंजन को बनाने में कुल लागत स्टॉल पर बेचने के बाद हुई कुल लाभ के बारे में भी अंत में चर्चा की। इससे प्रत्येक बच्चों को भविष्य में पढ़ाई के बाद नौकरी के अलावा भी सामने आने वाले विभिन्न अवसरों के बारे में अनुभव किया। सहशैक्षिक गतिविधि के दौरान इसमें मूल्यांकन हेतु टेंट निर्माण, उसकी सजावट, भोजन की सुरक्षा, स्वाद ,चार्ट पेपर निर्माण, पर्यावरण मित्र, समूह का सहयोग, जल की उपलब्धता, कूड़ादान की उपलब्धता, परोसने के तरीके और कुल लाभ या हानि पर सभी शिक्षकों के द्वारा सभी बिंदुओं पर अंक दिया गया। जिससे कि उनका मूल्यांकन हो सके और इसी मूल्यांकन के आधार पर सभी समूहों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान घोषित किया गया। कहा गया की विजय समूह को पुरस्कृत किए जाने की भी घोषणा की गई। छात्राओं में राधिका, अंजली,राधा,काजल,ममता स्वाति कुमारी समेत अन्य छात्राओं ने अपने अपने पोषण स्टाल लगाकर बेहतरीन व्यंजनों को परोसा। मौके पर शिक्षक व शिक्षिकाओं में पूनम कुमारी ,योगेंद्र कुमार, शमशाद आलम, रूबी राज ,इमराना खातून, निरंजन कुमार ,अखिलेश कुमार ,कुमारी सुनीता, राजीव रंजन भारती, राधे कुमार, एमटीएस राजीव समेत अन्य शामिल रहे।

**लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार सरकार की जमीन की कराई गई साफ-सफाई,एसडीओ**

# विवादित खेतों के समतलीकरण करने पर जमीन मालिकों ने जताया विरोध

निज संवाददाता। **रजौली**



प्रखण्ड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के दक्षिण दिशा में अवस्थित खेतों में गुरुवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के नेतृत्व में सीओ गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार की मौजूदगी में बुलडोजर चलवाकर समतलीकरण किया जा रहा है।जिसको लेकर जमीन के मालिकों मनोज कुमार,नीरज कुमार एवं कौशलेंद्र कुमार ने विरोध जताया है।जमीन मालिकों ने कहा कि बीते 3 मार्च को भी एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं सीओ मो गुफरान मजहरी द्वारा बलपूर्वक कार्य किया जाने लगा तो मनोज कुमार वगैरह द्वारा न्यायालय में इंजक्शन का आवेदन दिया गया।जिसके बाद सुनवाई के क्रम में मामला अतिगम्भीर होने के कारण न्यायालय द्वारा यथास्थिति का आदेश दिया गया।साथ ही सरकार के अधिवक्ता को भी न्यायालय द्वारा स्थल पर किसी प्रकार कार्य नहीं करने को लेकर निर्देशित किया गया।बावजूद 21 मार्च को एसडीओ,सीओ एवं सशस्त्र बलों के द्वारा उक्त खेत में जबरन जेसीबी की मदद से तोड़-फोड़ किया गया एवं लगे फसल को बर्बाद करते हुए विवादित जमीन का भौतिक स्वरूप बदल दिया गया है।

**क्या कहते हैं एसडीओ** - इस बाबत पर एसडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर इंटर विद्यालय में रजौली एवं हिसुआ विधानसभा हेतु डिस्पैच सेंटर बनाया गया है।जिसके लिए पोलिंग पार्टी एवं अन्य मतदान कर्मियों के वाहन पड़ाव को लेकर दक्षिण में स्थित अनाबाद बिहार सरकार के जमीन का समतलीकरण किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यदि किन्हीं के पास उक्त जमीन से सम्बंधित किसी प्रकार के कागजात हैं,तो वे उन्हें पेश करें।साथ ही कहा कि अबतक किसी के द्वारा न्यायालय से निर्गत आदेश भी नहीं दिखाया गया है।

## किसानों पर कहर फसल हुई बर्वाद

निज संवाददाता। **गढ़पुरा बेगूसराय**

अंचल क्षेत्र में हुई बे मौसम मूसलाधार बारिश व हवा के झोंकों ने किसानों को कमर तोड़ कर रख दिया ।बुधवार की दोपहर से हुई लगातार बारिश के चलते क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के खेतों में लगे सरसों एवं गेहूं की फसल धराशाई हो गई जिससे किसानों के मंसूबे पर पानी फिर गया। स्थानीय किसानों में मोरतर के रामकिशोर राय ,मालीपुर के किसान रजनीश कुमार कोरैय के किसान यदुनंदन सिंह समय आदि किसानों ने बताया कि लंबे अरसे के बाद फाल्गुन मास में इस प्रकार की मूसलाधार बारिश हुई है लेकिन हुई बरसात के चलते किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है एक और जहां क्षेत्र के किसान मेहनत कर सरसों एवं गेहूं की उपज से अच्छी आमदनी की आस लगाए बैठे थे जहां प्रकृति की करने किसानों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।

# हैंड इन हैंड द्वारा एकदिवसीय शिविर का आयोजन,दर्जनों महिलाएं लाभान्वित

निज संवाददाता। **रजौली**

हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के सौजन्य से सिरदला प्रखंड के खटांगी पंचायत के नूनफर गांव में एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन वार्ड सदस्य संजय कुमार,एमबीबीएस डॉ. अभिजीत रॉय,जन औषधि संचालक गुरुदेव प्रसाद,एजुकेशन कोऑर्डिनेटर डॉ.अभय कुशवाहा,लाइवलीहुड कोऑर्डिनेटर शशि कुमार के द्वारा फीता काट कर किया गया।डॉ.अभय कुशवाहा ने बताया कि हैण्ड इन हैण्ड इंडिया विगत कई वर्षो से बिहार एवं झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थय शिविर अयोजन करते आ रही है।इसी क्रम मे आज यहाँ जेनरल मेडिकल कैंप आयोजित किया गया।वहीं लाइवलीहुड कोऑर्डिनेटर शशि कुमार ने कहा कि संस्था का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में उचित स्वाथ्य सेवाओं के साथ-साथ उचित दवाईयां भी उपलब्ध करवाते आ रही है।स्वास्थ्य शिविर में लोगों का पंजीकरण करा कर डाक्टर से परामर्श लेना तथा उचित सलाह एवं दवा देकर सैंकड़ों महिलाओं, पुरुषों और बच्चे का शारीरिक वजन, रक्तचाप जांच किया गया।साथ ही साथ चिकित्सा द्वारा उचित प्रामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई।विशेष अवस्था वाले किशोरियों, महिलाओं एवं बच्चों के बीच प्रोटीन पाउडर, पोषण पाउडर,सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया गया।शिविर को सफल बनाने में हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के एमआईएस रितेश कुमार,परियोजना कर्मी जितेंद्र कुमार, नर्स निर्मला कुमारी, मोबिलाइजर सिपाही मुंडा एवं संतोष कुमार रजक,सीएलसी शिक्षक नाराबोद्रा ने अहम भूमिका निभाई।




## मतदाता जागरूकता को लेकर कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी,बीडीओ




निज संवाददाता। **रजौली**

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर गुरुवार की कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली।इस दौरान बीडीओ अनिल मिस्त्री ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को विद्यालय से नगर मुख्यालय में भेजा।प्रभात फेरी द्वारा छात्राओं ने नवयुवकों एवं नवयुतियों समेत अन्य मतदाताओं से लोकसभा चुनाव के पहले चरण में होने वाले मतदान 19 अप्रैल को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।इस दौरान कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन एवं शिक्षकगण भी मौजूद रहे।बीडीओ ने कहा कि चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाता वोट करें इसके लिए जिला प्रशासन मतदाताओं को जागरूक करने में जुटा है।छात्राओं द्वारा लोकतंत्र की महत्ता एवं चुनाव की महत्ता पर विचार व्यक्त किए गए एवं जागरुकता हेतु छात्राओं व शिक्षकों ने प्रभात फेरी निकाली।साथ ही कहा कि प्रखण्ड क्षेत्र में जीविका दीदी एवं आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका की मदद से प्रत्येक दिन मतदान केन्द्रों पर आसपास के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।बीडीओ ने प्रभात फेरी में शामिल लोगों को धन्यवाद कहा है।साथ ही प्रखण्ड के नए एवं पुराने मतदाओं से अपील किया कि वे 19 अपैल को होने वाले मतदान में जरूर भागीदार बनें।

## बेमौसम बारिश व तेज हवा से किसानों में मचा हाहाकार

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

रबी सीजन की तैयार गेहूं, सरसों, मसूर की फसलें हुई प्रभावित। हवा के साथ 10 घंटों में 37 एमएम हुयी बारिश से फसलें जमींदोज। आफत बनकर आयी बारिश से किसानों में मचा त्राहिमाम रबी सीजन की प्रमुख फसलों के दस दिन बाद होनी वाली कटनी से पूर्व बुधवार को हवा के साथ हुयी बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। दोपहर 1 बजे से शुरू हुयी बारिश रात के 11 बजे तक गेहूं, सरसों, मसूर आदि फसलों पर कहर बरसाती रही। लगभग 10 घंटे तक हुयी बरसात ने भरपूर बाली आये तैयार फसलों को जमीन पर बिछावन की तरह बिछा दिया है। इस कारण फसलों की उपज और उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि बेमौसम बारिश से कुछ हद तक गन्ना, आम-लीची को फायदा होने की बात किसानों द्वारा बतायी गयी है। वर्षा मापक केन्द्र छौड़ाही के अनुसार 37 एमएम वर्षानुपात रिकॉर्ड किया गया। कृषि कार्यालय के आकड़ों के अनुसार प्रखंड के दसों पंचायत में इस वर्ष रबी फसलों का 4401.02 हेक्टेयर रकबा अच्छादन दिखाया गया है। कृषि विभाग अगर नुकसान का सही से आकलन करती है तो इसका अनुपात लगभग 40 से 50 प्रतिशत के आस-पास जा सकता है। बहरहाल कर्ज लेकर खेती-बाड़ी करने वाले किसानों को अब उनकी तैयार फसलों के सड़ने-गलने की चिंता सता रही है और खेतों में धराशायी फसलों को देखकर किसान अपना माथा पीट रहे हैं। हालांकि गुरुवार को मौसम करवट लेकर सामान्य तो हुयी किंतु पर्याप्त धूप नहीं खिली जिससे किसान हताश और परेशान दिखें।एकंबा पंचायत के किसान रंजन कुमार सिंह, हरिशंकर यादव, पंकज कुमार, सावंत के रामकुमार वर्मा, भीखन महतो, रामदयाल महतो, सहुरी के अजीत सिंह, सुदर्शन सिंह, अमरेश चौधरी, ऐजनी के विद्यानंद राय, शाकिब आलम, रामपदारथ राय समेत अन्य पंचायतों के किसानों ने बताया कि कटनी से पूर्व बेमौसम बरसात ने हम किसानों की कमर तोड़ दी है। सरकार अविलंब फसलों के नुकसान का आकलन कर किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करायें।

**कहते हैं बीएओ....** इस संदर्भ में बीएओ पारसनाथ काजी ने बताया कि बारिश से हुये नुकसान की वर्तमान स्थिति से डीएओ को अवगत कराया गया है। विभाग से जैसा निर्देश मिलता है उसके मुताबिक किसान हित के लिए आवश्यक कदम उठाये जायेगें।

# मतदाता जागरूकता लेकर नगर पंचायत में लगाया गया हस्ताक्षर बोर्ड

निज संवाददाता। **रजौली**




लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर व्यवस्थित मतदाता,शिक्षा और चुनावी भागीदारी ( स्वीप ) कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड में मतदाता जागरूकता के मकसद से हस्ताक्षर अभियान आरंभ किया गया है।प्रखण्ड कार्यालय के गेट पर नगर पंचायत के लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर बोर्ड लगाया गया है।हस्ताक्षर बोर्ड पर मतदाताओं के लिए शपथ भी लिखा हुआ है।मतदाता शपथ में हम,भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपनी मानवाधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने भाग लिया।लोक स्वच्छता पदाधिकारी ने लोगों को मतदान में भाग लेकर देश का जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाने और बिना किसी दबाव व प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने लोगों को घरों व आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने में सक्रिय सहयोग की अपील की। इस मौके पर वार्ड संख्या 4 के प्रतिनिधि बब्लू कुमार एवं वार्ड संख्या 6 के प्रतिनिधि सुमित चन्द्रवंशी भी मौजूद रहे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## हादसे के लिए कौन जिम्मेदार?

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक बस के बिजली के तार की चपेट में आ जाने से हुए हादसे से एक बार फिर यही साबित हुआ है कि सरकार की ओर से जारी तमाम आश्वासनों के बावजूद बहुस्तरीय लापरवाही कायम है और उसमें कई बार नाहक ही लोग मारे जाते हैं। विवाह के मौके पर बस में अड़तीस यात्री सवार होकर जा रहे थे कि बस के ऊपर उच्च क्षमता का बिजली का तार गिर गया और बस में आग लग गई। किसी तरह लोगों ने जलती बस से निकलने की कोशिश की, मगर पांच लोग जिंदा जल गए। अब सरकार की ओर से मुआवजे की घोषणा की गई है, मगर अफसोस कि कई बार यह लापरवाही की भरपाई लगती है, क्योंकि संबंधित महकमों को जिस वक्त बिजली के खंभों या तारों के रखरखाव की जिम्मेदारी ईमानदारी से पूरी करनी चाहिए, निर्धारित वक्त पर जांच करते रहना चाहिए था, तब कोताही बरती जाती है। गाजीपुर में हुआ हादसा लापरवाही का नतीजा है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जरूरत है। विडंबना यह है कि जब कोई गंभीर हादसा हो जाता है तब आनन-फानन में मुआवजे की बात होने लगती है, मगर उसके लिए जिम्मेदारी तय करने को लेकर उतनी सजगता नहीं देखी जाती। सवाल है कि सड़क के ऊपर उच्च क्षमता का तार अगर गुजर रहा था तो उसे इस कदर असुरक्षित हालत में कैसे छोड़ा गया था कि वह लोगों के लिए जानलेवा बना? कई बार आम लोग भी सावधानी नहीं बरतते। मगर इंसानी गतिविधियों या आबादी वाले क्षेत्रों में अगर बिजली के खंभे आदि लगाए जाते हैं तो क्या इससे संबंधित कोई नियम-कायदा है कि उनका पूरी तरह दुरुस्त और सुरक्षित होना सुनिश्चित किया जाए? तकनीकी खराबी एक अचानक उपजी स्थिति हो सकती है, लेकिन उसे समय पर दुरुस्त करने को लेकर थोड़ी भी कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। ऐसी घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं, जब बिजली का तार हादसे की वजह बनता है। यह सुनिश्चित करना जरूरी नहीं समझा जाता कि खासकर उच्च क्षमता के तार इंसानी आबादी या व्यस्त सड़कों के ऊपर से न गुजरें या फिर खतरे की वजह न बनें।

## 2024 का लोकसभा चुनाव बहुत खास है

लोकसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है। उम्मीद के अनुसार ही तारीखें घोषित होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष में बयानबाजी बढ़ गई है। देश में होने वाले ये आम चुनाव इस बार कई मायनों में खास रहने वाले हैं। इस चुनाव से राजनीतिक स्थिरता से लेकर अगले 20 साल के विजन की तस्वीर साफ हो जाएगी।लोकसभा चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी और तेज हो गई। सत्ता पक्ष और विपक्ष की इस नोक-झोंक को लोकतंत्र की खूबसूरती मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए तो भी इन चुनावों से जुड़े कई अहम पहलू हैं, जो इसे खास बनाते हैं। राजनीतिक स्थिरता - 20वीं सदी का अंतिम दशक अगर राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय बन गया था तो 21वीं सदी अपने साथ स्थिरता लेकर आई। न केवल अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई वाली सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया बल्कि उसके बाद पहले डॉ. मनमोहन सिंह और फिर नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकारों ने देश को लगातार 10-10 साल का शासन दिया। 20 वर्षों का विजन - अब इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। दिलचस्प है कि सत्तारूढ़ क्ष्छ्क्ष्कइन चुनावों में जिन फैसलों पर सबसे ज्यादा जोर दे रही है, वे भले पांच वर्षों के मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दौरान लिए गए हों, लेकिन उन मुद्दों से जुड़े हैं जो वर्षों नहीं, दशकों से भाजपा के मूल मुद्दों के रूप में पहचाने जाते रहे हैं। चाहे राममंदिर, अनुच्छेद 370 और ष्ट की बात हो या ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर पूजा शुरू होने की- ये सारे मुद्दे भाजपा के इस दावे को मजबूती देते हैं कि वह जो कहती है, करके दिखाती है। विपक्षी दलों ने इन चुनावों में उन लोगों को संबोधित करने और अपनी ओर खींचने की रणनीति बनाई जो भाजपा के जाने-पहचाने नैरेटिव के प्रभाव से बाहर माने जाते हैं। इंडिया गठबंधन बना कर हर सीट पर साझा प्रत्याशी खड़ा करने की सोच के पीछे यही इरादा था।

## सीएए पर भ्रम फैलाने की राजनीति करने में क्यों जुटा हुआ है विपक्ष?

(सुरेश हिंदुस्तानी)

नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत यह भी स्पष्ट है कि इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यक समाज को ही भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया है, इसके विपरीत इन देशों में मुसलमान बहुसंख्यक हैं। भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक गुणा भाग का खेल प्रारंभ हो गया है। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस मामले में पूर्व नियोजित राजनीति ही कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार की ओर से बार बार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम नागरिकता देने वाला है, यह किसी की नागरिकता को समाप्त नहीं करेगा। इसके विपरीत केंद्र सरकार के प्रत्येक कदम का विरोध करने वाले राजनीतिक दल इसे भारतीय मुसलमानों के विरोध में उठाया गया कदम बताने का भ्रम पैदा करने वाला रवैया बता रहे हैं। यहां एक बात यह भी स्पष्ट करने वाली है कि इस अधिनियम में भारत के मुसलमान कहीं हैं ही नहीं, फिर क्यों इस अधिनियम में मनमाफिक निहितार्थ तलाश करने की राजनीति की जा रही है? क्या इस प्रकार की राजनीति देश को मजबूत बना सकती है, यकीनन नहीं। क्योंकि जिस देश में कुतर्क की राजनीति की जाती है, वहां भ्रम का वातावरण ही निर्मित होगा। देश के राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह स्वच्छ और रचनात्मक राजनीति करके देश को शक्तिशाली बनाने का प्रयास करें। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो वह अपने एजेंडे से अलग कुछ भी नहीं कर रही है, नागरिकता का मुद्दा उसके लिए पहले से ही प्राथमिकता में रहा है। इतना ही नहीं अभी तक भाजपा नीत केंद्र सरकार ने जो निर्णय लिए हैं, उन सभी को लेकर ही वह जनता के पास गई और भाजपा को ऐसा करने के लिए ही समर्थन मिला। नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत यह भी स्पष्ट है कि इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यक समाज को ही भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया है, इसके विपरीत इन

> *यह केवल वोट की खातिर ही किया जा रहा है और यही तुष्टीकरण की पराकाष्ठा है। लेकिन सवाल यह आता है कि जब ये घुसपैठ करने वाले व्यक्ति अपने देश के प्रति वफादार नहीं हुए तो भारत के वफादार कैसे हो सकते हैं? इसलिए शरणार्थियों के लिए तो जगह हो सकती है, लेकिन घुसपैठियों को पनाह देना बहुत बड़े खतरे को आमंत्रण देने के समान ही कहा जाएगा। वास्तविकता यह है ऐसे मामलों में राजनीति नहीं की जानी चाहिए।*

देशों में मुसलमान बहुसंख्यक हैं। वे हिन्दू सहित अन्य गैर मुस्लिमों को प्रताड़ित करते रहते हैं। इसी प्रताड़ना के कारण ही वे अपने देश को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इन प्रताड़ित लोगों के लिए किसी भी मुस्लिम देश में शरण नहीं मिलती। इसी कारण से भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। जबकि इन देशों में मुस्लिमों को प्रताड़ित नहीं किया जाता। इसके विपरीत भारत में तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले नेता इसका गलत अर्थ निकालकर भारतीय मुसलमानों को भ्रमित करने की राजनीति कर रहे हैं। जबकि इस बात को यह भी भली भांति जानते हैं कि इस कानून से भारत के मुसलमानों को कोई नुकसान होने वाला ही नहीं है। यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि दुनिया में मुसलमानों को शरण देने वाले कई देश हैं, जबकि प्रताड़ित समाज को शरण देने के कोई भी मुस्लिम देश तैयार नहीं। इसलिए भारत सरकार का यह निर्णय प्रथम दृष्ट्या उचित ही है। वर्तमान में शरणार्थी और घुसपैठियों का अंतर समझने की बहुत आवश्यकता है। शरण वही मांगता है जो मजबूर हो गया हो और घुसपैठ करने वाला व्यक्ति एक उद्देश्य को लेकर चलता है। आज देश के लगभग आठ राज्य ऐसे हैं जहां घुसपैठ करने वाले नागरिक भारत में रह रहे हैं। इतना ही नहीं इनको भारत में राजनीतिक संरक्षण भी आसानी से मिल जाता है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी खुलकर घुसपैठियों के समर्थन में खड़ी होती दिखाई देती हैं। यह केवल वोट की खातिर ही किया जा रहा है और यही तुष्टीकरण की पराकाष्ठा है। लेकिन सवाल यह आता है कि जब ये घुसपैठ करने वाले व्यक्ति अपने देश के प्रति वफादार नहीं हुए तो भारत के वफादार कैसे हो सकते हैं? इसलिए शरणार्थियों के लिए तो जगह हो सकती है, लेकिन घुसपैठियों को पनाह देना बहुत बड़े खतरे को आमंत्रण देने के समान ही कहा जाएगा। वास्तविकता यह है ऐसे मामलों में राजनीति नहीं की जानी चाहिए। भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध होना चाहिए, यह लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, लेकिन यह विरोध देश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। आज यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो रहा है कि विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता प्राप्त करने के लिए देश की जनता के सामने भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास करने लगे हैं। मोदी का विरोध करते करते जाने अनजाने में देश का विरोध करने लगते हैं। एक समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम ने यह स्पष्ट तौर पर अभिव्यक्त किया कि कांग्रेस के नेता हिंदुओं से नफरत करते हैं, सनातन का विरोध करते हैं। कांग्रेस को आचार्य प्रमोद कृष्णम की बात पर मंथन करना चाहिए था, लेकिन मंथन करना तो दूर उनको पार्टी से बाहर कर दिया। इसी प्रकार विपक्ष के अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी गाहे बगाहे सनातन के विरोध में अप्रिय बयान देते रहे हैं। यह भी एक प्रकार से तुष्टिकरण की राजनीति ही कही जाएगी। ऐसी राजनीति भारत को भारत से अलग करने वाली है। यहां यह भी समझना बहुत जरूरी है कि सनातन धर्म के बारे में गलत और विवादित बयान देने वालों के विरोध में कांग्रेस सहित अन्य दलों ने कोई बयान नहीं दिया। यह एक प्रकार से उनको समर्थन देना ही कहा जाएगा।

भारत की राजनीति के लिए यह कोई नई बात नहीं है कि सरकार के निर्णय का बिना किसी नीति या सिद्धांत के विरोध किया जाए। ऐसा पहले भी होता रहा है। हम जानते हैं कि राफेल मामले में भी ऐसा ही विरोध हुआ और इस मामले में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को भी लिया जा सकता है, लेकिन विपक्ष के राजनीतिज्ञ संभवतः यह भूल जाते हैं कि भारत की जनता चाहती क्या है? हम यह भी जानते हैं कि भारत की जनता राम से सीधा जुड़ाव रखती है। इसलिए यह कहा जा सकता है विपक्ष जनता के मनोभाव को समझने में अभी तक असफल ही रहा है। इसी प्रकार सीएए का मामला भी है। विपक्ष का यह कहना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं कहा जा सकता कि यह मुसलमानों के विरोध में है। इसके प्रावधान के तहत ऐसा कहीं भी नहीं लिखा है कि किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी या किसी की नागरिकता छीनी जाएगी। जो बातें की जा रही हैं, वे केवल राजनीति के अलावा और कुछ नहीं। हां, इस कानून के तहत विदेशी मुसलमानों को नागरिकता नहीं दिए जाने की परिकल्पना निहित है, परंतु इसमें भारतीय मुसलमान का कहीं कोई परिलक्षण नहीं है।

## अति उत्साह में आकर भाजपा कहीं 2004 के चुनावों के दौरान वाली गलती ना कर दे!

(राकेश सैन)

अतिउत्साही भाजपा को यह विस्मृत नहीं होना चाहिए कि साल 2004 में भी उसके पास नरेन्द्र मोदी व अमित शाह की तरह अटल बिहारी वाजपेयी व लालकृष्ण आडवाणी जैसे करिश्माई नेतृत्व की छत्रछाया थी। उस लोकसभा चुनावों में भारत उदय का आकर्षक नारा दिया गया था। एक कहानी है, देवराज इन्द्र के गजराज अक्सर गन्ने खाने के लिए पृथ्वीलोक पर एक खेत में आते थे। उस खेत का मालिक बहुत परेशान था, क्योंकि फसल का नुकसान तो होता परन्तु उसे चोर के कहीं पदचिन्ह नहीं मिलते। एक रात गुस्साया किसान चोर को पकड़ने के लिए खेत में छिप कर बैठ गया, जब गजराज धरती पर उतरे तो किसान ने उस एरावत की पूंछ पकड़ ली। गजराज घबरा गए और जान बचाने के लिए तुरन्त इन्द्रलोक की ओर उड़ लिए और उसके साथ-साथ किसान भी पूंछ पकड़े उड़ चला। गजराज को चिन्ता हो गई कि जीवित व्यक्ति स्वर्गलोक पहुंचा तो सारी मर्यादा भंग हो जाएगी, तो उसने अपनी पूंछ मुक्त करवाने के लिए खूब मेहनत की। गजराज उड़ते-उड़ते कभी उल्टा-पुल्टा हुए तो कभी शरीर को झटकाया, लेकिन ज्यों-ज्यों झटके लगे किसान की पकड़ त्यों-त्यों मजबूत होती जाए। अब गजराज ने युक्ति से काम लिया और रणनीति बदली। उसने किसान से बातचीत करनी शुरू कर दी। एरावत ने पूछ लिया कि तुम इतने मीठे गन्ने उगाते कैसे हो? अपनी बड़ाई सुन फूल कर कुप्पा हुए किसान ने सारी तकनीक बता दी। बातचीत करते-करते दोनों में मित्रता हो गई। मौका देख कर एरावत ने कहा, आज तक जितने गन्ने मैंने तुम्हारे खेत के खाए हैं चलो मैं महाराज इन्द्रदेव से बोल कर उतना सोना तुम्हें पुरस्कार में दिलवा देता हूं। सोने का नाम सुनते ही किसान इतना खुश हुआ कि ताली बजाने लगा, उसने जैसे ही ताली बजाने के लिए हाथ खोले तो धड़ाम से धरती पर आ गिरा और गजराज महोदय स्वर्गलोक को प्रस्थान कर गए। जो किसान हाथी के साथ संघर्ष के समय विकट परिस्थितियों में भी उसकी पूंछ पकड़े रहा वह अनुकूल परिस्थिति होते ही धड़ाम से धरती पर आ गिरा। प्रतिकूल परिस्थितियों के खतरे तो सर्वज्ञात हैं परन्तु कहानी बताती है कि अनुकूल हालात भी खतरे से खाली नहीं होते, प्रतिकूल हालातों में इंसान संघर्ष करता है परन्तु महौल बदलेत ही अक्सर असावधान हो जाता है और यहीं चूक कर जाता है। देश में लोकसभा चुनावों का शंखनाद हो चुका है। आज परिस्थितियां सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में बताई जा रही हैं। वर्तमान में द्रुत गति से हो रहा विकास, कुलांचे भरती अर्थव्यवस्था, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को लक्ष्य बना अग्रसर हो रहा भारत व विदेशी कूटनीतिक मोर्चों पर देश को मिलती सफलता या बात करें सांस्कृतिक उत्थान और साम्प्रदायिक सौहार्द की, तो थोड़ी बहुत नुक्ताचीनी के बाद कमोबेश हर विरोधी भी मान रहा है कि वर्तमान सरकार का कार्यकाल अच्छा रहा है। इन परिस्थितियों से ही तो उत्साहित हो कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार चार सौ पार का उत्साही नारा दिया है, सत्ताधारियों की दृष्टि से हर कहीं बम-बम है, बस यहीं से शुरू हो सकता है अनुकूल परिस्थिति के खतरे पैदा होने का क्रम। अतिउत्साही भाजपा को यह विस्मृत नहीं होना चाहिए कि साल 2004 में भी उसके पास नरेन्द्र मोदी व अमित शाह की तरह अटल बिहारी वाजपेयी व लालकृष्ण आडवाणी जैसे करिश्माई नेतृत्व की छत्रछाया थी। उस लोकसभा चुनावों में भारत उदय का आकर्षक नारा दिया गया था, अर्थव्यवस्था व विकास तब भी मृगझुण्डों के साथ चुंगियां भरने की स्पर्धा कर रहे थे परन्तु पार्टी की दृष्टि से परिणाम निराशाजनक रहे। छोटे-छोटे दलों को साथ लेकर कांग्रेस की तत्कालीन अध्यक्षा सोनिया गान्धी ने राजग को ऐसी पटकनी दी कि अगले दस साल तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार सत्ता में रही।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। आपको धन के मामले में लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अकस्मात खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

### वृष
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको परिवार के लोगों का साथ मिलेगा और दोपहर तक आपको कोई भाग्यवश शुभ समाचार मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सायंकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है। रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### मिथुन
आज दिन शुभ है और आज आपको ईश्वर के आशीर्वाद से किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति की प्राप्ति होगी। आज के दिन व्यस्तता काफी अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। बेहतर होगा कि वाहन के प्रयोग में सावधान रहें। अच्छे लोगों का साथ मिलने से आपका मनोबल बढ़ेगा।

### तुला
आज भाग्य साथ दे रहा है और आज का दिन आपके लिए सुख शांति से बीतेगा। आपको दूसरों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। रात्रि में भाई का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### वृश्चिक
आज लाभ का दिन है और आपके धन में वृद्धि होगी। आज आपको पुण्य कार्य पर खर्च करने का मौका मिलेगा और आपके धन में वृद्धि होगी। पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। आज आपको उपहार और सम्मान का लाभ होगा।

### धनु
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी। आपकी व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और कारोबार में भाग्य आपका साथ देगा। आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शीघ्र और भावुकता में लिए गए निर्णय से आपको नुकसान हो सकता है। देर रात तक देव दर्शन का लाभ लें।

### कर्क
आज भाग्य साथ रे रहा है और आज आपको राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। समाज के प्रति दायित्व की भी पूर्ति भी होगी और आज आपकी किसी प्रतियोगिता में जीत होने से दिन प्रसन्नता में बीतेगा। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे और शाम के वक्त आपके सभी कार्य संपन्न होंगे और आपको लाभ होगा।

### सिंह
आज धन में वृद्धि होगी और कार्य से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। सायंकाल के समय माता की सेहत में सुधार होगा। पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज सुख समृद्धि में वृद्धि होगी और काम से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। बिजनस में बढ़ती प्रोग्रेस से लाभ होगा। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सायंकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

### मकर
आज आपकी शिक्षा और प्रतियोगिता में जीत होने से खुशी के मौके हासिल होंगे। आय के नए स्रोत बनेंगे और प्रसन्नता में आपका पूरा दिन बीतेगा। आपको अच्छा वक्ता होने की वजह से ऑफिस के कार्य में लाभ होगा। भागदौड़ अधिक होने की वजह से आपको थकान का अनुभव होगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### कुंभ
आज लाभ होगा और आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपके सम्मान में वृद्धि होगी। धन सम्मान यश कीर्ति बढ़ेगी और लोग आपसे प्रसन्न होंगे। आपका कोई रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सायंकाल प्रियजनों से भेंट एवं रात का समय सैर सपाटे मौज मस्ती में बीतेगा।

### मीन
आज आपका धन गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपके लिए ऑफिस में किसी कारण से तनाव बढ़ सकता है। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। आपको दिन में कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें आपकी विजय हो जाएगी। आपके विरूद्ध षडयंत्र विफल हो जाएंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5317

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5316

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5317




**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 29 अप्रैल 1639 को दिल्ली में इस महत्वपूर्ण इमारत की नींच रखी गई (4)
4. यह उड़ीसी राज्य का परिवर्ति नाम है (3)
6. काबिल, योग्य, समर्थ (3)
7. उर्दू का एक अक्षर, अलक (2)
8. धरोहर, किसी को कोई वस्त सुपुर्द करना (4)
9. 26 मार्च 2019 को इस अभिनेत्री व नेत्री ने भाजपा का दामन थाम लिया (4)
13. विकार परीक्षा, गुणज्ञता (3)
14. हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री (जन्म 4 अगस्त 1932)(4)
16. कोई आपराधिक घटना, कोई दिलचस्प प्रसंग (3)
17. किसी वस्तु आदि के जले हुए अंश, भस्म (2)
20. पास की वस्तु के लिए भेजा गया संकेत (2)
21. कार्तिक शुक्ल द्वितीय को होने वाले भाई दूज पर्व को यह भी कहा जाता है (5)
26. पंजाब की पांच नदियों में से एक (2)

**ऊपर से नीचे**

1. पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना करने वाले भारत के जैन धर्म के अग्रवंश जन्में एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी जिन्हें पंजाब केसरी भी कहा जाता है (8)
2. ध्यान में लीन होना, संश्लेष (2)
3. जोर देकर पैर से ठोकर मारने की क्रिया (2)
4. भगवान शिव का पंचाक्षरी मंत्र (7)
5. राज से संबंधित, राजकीय, सरकारी (2)
7. तिब्बत के बौद्धों का धर्माचार्य (2)
8. चुकता किया हुआ, मोहित करने का प्रयत्न (2)
10. मित्र, दोस्त, उपजाति (2)
11. तीक्ष्ण, तेजस्वी, प्रबल (3)
12. यह मलेशिया का प्राचीन नाम है (3)
15. क से ह तक की वर्णमाला (4)
18. अलबेट, वक्रता, अवनमित (4)
19. एक बहुमूल्य रत्न, हमारे प्रथम प्रधानमंत्री के पिता (सिफ आरंभिक नाम) (2)

### वर्ग पहेली 5316 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फू | दो | र | जी | | जा | त | क |
| ल | ग | न | व | ट | | मी | त |
| ना | ला | | न | क | ब | ज | न |
| फ | | अ | | रा | ल | | |
| ल | क | वा | | क | वा | य | द |
| ना | न | क | | र | | मु | |
| | सा | | | लौ | टा | ना | |
| शो | र | | भू | टा | न | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, मो.-9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकियों से लड़े पूर्व मार्कोस कमांडो ने कराया योगाभ्यास

**धनबाद, एजेंसी।** भारत स्वाभिमान न्यास व पतंजलि योग समिति ने धनबाद मेडिकल कॉलेज परिसर में बुधवार की सुबह योग शिविर सह संगोष्ठी का आयोजन किया। योग प्रशिक्षक सह पूर्व मार्कोस कमांडो प्रवीण तेवतिया ने योगाभ्यास कराया। तेवतिया 26/11 को मुंबई के होटल ताज पर आतंकी हमले में आतंकियों से लड़ने वाली मार्कोस कमांडो टीम में शामिल थे। उन्हें शौर्य चक्र से भी सम्मानित किया गया है। आतंकियों से लड़ने के दौरान उन्हें गोली लगी थी। वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। शिविर के उद्घाटन समारोह में पूर्व मार्कोस कमांडो ने होटल ताज की घटना के बारे में विस्तार से बताते हुए योग के महत्व से लोगों को रू-ब-रू कराया। उन्होंने निरोग रहने के लिए योग अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि सैनिक के दो ही काम होते हैं या तो अपने देश के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ता है या दुश्मन से अंतिम सांस तक लड़ता है। 26/11 की घटना के दौरान ताज होटल में मुझे दोनों मौके मिले। ताज होटल में फंसे 185 लोगों की जान बचाई गई। इस दौरान गोलियां लगीं, जो एक सैनिक के लिए आम बात है। गोली लगने के बाद योग का सहारा लेकर खुद को दोबारा खड़ा किया। इसलिए सबको कहता हूं, योग का हाथ पकड़ लो। अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रवीण तेवतिया को दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया और अमेरिका आयरनमैन की उपाधि दी गई है। यह उपाधि उन्हें मिलता है, जो एक दिन में 17 घंटे समुद्र में चार किलोमीटर की तैराकी, 180 किलोमीटर साइकिलिंग और 42 किलोमीटर की दौड़ का लक्ष्य पूरा करता है। उन्होंने मात्र 14 घंटे में यह लक्ष्य प्राप्त किया है।

### धनबाद एरिया बोर्ड के अधीन 9600 लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद एरिया बोर्ड और चास सर्किल के 9600 घरों में अबतक बिजली नहीं पहुंची है। लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से धनबाद के 7100 और चास के 2500 लोग परेशान हैं। आए दिन नए-नए मुहल्ले बस रहे हैं। लोग घर बनाकर रह रहे हैं, लेकिन बिजली पोल व ट्रासंफॉर्मर घर से काफी दूर हैं। ऐसे में विभाग कनेक्शन देने में पीछे हट रहा है। इसकी रिपोर्ट बनाकर जेबीवीएनएल मुख्यालय को भेजी गई है। 15 दिसंबर को नियामक आयोग की सुनवाई में यह मुद्दा उठा था। इसके अलावा जहां-जहां बांस के सहारे घर तक बिजली पहुंची है, वहां पोल लगाए जाएंगे। जर्जर तार बदल कर नए तार लगाए जाएंगे, लेकिन अबतक धरातल पर कुछ काम नहीं हुआ है। आरडीएसएस स्कीम से कई कार्य होंगे।

**मुख्यमंत्री ग्राम उज्ज्वला योजना से कनेक्शन** – जिन घरों में बिजली कनेक्शन नहीं है, वैसे घरों तक बिजली पहुंचाने की योजना है। राज्य में मुख्यमंत्री ग्राम उज्ज्वला योजना से तार, पोल व ट्रांसफॉर्मर लगाकर हर घर में बिजली कनेक्शन करना है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। अधिकारियों का कहना है कि आए दिन नए-नए मुहल्ले बस रहे हैं। लोग घर बनाकर रह रहे हैं, लेकिन बिजली पोल व ट्रासंफॉर्मर घर से काफी दूर हैं। ऐसे में विभाग कनेक्शन देने में पीछे हट रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों के घर पोल व ट्रांसफॉर्मर से दूर हैं, कनेक्शन का आवेदन करने पर लाइन खींचने का बजट बनाकर दिया जाता है। राशि भुगतान करने पर ही घर तक लाइन खींची जाती है। जो राशि भुगतान नहीं कर पाते हैं, वैसे लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ग्राम उज्ज्वला योजना से लोगों में राहत होगी।

### केमिकल रंग की मिलावट वाले ड्राई फ्रुट्स कर सकते हैं बीमार

धनबाद, एजेंसी। बेहतर स्वाद और शरीर में पोषण तत्वों की कमी दूर करने के लिए लोग ड्राई फरूट्स खाते हैं। पर्व और त्योहारों में खपत बढ़ जाती है। होली में तो ड्राई फरूट्स की बिक्री काफी अधिक होती है। ड्राई फरूट्स की बढ़ी मांग में ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए कारोबारी मिलावट करते हैं। यह मिलावटी ड्राई फ्रुट्स आपको बीमार कर सकता है। आमतौर पर अच्छे ड्राई फरूट्स में खराब दाने मिलाकर ग्राहकों को बेचा जाता है, जिससे स्वास्थ्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है, लेकिन जेब पर भारी पड़ता है। अच्छे दाम पर लोगों को खराब ड्राई फ्रुट्स थमा दिया जाता है। कुछ कारोबारी खराब ड्राई फ्रुट्स पर ज्यादा पैसे कमाने के लिए रंग का भी इस्तेमाल करने से नहीं चूकते हैं।

# भ्रष्टाचार चरम पर : जमीन से जुड़े हर काम का रेट तय, घूसखोर अंचल ऑफिस, म्यूटेशन हो या नाम सुधार

**रांची, एजेंसी।** रांची सहित राज्य के अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। जमीन का म्यूटेशन-सक्सेशन कराना हो या डीड में नाम चढ़ाना हो या फिर उसमें सुधार कराना हो, प्लॉट के आकार के अनुसार 5 हजार रुपए तक प्रति डिसमिल तक घूस ली जा रही है।

दरअसल, भू-राजस्व विभाग द्वारा सभी अंचलों की जमीन से जुड़े रेकर्ड ऑनलाइन कराए गए थे। लेकिन मॉनिटरिंग नहीं होने से काफी रैयतों की जमीन का डेटा ऑनलाइन नहीं चढ़ा। सरकार ने स्व दाखिल-खारिज कराने का सिस्टम लागू किया, ताकि रजिस्ट्री होने के बाद अंचल कार्यालयों से स्वयं म्यूटेशन हो जाए, लेकिन बिना पैसा दिए म्यूटेशन-सक्सेशन का काम नहीं होता। अंचलों की स्थिति ऐसी हो गई है कि बिना पैसा दिए जमीन की मापी भी नहीं होती है।

इसी का नतीजा है कि पिछले 23 दिनों में रांची सहित तीन जिलों के अंचल कार्यालयों से राजस्व उप निरीक्षक घूस लेते गिरफ्तार हो चुके हैं। इधर, ऑनलाइन रेकर्ड की गड़बड़ी पर भू-राजस्व सचिव मनीष रंजन से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।




अनगड़ा अंचल के राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप साहू और अमीन प्रभु पाहन को दस हजार रुपए घूस लेते एसीबी ने पकड़ा था। 26.52 एकड़ जमीन का डेटा ऑनलाइन कराने के लिए रैयत मनोज मुंडा से राजस्व उप निरीक्षक ने आठ हजार रुपए प्रति डिसमिल की दर से घूस मांगी। लेकिन अधिक रकम होने की वजह से मात्र दो प्लॉट को ऑनलाइन करने के बदले 1.40 लाख रुपए की मांग की गई। एक लाख में डील फाइनल हुआ। इसके एवज में पहली किस्त दस हजार रुपए लेते कर्मचारी को पकड़ा गया।

लोहरदगा अंचल के राजस्व निरीक्षक रामा महतो को 8 मार्च को एसीबी ने छह हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया। सरोज कुमार खत्री की बहु की चार डिसमिल जमीन का म्यूटेशन करने के एवज में घूस की मांग की गई थी। पहले तो छह माह तक अंचल कार्यालय में आवेदक को दौड़ाया गया। घूस की रकम तय होने के बाद म्यूटेशन करने के लिए तैयार हुआ। एसीबी ने घूस लेते कर्मचारी को पकड़ लिया।

अरगोड़ा, नामकुम, ओरमांझी, कांके, रातू, नगड़ी, हेहल और शहर अंचल में जमीन विवाद के कई मामले हैं। ऑनलाइन रेकर्ड में रैयत के नाम, खाता-प्लॉट और रकबा में गड़बड़ी है। इसमें सुधार कराने के लिए आवेदन देने पर कई माह तक दौड़ाया जाता है। इसके बाद दलाल रेट तय करता है। पैसा देने पर ही काम होता है।

जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री के बाद अंचल कार्यालयो में उसकी एक प्रति ऑनलाइन जाती है, पर म्यूटेशन नहीं होता है। जब तक अंचल के दलाल व कर्मी से मिलकर नजराना नहीं चढ़ाया जाता, फाइल आगे नहीं बढ़ती।

जमीन की मापी कराने का ऑनलाइन आवेदन देने के बाद जब तक अमीन को उसके मुताबिक खर्च नहीं मिलता, मापी की रिपोर्ट तैयार नहीं होती। बंटवारे की जमीन के सक्सेशन कराने के मामले में भी हजारों रुपए की मांग की जाती है।

# एमएस धोनी की ओर से दर्ज केस में समन जारी

**अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड पर 15 करोड़ के फ्रॉड का आरोप**

**रांची, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दर्ज अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर, सौम्या दास और उनकी कंपनी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलेगा। न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत ने बुधवार को 15 करोड़ रुपए के फर्जीवाड़े में मिहिर दिवाकर समेत तीनों के खिलाफ संज्ञान लिया है। दोनों पर फर्जीवाड़ा करके महेंद्र सिंह धौनी को 15 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप है।



संज्ञान लेने के बाद अदालत ने आरोपियों की उपस्थिति को लेकर समन जारी किया है। अदालत ने बीते छह मार्च को सुनवाई के पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। यह शिकायतवाद एमएस धोनी की ओर से सीमांत लोहानी ने दर्ज कराया है। दर्ज शिकायतवाद पर पांच जनवरी को धोनी के प्रतिनिधि सीमांत लोहानी का बयान शपथपत्र पर दर्ज किया गया। इसमें उन्होंने मिहिर दिवाकर एवं सौम्या दास के ऊपर लगाए आरोपों के बारे में बयान दिया था। आगे की सुनवाई में शिकायतकर्ता की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया गया था। इसके आधार पर अदालत ने संज्ञान लिया है। मामले में अब तीनों पर समन जारी किया जाएगा। इसके लिए अदालत ने 19 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। साथ ही शिकायतकर्ता को नोटिस का जवाब दाखिल करना है।

#### धोनी के प्रतिनिधि ने अक्तूबर 2023 में किया है केस

एमएस धोनी ने अपने प्रतिनिधि सीमांत लोहानी को मुकदमा दर्ज करने का अधिकार दिया है। इसके बाद सीमांत लोहानी ने 27 अक्तूबर 2023 को उक्त मुकदमा दर्ज कराया। इसमें कहा है कि मिहिर दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए साल 2017 में एमएस धोनी के साथ एक समझौता किया था। समझौते के बाद उसे फ्रेंचाइजी दी गई थी। प्रॉफिट शेयर का 70-30 का अनुपात तय हुआ था। लेकिन, समझौते की सभी शर्तों की धज्जियां उड़ा दी।

जब धौनी को इसकी जानकारी हुई तो समझौता को अगस्त 2021 में वापस ले लिया। इसके बावजूद आरोपी एमएस धोनी क्रिकेट अकादमी खोले जा रहे थे। इसके बाद धोनी ने उनलोगों को कानूनी नोटिस भेजा। इसका जवाब भी दिया गया। लेकिन, अकादमी खोलना बंद नहीं हुआ। इससे 15 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति हुई है, जो भविष्य में और बढ़ सकता है। बता दें कि यह मुकदमा धोखाधड़ी, विश्वासघात, जाली कागजात तैयार करके फर्जीवाड़ा करना समेत अन्य आरोपों के तहत किया गया है।

## दारोगा मीरा सिंह के ठिकानों पर ईडी की छापामारी, अब तक करीब 15 लाख कैश व आठ मोबाइल बरामदगी की सूचना

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची में सुबह-सुबह ईडी की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर दी है।तुपुदाना रांची की थाना प्रभारी दारोगा मीरा सिंह के ठिकानों पर टीम पहुंची हुई है। यह छापामारी जमीन घोटाले के सिलसिले में की जा रही है। बता दें कि मीरा सिंह 2012 बैच की दारोगा हैं।

मीरा सिंह सत्ता के करीबी रही हैं, इतना कि एक दफा डीजीपी को भी उनके तबादले का आदेश वापस लेना पड़ा था।25 फरवरी, 2021 को खूंटी में थाना प्रभारी रहते हुए मीरा सिंह को एसीबी ने 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। रांची जिला में स्थानांतरित होने के बाद दारोगा मीरा सिंह को दो साल पहले तुपुदाना ओपी का थाना प्रभारी बनाया गया था। मीरा सिंह पर तुपुदाना ओपी प्रभारी रहते भी गंभीर आरोप लग चुके हैं। उन्हें पद से हटाने की भी अनुशंसा हुई है। डीजीपी ने हज़ारीबाग़ स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया था। अपनी पहुंच के बल पर मीरा सिंह ने स्थानांतरण को रुकवाया। डीजीपी को अपना आदेश वापस लेना पड़ा। मीरा सिंह का विवादों से गहरा नाता रहा है। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री सह ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास भी पूर्व में कई बार सरकार को पत्र लिखकर मीरा सिंह पर करवाई की मांग कर चुके हैं। झारखंड उच्च न्यायालय, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में भी दारोगा मीरा सिंह पर पहले से मुकदमा चल रहा है।

## जोर का झटका जोर से : अब टाटा स्टील ने बिजली दर में 10 फीसदी बढ़ोतरी का दिया प्रस्ताव

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा स्टील लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022-26 के बीच नए पावर सब स्टेशन बनाने, नया लाइन बिछाने व 10 सब स्टेशनों में नाइट्रोजन इंजेक्शन पावर प्रोटेक्शन सिस्टम लगाना चाहती है जिस पर पांच वर्षों में 384.07 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ऐसे में कंपनी प्रबंधन ने बिजली की वर्तमान टैरिफ में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है।

टाटा स्टील लिमिटेड द्वारा बिजली बढ़ोतरी पर दिए गए प्रस्ताव पर बुधवार को गोलमुरी क्लब में झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जनसुनवाई आयोजित की गई।

इसमें कंपनी की ओर से सुमन मंडल ने तर्क दिया कि नए प्रोजेक्ट में होने वाले खर्च सहित होलसेल प्राइस, कंज्यूमर इंडेक्स सहित महंगाई के अनुसार वेतनमान में प्रतिवर्ष पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है इसलिए उनकी टैरिफ में भी बढ़ोतरी की जाए ताकि रेवेन्यू में हो रहे गैप को कम किया जा सके।

सुमन मंडल के अनुसार, 10 प्रतिशत बढ़ोतरी होने पर भी अगले चार-पांच सालों में कंपनी का रेवेन्यू गैप 226.16 करोड़ रुपये रहेगा। यदि इस गैप को नहीं ठीक किया गया तो कैरिंग कास्ट बढ़ता रहेगा।

इस दौरान आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ गुप्ता, सदस्य (विधि) महेंद्र प्रसाद व सदस्य (तकनीकी) अतुल कुमार की उपस्थिति में सभी उपभोक्ताओं से इस विषय पर सुझाव मांगा गया।

जनसुनवाई के दौरान गुप्तेश्वर सिंह, एमएस वालिया, पीएन झा, वीरेंद्र सिंह, एसएस चावला, शशि आचार्य सहित अन्य उपभोक्ताओं ने घरेलू श्रेणी में कम से कम बढ़ोतरी की मांग की। साथ ही उपभोक्ताओं ने कंपनी द्वारा दी जा रही बिजली की गुणवत्ता व सर्विस को भी सराहा।



जनसुनवाई के दौरान उपभोक्ता राजेश कुमार ने छह-छह माह में बिजली दर बढ़ाने का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कंपनी अपने 11 हजार कर्मचारियों को सब्सिडी दर पर बिजली देती है और इसका बोझ आम उपभोक्ताओं पर पड़ता है।

कंपनी ने 10 साल में छह बार मीटर बदला और इसका बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ा। कंपनी जो भी आंकड़े देती है उसकी समीक्षा कर जांच होनी चाहिए।

राजेश ने आरोप लगाया कि कंपनी सेफ्टी पेनाल्टी, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी, मीटर मेंटेनेंस व मीटर हायर चार्ज के नाम पर करोड़ो रुपये कमाती है। इसका जवाब देते हुए वीपी सिंह ने सभी आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश पर कंपनी ने मीटर हायर चार्ज को बंद कर दिया है।

जनसुनवाई के दौरान आयोग के तकनीकी सदस्य अतुल कुमार ने स्पष्ट किया कि सभी लाइसेंसी कंपनियां सूचना के अधिकार के अंतर्गत आते हैं इसलिए कोई भी उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि तथ्य परक जानकारी देने के लिए सभी लाइसेंस कंपनियां बाध्य है।

अध्यक्ष जनसुनवाई के दौरान आयोग अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता ने कहा कि बिजली की दर में कितनी बढ़ोतरी होगी, इस पर कंपनी के प्रस्ताव और उपभोक्ताओं के सुझाव पर आयोग निर्णय लेगी। उपभोक्ता चाहे तो एक सप्ताह में अपने सुझाव को लिखित रूप से आयोग को भी भेज सकते हैं।

रेवेन्यू गैप को देखते हुए इस पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं, उन्होंने बताया कि कोविड 19 के कारण दो वर्षों तक जनसुनवाई नहीं हो पाई थी इसलिए छह-छह माह में बढ़ोतरी पर चर्चा हुई। एरियर अवधि खत्म होगी तो टैरिफ बढ़ोतरी पर साल-दर-साल निर्णय लिया जाएगा।

जनसुनवाई के दौरान आयोग सदस्य (विधि) महेंद्र प्रसाद ने कहा कि कंपनी अपनी दक्षता बढ़ाएं ताकि बार-बार टैरिफ बढ़ोतरी करने की जरूरत नहीं करनी पड़े।

उन्होंने कंपनी की तारीफ करते हुए कहा कि कंपनी का ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन लास (टीएंडडी) और आपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओएंडएम) खर्च काफी कम है, लेकिन यदि कंपनी अपनी दक्षता को और बेहतर करेगी तो इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा और वे इससे खुश होंगे। वहीं, सदस्य (तकनीकी) ने कहा कि देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लग चुकी है इसलिए वे इसे देखते हुए बढ़ोतरी पर निर्णय लेगी।

## होली पर मिलावट का जहर, पैकेजिंग के नाम पर ड्राई फ्रुट में होता है खेल

**रांची, एजेंसी।** होली पर मिठाई और पकवानों के साथ ड्राई फ्रुट भी खूब पसंद किया जाता है। हर घर में इस दिन के लिए बाजार से ड्राई फ्रुट की जमकर खरीदारी की जाती है। लेकिन इसमें भी बाजार में खेल किया जाता है। कम गुणवत्ता वाले ड्राई फ्रुट को सस्ते दर पर थोक में खरीद कर दुकानदार ब्रांडेड व विदेशी बताकर बेच देते हैं। क्वालिटी के साथ पैकेजिंग के नाम पर भी खेल किया जाता है। रंगों के त्योहार के अवसर पर लोगों को



काफी सचेत रहने की जरूरत है। शहर में 250 ग्राम के पैक में 25 से 30 ग्राम के प्लास्टिक का प्रयोग कर भार को बढ़ा दिया जा रहा है। अच्छा पैकेट देखकर ग्राहक ठगे जा रहे हैं। पूरा दाम लेकर ग्राहकों को कम वजन में ड्राई फ्रुट उपलब्ध कराया जा रहा है। यही हाल आधा किलो के पैक और एक किलो के पैक का भी है। साथ ही कुछ जगहों पर कई माह पुराने ड्राइ फ्रुट्स के पैकेट ग्राहकों को थमा दिए जा रहे हैं।

#### ग्रेड के आधार पर तय होती है ड्राई फ्रुट की कीमत

ड्राई फरूट्स का दाम ग्रेड पर तय होता है। प्रसिद्ध स्थल के गुणवत्तायुक्त और पुष्ट दाना वाले ड्राई फ्रुट्स महंगे हैं। इसके बाद की श्रेणी में क्रमवार कीमत कम होती है। खुदरा दुकान और ग्रोसरी वाले कम श्रेणी वाले प्रोड्क्ट खरीदते हैं और उन्हें अच्छी श्रेणी वाली कीमत पर ग्राहकों को बेच देते हैं।

#### कपड़ा रंगने वाले डाई का हो रहा इस्तेमाल

पिछले दिनों ड्राई फ्रुट में मिलावट का मामला भी सामने आया है। शहर में नकली बादाम और पिस्ता के मामले आए हैं। दुकान पर आने वाले को ओरिजिनल सैंपल दिखाया जाता है और पैकेट में कुछ और रहता है। पिस्ता में कपड़ों को रंगने वाले डाई को मिलाया जा रहा है। बाजार में यदि नकली ड्राई फ्रुट बिक रहा है तो उसकी पहचान आसानी से कर सकते हैं। नकली ड्राई फरूट्स का रंग नेचुरल कलर से ज्यादा डार्क दिखाई देता है। वहीं अगर किशमिश, अंजीर और पिस्ता चबाने में बहुत हार्ड है, तो इसका मतलब है कि वह काफी पुराना है या उसे हाई टेम्प्रेचर में रखा गया है। इसलिए ड्राई फरूट्स खरीदने से पहले उसे सूंघें, स्मेल से पता चल जाएगा कि वह अच्छा है या नहीं। मिलावटी और रंग किए हुए ड्राइ फ्रुट्स खाने से स्वास्थ्य पर तुरंत असर नहीं दिखता। ये स्लो पॉइजन की तरह काम करते हैं। साथ ही यह व्यक्ति की उम्र, इम्यूनिटी और ड्राई फ्रुटस लेने पर निर्भर करता है।

#### फूड सेफ्टी विभाग ने छापा मारा पांच दुकानों पर लगा जुर्माना

राजधानी रांची के अलग-अलग इलाकों में फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने बुधवार को प्रतिष्ठानों में छापेमारी करके खाद्य पदार्थों की जांच की। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन की देखरेख में की गई। इस दौरान डेढ़ दर्जन से अधिक दुकानों में खाद्य पदार्थों की बारीकी से जांच की गई। छापेमारी के दौरान दो दुकानों को लाइसेंस लेने को लेकर नोटिस जारी किया गया है। वहीं, पांच अन्य प्रतिष्ठानों में मिलावट वाला सामान पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया गया। बता दें कि छापेमारी में कई कई दुकानों में पनीर में मिलावट पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। वहीं एक दुकान से पनीर का सैंपल जांच के लिए लिया गया है। सुबीर रंजन ने बताया कि बुधवार को सौ से अधिक सैंपल की जांच की गई है। शहर में गुरुवार को भी छापेमारी जारी रहेगा।

# झारखंड के सरकारी स्कूलों को सुधारने का प्लान, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट में लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई

**रांची, एजेंसी।** सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार और बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए राज्य में लागू किये गए प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की निगरानी के लिए राज्यस्तर पर अनुश्रवण टीम गठित की गई है। टीम हर सप्ताह स्कूलों में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की मॉनिटरिंग कर राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के साथ इस प्रोजेक्ट के आउटकम की जानकारी सांझा करेगी।

अप्रैल महीने में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की जमीनी पड़ताल के लिए राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम विभिन्न जिलों में जायेगी। प्रोजेक्ट इम्पैक्ट में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी।

**प्रोजेक्ट इम्पैक्ट को लेकर हुई बैठक**– राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इम्पैक्ट को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक की। वे 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, वार्डन और सात उत्कृष्ट स्कूलों के स्कूल प्रबंधको के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह खुद अप्रैल में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट की स्थिति का जायजा लेने के लिए तीन-तीन स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। प्रोजेक्ट इम्पैक्ट का मकसद स्कूलों में अनुशासनात्मक और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। सिर्फ उत्कृष्ट नाम होने से स्कूल उत्कृष्ट नहीं होते, किसी भी विद्यालय को उस स्कूल के बच्चे, शिक्षक और शैक्षणिक वातावरण मिलकर उत्कृष्ट बनाते हैं।



**स्कूलों में रिस्पांसिबिलिटी रजिस्टर तैयार होगा**– आदित्य रंजन ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों को रिस्पांसिबिलिटी रजिस्टर तैयार करने का निर्देश दिया है। कहा, विद्यालयों में प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रबंधकों, पठन-पाठन में संलिप्त शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों से लेकर हाउस कप्तान और क्लास मॉनिटर तक की जिम्मेदारियां तय की जाए। स्कूलों के हाउस कप्तानों और क्लास मॉनिटर के अंदर नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए उन्हें लगातार प्रोत्साहित किया जाए।

## विधानसभा नियुक्ति मामला : झारखंड हाईकोर्ट ने मांगी दोनों जांच आयोग की रिपोर्ट

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति मामले में गठित दोनों जांच आयोग की रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने 18 अप्रैल तक सरकार को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

पिछली सुनवाई में अदालत ने सरकार को यह बताने को कहा था कि जब पहले ही एक आयोग की रिपोर्ट आ गयी थी, दूसरे आयोग का गठन क्यों किया गया। इसपर महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में कई खामियां थीं। इस रिपोर्ट को छह माह के अंदर विधानसभा के पटल पर भी नहीं रखा जा सका था। पूर्व में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया था कि इस मामले में जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय आयोग की जो रिपोर्ट आयी है, उसे कैबिनेट के समक्ष पेश किया गया है। कैबिनेट ने उस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। सरकार के जवाब पर अदालत में कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई थी और बिंदुवार जानकारी 20 मार्च से पूर्व राज्य सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से देने का निर्देश दिया था।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह जानना चाहा था कि जब इस मामले में एक कमीशन बनाया गया, उसने जांच रिपोर्ट दी। रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी गयी। राज्यपाल ने कार्रवाई के लिए विधानसभा अध्यक्ष को निर्देशित किया, उसके बाद फिर दूसरी जांच कमेटी क्यों बनाई गई। उस जांच रिपोर्ट को कैबिनेट में क्यों पेश किया गया, किस नियम के तहत यह किया गया है।

वर्ष 2005 से 2007 के बीच झारखंड विधानसभा में नियुक्ति हुई थी। उस नियुक्ति में गड़बड़ी की बात सामने आई थी।



# बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ाती हैं ये चीजें

**खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक बढ़ने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजें शरीर में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं जबकि कुछ चीजें बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देती हैं।**

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आजकल एक गंभीर समस्या बन गया है, जिससे अधितर लोग परेशान रहते हैं। कोलेस्ट्रॉल खून में पाया जाने वाला फैट है, जो हार्मोन के उत्पादन और झिल्ली के कामकाज के लिए आवश्यक है। कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है अच्छा और खराब। यह अच्छा कोलेस्ट्रॉल है, जो शरीर के लिए जरूरी है लेकिन खराब कोलेस्ट्रॉल शरीर को नुकसान ही करेगा। जब अच्छे कोलेस्ट्रॉल की बात आती है, तो शरीर इसे खाने-पीने की अच्छी चीजों की मदद से बनाता है। लेकिन जब खराब कोलेस्ट्रॉल की बात आती है, तो खाने-पीने की कुछ गलत आदतें इसके लिए जिम्मेदार होती हैं। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से क्या होता है? आपको यह बात होनी चाहिए कि खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक बढ़ने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। कोलेस्ट्रॉल से बचने के उपायों की बात करें, तो रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजें शरीर में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं जबकि कुछ चीजें बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देती हैं। आज हम आपको कुछ कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने वाली पीले रंग की चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनका आपको कम सेवन करना चाहिए या फिर नहीं करना चाहिए।

## डीप फ्राइड फूड

आजकल बहुत से लोग डीप फ्राई फूड खाना पसंद करते हैं। अक्सर देखा गया है कि लोग चिकन, समोसा, कचौरी, आलो टिक्की जैसी डीप फ्राई चीजों का खूब सेवन किया जाता है। जाहिर है इन चीजों में तेल का अधिक इस्तेमाल किया जाता है जिस वजह से कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने का जोखिम अधिक रहता है।

## घी और मक्खन

घी या मक्खन के बिना भारतीय खाना अधूरा है। मक्खन, देसी घी, पनीर, पाम ऑयल और नारियल के तेल जैसी चीजों में सैचुरेटेड फैट की मात्रा अधिक होती है और इनका सेवन कम किया जाना चाहिए। खाना पकाने के लिए जैतून का तेल, चावल की भूसी का तेल, मूंगफली का तेल, सूरजमुखी का तेल और अन्य वनस्पति तेल का उपयोग करें।

## जलेबी जैसी मिठाई

भारतीय मिठाइयों में चीनी का बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। जलेबी, छेना मिठाई, गुलाब जामुन और कई अन्य गहरी तली हुई मिठाइयों में तेल और चीनी का सबसे ज्यादा उपयोग होता है। जाहिर है यह दोनों चीजें कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने का काम करती हैं।

## अंडे की जर्दी

अंडे की जर्दी में किसी भी भोजन का सबसे अधिक कोलेस्ट्रॉल 1234 एमजी प्रति 100 ग्राम या दैनिक मूल्य का 411% होता है। एक अंडे की जर्दी 210 एमजी कोलेस्ट्रॉल प्रदान करेगी, जबकि पूरा अंडे केवल 212 एमजी प्रदान करता है। इस प्रकार अंडे में सबसे ज्यादा कोलेस्ट्रॉल जर्दी में पाया जाता है।

## फास्ट फूड

फास्ट फूड, कोलेस्ट्रॉल से भरे होते हैं। पिज्जा, बर्गर और फ्रेंच फ्राई जैसी चीजों में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होती है। इन चीजों को बनाने के लिए तेल, मक्खन, और चीज जैसी चीजों का इस्तेमाल किया जाता हिया जिसमें कोलेस्ट्रॉल अधिक पाया जाता है।




# नर्वस सिस्टम और शरीर में तरल पदार्थों को कंट्रोल करने में सहायक है पोटेशियम

**पोटेशियम की कमी शरीर को तोड़कर रख सकती है, यह तत्व नर्वस सिस्टम और शरीर में तरल पदार्थों को कंट्रोल करने में सहायक है, जानिए शरीर में पोटेशियम की कमी दूर करने के लिए क्या खाना चाहिए।**

अगर आपको हमेशा थकान, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द, कब्ज या बार-बार पेशाब आना जैसी समस्याएं रहती हैं, तो यह संकेत है कि आपके शरीर में पोटेशियम की भारी कमी हो गई है। प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन की तरह भी एक जरूरी पोषक तत्व है, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार, पोटेशियम को इलेक्ट्रोलाइट के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें एक छोटा इलेक्ट्रिक चार्ज है, जो सेल्स और नर्व फंक्शन को एक्टिव करता है। पोटेशियम का काम शरीर में कोशिकाओं के अंदर मौजूद तरल पदार्थ के लेवल को बनाए रखना है। ध्यान रहे कि सोडियम कोशिकाओं के बाहर तरल पदार्थ का लेवल बनाए रखता है। पोटेशियम मांसपेशियों के संकुचन को कंट्रोल करने और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल बनाने का भी काम करता है।

### शरीर को रोजाना कितने पोटेशियम की जरूरत

14-18 वर्ष की लड़कियों को रोजाना 2,300 मिलीग्राम, महिलाओं को 2,600 मिलीग्राम और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 2,500-2,900 मिलीग्राम पोटेशियम की जरूरत होती है। इसी तरह 14-18 वर्ष की आयु के युवाओं को 3,000 मिलीग्राम जबकि पुरुषों को 3,400 मिलीग्राम पोटेशियम चाहिए।

### पोटेशियम की कमी के लक्षण

- कमजोरी
- थकान महसूस करना
- मांसपेशियों में ऐंठन
- बेचैनी या उलझन
- कब्ज की शिकायत रहना
- दिल की धड़कन अनियमित होना
- झुनझुनी या सुन्नता
- बार-बार पेशाब आना




### पोटेशियम के फायदे

पोटेशियम रोजाना खाए जाने वाले कई खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। अगर आप पोटेशियम से भरपूर चीजों का सेवन करते हैं, तो संभव है कि आपको नीचे बताई स्वास्थ्य समस्याओं से बचने में मदद मिल सकती है-

- ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में सहायक
- स्ट्रोक के खतरे को कम करता है पोटेशियम
- ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद कर सकता है
- पेशाब में कैल्शियम कम करके किडनी की पथरी से बचाने में सहायक
- शरीर में जमा अतिरिक्त तरल पदार्थों को हटाकर Water Retention से बचाने में सहायक

### पोटेशियम की कमी से नुकसान

दिमाग कमजोर होना और उसका कामकाज प्रभावित होना
हाई ब्लड शुगर की समस्या
मांसपेशियों का कमजोर होना और उनकी ताकत कम होना
सांस लेने में दिक्कत
अनियमित दिल की धड़कन

### पोटेशियम रिच फूड्स

- ड्राई फरूट्स (किशमिश, खुबानी)
- बीन्स, दाल
- आलू
- पालक
- ब्रोकोली
- केले
- खरबूजा
- संतरे का रस
- नारियल पानी
- टमाटर
- सोया और बादाम का दूध
- दही
- काजू, बादाम
- चिकन
- सैमन मछली

### पोटेशियम शरीर के लिए क्यों जरूरी है?



पोटेशियम इलेक्ट्रोलाइट की तरह कम करता है और इसका सबसे बड़ा काम शरीर की कोशिकाओं के अंदर तरल पदार्थों को कंट्रोल करना है। यह नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाए रखने में सहायक है। खून में पोटेशियम की कमी होने से शरीर की तंत्रिका आवेग उत्पन्न करने की क्षमता को प्रभावित हो सकती है। पोटेशियम का लेवल कम होने से नर्वस सिस्टम का संकेत भेजने का काम प्रभावित हो सकता है और इसकी कमी से मांसपेशियों का संकुचन कमजोर हो सकता है।



# हार्ट अटैक-कैंसर से बचाने वाला मसाला है सौंफ

सौंफ का इस्तेमाल मसाले के रूप में किया जाता है। काफी लोग इसे खाने के बाद माउथ फ्रेशनर की तरह भी खाते हैं। लेकिन क्या सौंफ का रोल सिर्फ इतना ही है? बिल्कुल नहीं। सौंफ का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। सौंफ के अंदर कई सारे गुण होते हैं, जो पाचन के बाद खून में घुलकर अलग-अलग काम करते हैं। विभिन्न रिसर्च के मुताबिक, इस मसाले से हार्ट अटैक और कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव किया जा सकता है। आइए इसके पीछे की पूरी प्रक्रिया जानते हैं।

### दिल के लिए फायदेमंद है सौंफ

सौंफ के अंदर फाइबर होता है, जिसे कई रिसर्च में दिल के लिए लाभदायक पाया गया है। रिसर्च के अनुसार हाई फाइबर डाइट को दिल की बीमारी का खतरा कम करने वाला पाया गया है।

### कई तरह के कैंसर से बचाव

Anethole सौंफ का मुख्य कंपाउंड है, जिसमें कैंसर से लड़ने वाले गुण देखे गए हैं। एक टेस्ट ट्यूब स्टडी में इस कंपाउंड को ब्रेस्ट कैंसर की सेल्स के विकास को रोकने में मददगार पाया गया है। जिस वजह से इस मसाले को कैंसर के बचाव में महत्वपूर्ण माना गया है।

### वेट लॉस में आ सकती है काम

अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं तो खाने में सौंफ का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि, यह मसाला भूख को दबाने का काम करता है। जिससे आप कैलोरी इनटेक कंट्रोल कर पाते हैं। आप सौंफ की चाय का सेवन भी कर सकते हैं।

### मिलते हैं कई सारे न्यूट्रिएंट

सौंफ के अंदर सिर्फ फाइबर और प्लांट कंपाउंड ही मौजूद नहीं है। बल्कि यह अन्य जरूरी विटामिन और मिनरल्स की सप्लाई भी करती है। इसके सेवन से विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम, मैंगनीज आदि पा सकते हैं।

### ये फायदे भी कर लें याद

- बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव
- इंफ्लामेशन से बचाव
- मेंटल हेल्थ के लिए बढ़िया
- मेनोपॉजल सिंप्टम्स से राहत




**अधिकतर जिम जाने वाले लोग प्रोटीन पाउडर का सेवन करते हैं, जिससे मसल्स बढ़ाने में मदद मिल सके। लेकिन इसका सेवन पेट के लिए हानिकारक हो सकता है, जिसके बारे में डॉक्टर ने बताया है।**

# हानिकारक हो सकता है प्रोटीन पाउडर का सेवन

प्रोटीन मसल्स के लिए बहुत जरूरी होता है। यह मैक्रो न्यूट्रिएंट कई अमिनो एसिड से मिलकर बनता है, जो मांसपेशियों को विकसित करने में मदद करता है। इसलिए सभी एक्सपर्ट हर दिन डाइट में प्रोटीन फूड शामिल करने की सलाह देते हैं। बॉडी बिल्डिंग या जिम जाने वाले लोगों को प्रोटीन की अधिक जरूरत होती है। इसे पूरा करने के लिए वो प्रोटीन पाउडर का सहारा लेते हैं। यह सप्लीमेंट फिटनेस गोल को पाने में मदद करता है और जरूरी मात्रा प्रदान करता है। लेकिन क्या यह आपके पेट के लिए नुकसानदायक हो सकता है?

### गैस, पेट फूलना, क्रैम्प

इन पाउडर को बनाने में डेयरी या प्लांट बेस्ड प्रोटीन का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ लोगों का पाचन तंत्र इन्हें पचाने में काफी मुश्किलों का सामना करता है। जिसकी वजह से गैस, पेट फूलना और पेट में क्रैम्प की दिक्कत हो सकती है।

### गट बैक्टीरिया में असंतुलन

कई प्रोटीन पाउडर के अंदर आर्टिफिशियल स्वीटनर, फ्लेवर और कलर होते हैं, जो गट हेल्थ को नुकसान पहुंचाते हैं। ये चीजें पेट में मौजूद हेल्दी गट बैक्टीरिया को असंतुलित कर सकती हैं और पाचन को खराब कर सकती हैं।

### बढ़ा सकती हैं ब्लड शुगर

प्रोटीन पाउडर को टेस्टी बनाने के लिए खूब सारी शुगर का इस्तेमाल किया जाता है। इसका सेवन इंसुलिन को तेजी से बढ़ाता है और वजन बढ़ाता है। इससे डायबिटीज का जोखिम बढ़ सकता है।

### हो सकते हैं जहरीले पदार्थ

डॉ. ने क्लीन लेवल प्रोजेक्ट की हालिया रिसर्च का हवाला देते हुए बताया कि कुछ प्रोटीन पाउडर में लेड, आर्सेनिक और कीटनाशक जैसे टॉक्सिक प्रॉडक्ट हो सकते हैं, जो आपके पेट को बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### अहिंसा एवं पुरस्कार के लिए महावीर पुरस्कार 2024 शाकाहारवाद राधा सुरभि गौ सेवा ट्रस्ट को

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा स्थापित महावीर पुरस्कार का 27वां संस्करण राधासुरभि गौ सेवा ट्रस्ट को व्यक्तियों और संगठनों की परोपकारी सेवाओं को मान्यता देने के लिए दिया गया, जो जनकल्याण के लिए काम कर रहा है। भगवान कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा जिले के राधा कुंड में संगठन ने अहिंसा एवं सुरक्षा श्रेणी के तहत महावीर पुरस्कार 2024 प्राप्त किया है। महावीर पुरस्कार हर साल अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, चिकित्सा और समुदाय एवं शाकाहार की श्रेणियों में सामाजिक सेवा में प्रदान किए जाते हैं। इस पुरस्कार में 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार के साथ ही एक प्रशंसनीय प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह भेंट किया जाता है। जिन संगठनों ने समुदाय के लिए 2024 पुरस्कार जीते- सामाजिक सेवा और चिकित्सा के लिए क्रमशः ग्रुप कैप्टन अतुल चंद्र बरुआ, असम और परिवार एजुकेशन सोसाइटी, पश्चिम बंगाल हैं , जबकि, शिक्षा के लिए पुरस्कार मानवता कल्याण संगठन हेल्पलाइन, जम्मू और अन्य को दिया गया। कैप्टन बरुआ असम में परित्यक्त बुजुर्ग महिलाओं को आश्रय और देखभाल प्रदान करने में अपने निस्वार्थ प्रयासों के लिए प्रसिद्ध हैं। परिवार मध्य प्रदेश के अंदरूनी और अविकसित आदिवासी गांवों जैसे अलीराजपुर और सेहरिया तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहा है, जबकि ह्यूमैनिटी वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन हेल्पलाइन विशेष रूप से शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को समावेशी शिक्षा और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करती है। फाउंडेशन को पूरे देश से महावीर पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन प्राप्त हुए। जिला प्रशासकों, विधायकों, नौकरशाहों, शिक्षाविदों, मीडिया, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सांसदों और अन्य प्रतिष्ठित लोगों की मदद ली गई।

### अपने बालों को बचाने के लिये डॉ. शिल्पा वोरा की एक्सपर्ट सलाह

**भोपाल ।** होली रंगों का त्योहार है और पूरे भारत में इसे बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। हम सभी को होली का त्योहार अच्छा लगता है और हम रंगों के साथ खेलना पसंद करते हैं, लेकिन हमें होली के रंगों से अपने बालों को होने वाले नुकसान की भी चिंता रहती है। पर अब फिक्र करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ थोड़ी सी तैयारी और देखभाल के साथ आप अपने बालों के नुकसान की चिंता किये बगैर होली के मजे ले सकते हैं। डॉ. शिल्पा वोरा ने बताया होली के रंगों से सुरक्षा के लिये आपको किसी महंगे हेयर ट्रीटमेंट की जरूरत नहीं है। नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की नियमित तौर पर मसाज करना होली के रंगों से होने वाले संभावित नुकसान से अपने बालों की सुरक्षा करने का सबसे आसान उपाय है। सूखे रंग बालों के क्यू टिकल्सन में फंस जाते हैं और बालों को बेजान बनाते हैं। नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की मालिश करने से हेयर सर्फेस का एक लेयर तैयार होता है, जो बालों में रंगों को जमा होने से बचाता है। होली से पहले नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की 5-7 मिनट तक मालिश करें। हमेशा जड़ों से शुरूआत करें और फिर बालों के सिरों तक मालिश करें। मालिश करने के बाद सिर्फ 30 मिनट तक बालों को यूं ही छोड़ दें और फिर किसी माइल्डं क्लीं जर से उन्हें धो लें।

### बच्चे के रोने से परेशान मां ने उसका गला काटा, डेढ़ महीने का था बेटा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर की रामगंज थाना पुलिस ने डेढ़ माह के छोटे मासूम बच्चे के ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में मां ही हत्या करने वाली निकली है। पुलिस ने हत्या के मामले में रामगंज निवासी अंजुम को गिरफ्तार करके गला काटने वाली सर्जिकल ब्लेड बरामद की है। डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा डूडी के मुताबिक 3 मार्च 2024 को रामगंज थाने पर परिवादी जावेद खान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका भाई अमजद का पुत्र डेढ़ माह का अपने कमरे में सोया हुआ था। भाई की पत्नी अंजुम ने कमरे में जाकर देखा तो गर्दन पर कट लगा हुआ था और खून बह रहा था। उसी समय बच्चे को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।मामले को गंभीरता से लेते हुए एडिशनल डीसीपी रानू शर्मा और एसीपी रामगंज हरिशंकर शर्मा के निर्देशन में रामगंज थाना अधिकारी उदय सिंह यादव के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया।

# अब हम 2 हमारे दो से भी बच रहे लोग

## 2050 तक भारत में घटने लगेगी आबादी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में अब हम दो हमारे दो का प्रचलन भी तेजी से कम हो रहा है। इसकी बजाय एक बड़ी संख्या ऐसी है, जो एक ही बच्चा चाहते हैं। इसके चलते भारत में जन्मदर में 2050 तक गिरावट देखने को मिलेगी। लैंसेट की एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। भारत में कुल जन्मदर 1950 में 6.18 थी, जो 1980 में घटकर 4.6 पर आ गई थी। यही नहीं 2021 में यह तेजी से घटते हुए 1.91 पर ही आकर ठहर गई। यह रिप्लेसमेंट लेवल से भी कम है। जनसंख्या विज्ञानी मानते हैं कि रिप्लेसमेंट लेवल के लिए जन्मदर कम से कम 2.1 होनी चाहिए। ऐसे में यह बड़े संकट की आहट भी है। अनुमान है कि 2050 तक भारत में जन्मदर 1.29 ही रह जाएगी। इससे आबादी एकदम से कम नहीं होगी, लेकिन उसमें युवाओं का अनुपात कम होता जाएगा। फिर 2100 तक यह संकट और गहरा जाएगा।

यदि लैंसेट की यह रिपोर्ट सही साबित होती है तो फिर आने वाले दशकों में भारत के आगे बड़ी चुनौती होगी। जन्मदर में तेजी से कमी आएगी तो वर्कफोर्स में भी कमी की स्थिति होगी और अर्थव्यवस्था को इससे झटका लगेगा। इसके अलावा युवाओं से अधिक आबादी बुजुर्गों की हो जाएगी, जिनकी देखभाल करना भी एक चैलेंज होगा। यही नहीं स्वास्थ्य सेवाओं पर भी बड़ा बोझ पड़ेगा। यही नहीं लैंगिक असमानता का संकट भी आएगा। इसकी वजह एक नया ट्रेंड भी है। पहली संतान लड़का होने के बाद लोग दूसरा बच्चा नहीं पैदा कर रहे हैं।

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि कम बच्चे पैदा करने की एक वजह यह भी है कि देश के विकास के साथ लोगों की आकांक्षाएं भी बढ़ी हैं। बच्चों पर लोग काफी खर्च कर रहे हैं। ऐसे में ज्यादा बच्चे होने पर खर्च अधिक होगा। इससे बचने के लिए लोग कम बच्चों को ही महत्व दे रहे हैं। इसके अलावा महिलाओं के बड़े पैमाने पर शिक्षित होने और उनके करियर पर फोकस करने से भी बच्चे पैदा होने की संभावनाओं पर असर पड़ा है। देरी से शादी भी इसका एक कारण बन रही है। तेजी से शहरीकरण और गर्भनिरोधक तक लोगों की आसान पहुंच ने भी चीजों को बदला है।

जानकार मानते हैं कि भले ही भारत के आगे यह चुनौती आने में कुछ दशक बचे हैं, लेकिन अभी से प्लानिंग करनी होगी। सरकारों को मातृत्व को कम खर्चीला बनाने का प्रयास करना चाहिए। इससे भी लोग कुछ हद तक कम से कम दो बच्चों के लिए प्रेरित होंगे। बता दें कि इटली, जापान, रूस जैसे कई देश ऐसे हैं, जो पहले ही इस तरह के संकट से गुजर रहे हैं। इन देशों में आबादी लगातार कम हो रही है और सरकारें इसे लेकर चिंतित हैं। इनमें से ही एक देश दक्षिण कोरिया भी है। पिछले दिनों दक्षिण कोरिया के एक नेता ने कहा कि यदि यही हाल रहा तो फिर हमारे अस्तित्व पर ही संकट होगा।

### असम के मूल निवासियों पर सीएए का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, सर्वानंद सोनोवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया दावा



**गुवाहाटी।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का असम के मूल निवासियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य की 14 में से 12 सीट पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि असम वासी अब अच्छी तरह से संरक्षित और सुरक्षित हैं, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने उन मूल जातीय लोगों को पट्टा (भूमि अधिकार), भूमि दस्तावेज दिए हैं जिनके पास पहले भूमि नहीं थी। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को एक इंटरव्यू में दावा किया कि लोकसभा चुनाव में वह राजग के लिए 12 से ज्यादा सीटों की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा ने असम की 14 में से 11 सीट पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जबकि सहयोगी असम गण परिषद ने दो सीट पर और यूपीपीएल ने एक सीट पर उम्मीदवार उतारा है।

## राजस्थान में एक और परीक्षा में फर्जीवाड़ा

### 7वीं और 36वीं रैंक लाने वाली 2 महिला अभ्यर्थी अरेस्ट



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में एसआई भर्ती पेपर लीक मामले के बाद एक और बड़ा खुलासा हुआ है। एसओजी ने आरपीएससी की स्कूल लेक्चरर भर्ती-2022 में अनुचित साधनों का प्रयोग कर धांधली करने वाली दो महिलाओं को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों के खिलाफ आरपीएससी की ओर से अजमेर के सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसके बाद एसओजी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। अब एसओजी इनसे पूछताछ में जुटी है।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह के अनुसार आरपीएससी की ओर से आयोजित स्कूल लेक्चरर भर्ती-2022 में पूर्णतया अनुचित तरीके अपनाने के संबंध में अजमेर के सिविल लाइन थाने में दो मुकदमे दर्ज करवाए गए थे. आरोप है कि सांचौर जिले के बाड़ाभाडवी निवासी कमला विश्नोई ने अनुचित तरीके से मुख्य परीक्षा में मेरिट में सातवीं रैंक हासिल की, जबकि जालोर जिले के भूतेल निवासी ब्रह्माकुमारी ने भी गलत तरीके से मेरिट में 36 वीं रैंक हासिल की थी। इन दोनों को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ जारी है।

प्रारंभिक तौर पर इस मामले में डिग्री को लेकर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। कमला ने स्कूल लेक्चरर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय बताया कि वह वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी से हिंदी में एमए है, लेकिन नियुक्ति के समय पेश किए गए दस्तावेजों में मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार (चित्तौड़गढ़) की फर्जी डिग्री पेश की। एसओजी की गिरफ्त में आई दूसरी महिला ने भी फर्जी दस्तावेज के जरिए नौकरी हासिल की है। उन्होंने बताया कि भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय दूसरी महिला ब्रह्माकुमारी ने भी किसी ओर विश्वविद्यालय से एमए की डिग्री होने की जानकारी दी, लेकिन आरपीएससी में पेश किए गए दस्तावेजों में डिग्री किसी अन्य विश्वविद्यालय की पाई गई। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ और मामलों में अनुसंधान जारी है।

## सेना के जवान को गलत एचआईवी+ बताकर कर दिया रिटायर, 24 साल बाद मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के समक्ष बुधवार को अनोखा मामला सामने आया। रिटायर्ड सेना के जवान ने अपने अधिकारियों पर गलत एचआईवी बताकर सेवा मुक्त करने और पेंशन न देने का आरोप लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हैरानी जताते हुए कहा कि भारतीय सेना के उदासीन रवैये के कारण याचिकाकर्ता को अत्यधिक मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी। 24 साल के लंबे अंतराल में उसे समाज में शर्म और कलंक का सामना करना पड़ा। पीठ ने सेना को निर्देश दिया कि आठ सप्ताह के भीतर रिटायर्ड सैनिक को 50 लाख रुपए का मुआवजा देना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सेना के उस सेवानिवृत्त जवान की याचिका पर सुनवाई की, जिसने आरोप लगाया कि 2001 में गलत तरीके से एचआईवी संक्रमित पाए जाने के बाद उसे 2001 में सेवा मुक्त कर दिया गया। साथ ही उसे पेंशन देने से इनकार किया गया, क्योंकि उसकी सेवा आठ वर्ष ही थी। जबकि पेशन हक के लिए कम से कम 10 वर्ष की सेवा



जरूरी होती है। सेवानिवृत्त हवलदार ने अपनी याचिका में 24 वर्षों के दौरान सामाजिक कलंक, मानसिक आघात और सेवा के नुकसान के लिए 50 लाख रुपये का मुआवजा देने के लिए सेना को उत्तरदायी ठहराया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- याचिकाकर्ता ने झेली मानसिक पीड़ाः** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने सेना को आठ सप्ताह के भीतर मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया है। कहा, अपीलकर्ता ने 2001 से इतने सालों में अत्यधिक मानसिक पीड़ा झेली है। उसे न केवल प्रतिवादियों (सेना और उसके अधिकारियों) के उदासीन रवैये का सामना करना पड़ा, बल्कि सामाजिक कलंक और लगातार भयावह मौत के डर का भी सामना करना पड़ा।

**मामला क्या हैः** याचिकाकर्ता 1993 में सशस्त्र बल में भर्ती हुआ था। 10 साल से कम सेवा करने के बाद सेना में उसके एचआईवी+ होने का पता चला। दिसंबर 2001 में उसे सेवा से मुक्त कर दिया गया। एचआईवी+ सैनिकों को लेकर मौजूदा सेना नीति के अनुसार, ऐसा व्यक्ति छह से आठ साल के भीतर एड्स की चपेट में आ जाएगा और उसके बाद उसका जीवन 2-3 साल तक का ही होगा। हालांकि, याचिकाकर्ता का कहना है कि वह आज तक, बिना कोई दवाई लिए 24 साल से जी रहा है। 50 की उम्र में उसका एक छोटा सा बिजनेस भी है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने पीठ के लिए फैसला लिखते हुए कहा, हमारे मन में कोई संदेह नहीं है कि यह गलत तरीके से लिया गया फैसला था।

### मायावती ने राजस्थान में की 3 उम्मीदवारों की घोषणा

**जयपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए राजस्थान में बसपा ने आज अपने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जालौर-सिरोही से लालसिंह राठौड़, भरतपुर से इंजीनियर अंजला और कोटा से भीम सिंह कुंतल को टिकट दिया है। बता दें इससे पहले 13 मार्च को बसपा ने राजस्थान की दो लोकसभा सीटों से अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। जिसमें अलवर और श्रीगंगानगर सीट शामिल हैं। बसपा ने अलवर से फजल हुसैन और श्रीगंगानगर सीट से देवकरण नायक को चुनावी मैदान में उतारा है। पार्टी अभी तक 5 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। मालूम हो कि बसपा ने राजस्थान में विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। जिसमें बसपा को दो सीटों पर जीत भी मिली थी। सादुलपुर और बाड़ी विधानसभा सीट से बसपा के उम्मीदवार मनोज कुमार और जसवंत सिंह गुर्जर चुनाव जीतकर विधायक बने हैं। बसबा किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। अकेले चुनाव लड़ेगी। बता दें पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा के 6 उम्मीदवार जीते थे, लेकिन बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

## संजय राउत के बिगड़े बोल- नरेंद्र मोदी के गांव के पास हुआ था औरंगजेब का जन्म, वैसी ही सोच

**मुंबई, एजेंसी।** उद्धव ठाकरे गुट के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत अकसर बड़बोले बयान देते हैं। कई बार उन्हें इसे लेकर विवादों का भी सामना करना पड़ा है। अब उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर विवादित बयान देते हुए औरंगजेब से उनकी तुलना कर दी है। महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय राउत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के गांव के पास ही औरंगजेब का जन्म हुआ था। इसलिए पीएम मोदी की औरंगजेब जैसी सोच है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के तहत महाराष्ट्र पर चढ़ाई की जा रही है। संजय राउत जब पीएम मोदी को लेकर यह टिप्पणी कर रहे थे, उस दौरान उद्धव ठाकरे भी मंच पर मौजूद थे।

राज ठाकरे के भाजपा संग जाने की अटकलों के बीच संजय राउत ने यह टिप्पणी की है। माना जा रहा है कि इसी घटनाक्रम के चलते उद्धव ठाकरे गुट में



हलचल की स्थिति है। संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में शिवाजी पैदा होते हैं और गुजरात में औरंगजेब का जन्म होता है। राउत ने कहा, नरेंद्र मोदी का जहां जन्म हुआ, उसी के पास औरंगजेब पैदा हुआ था। इसीलिए औरंगजेब की मानसिकता के साथ हमारे ऊपर हमला होता है।

इससे पहले भी संजय राउत कई बार विवादित बयान दे चुके हैं। एक इंटरव्यू में भी उन्होंने कहा था कि औरंगजेब गुजरात में पैदा होते हैं और महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज का जन्म होता है। गौरतलब है कि 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी।

इसके बाद सीएम पद को लेकर दोनों दलों में मतभेद पैदा हो गए थे और उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस एवं एनसीपी के साथ सरकार बना ली थी। इसके मुखिया वह खुद बने थे। लेकिन जून 2022 में उनकी पार्टी में ही बगावत हो गई और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में 40 विधायकों ने बगावत कर दी।

## उत्तराखंड चुनाव में खूब चलता है 'पैसे और नशे' का खेल, करोड़ों का कैश हुआ जब्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। तमाम नाके-चौराहों पर पुलिस ने पहरा देना शुरू कर दिया है। मगर, स्मैक, शराब और नगदी पकड़े जाने का सिलसिला जारी है। पिछला रिकॉर्ड भी बताता है कि उत्तराखंड में चुनाव के दौरान पैसे और नशे का खेल काफी समय से चल रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव का ही आंकड़ा देखें तो उत्तराखंड में 3.37 करोड़ रुपये की नगदी बरामद की गई थी। इसका अब तक कोई हिसाब नहीं मिला है। देश की सभी पहाड़ी राज्यों से तुलना की जाए तो उत्तराखंड चुनाव के दौरान नोटों के खेल में तीसरे स्थान पर रहा था।

पहले दो नंबर पर उत्तर पूर्व के राज्य असम और अरुणाचल प्रदेश रहे थे। निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट बताती है कि चुनाव में सामान्य तौर पर भोले-भाले माने जाने वाले पहाड़ी राज्यों के नेता भी चुनाव में खूब धनबल और नशे का इस्तेमाल करते रहे हैं। 2019 के चुनाव के बाद जारी रिपोर्ट के मुताबिक पूरे देश में 844 करोड़ रुपये नगद और 302 करोड़ रुपये की शराब पकड़ी गई थी।

आज तक आयोग को इस शराब और पैसे का कोई हिसाब नहीं मिला है। कानून के जानकार बताते हैं कि पकड़ में आई चीजों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि नोट और नशा चुनाव को किस कदर प्रभावित कर रहा होगा। इसमें उत्तराखंड की हिस्सेदारी भी कम नहीं है। नोटों में उत्तराखंड, नशे के खेल में हिमाचल आगे रिपोर्ट पर गौर करें तो पता चलता है कि उत्तराखंड में जहां चुनाव प्रभावित करने के लिए नोटों का खेल ज्यादा चला वहीं हिमाचल में इसकी जगह नशा ज्यादा प्रभावी रहा। बीते चुनाव में हिमाचल में दस लाख लीटर से अधिक शराब पकड़ी गई थी। जबकि उत्तराखंड में यह आंकड़ा 80 हजार लीटर था। नगदी की बात करें तो उत्तराखंड में 3.37 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। हिमाचल में ये आंकड़ा काफी कम रहा। असम में सर्वाधिक 13.05 करोड़ व अरुणाचल प्रदेश में 7.14 करोड़ नगदी पकड़ी थी।

**गिफ्ट से भी प्रभावित करने की कोशिशः** यह किसी से छिपा नहीं है कि गिफ्ट देकर भी चुनाव प्रभावित करने के प्रयास किए जाते हैं। बीते चुनाव में ही 987 करोड़ रुपये की सोना-चांदी जैसी महंगी चीजें देशभर भी जब्त की गई थीं। हालांकि उत्तराखंड में गिफ्ट का चलन बहुत ज्यादा नहीं मिला था। बीते चुनाव में यहां महज 40 हजार रुपये के ही गिफ्ट पकड़े गए थे।

## बदायूं डबल मर्डर का दूसरा आरोपी जावेद गिरफ्तार

**बदायूं, एजेंसी।** यूपी के बदायूं में दो बच्चों के हत्याकांड में शामिल फरार चल रहे दूसरे आरोपी जावेद को पुलिस ने पकड़ लिया है। जावेद घटना के बाद अपना मोबाइल बंद कर भाग निकला था। बरेली के सेटेलाईट बस स्टैंड पर उसने सरेंडर कर दिया। उसने एक वीडियो भी वायरल किया था। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि बदायूं डबल मर्डर का दूसरा आरोपी जावेद को बरेली से गिरफ्तार किया गया है। वह आरोपी साजिद का भाई है। उसके ऊपर जो 25,000 रूपए का इनाम रखा गया था, उसके दबाव में बरेली की बारादरी थाने की सेटेलाइट पुलिस चौकी में उसने आत्मसमर्पण किया। उसे यहां लाया जा रहा है। उससे हत्याकांड के कारणों का पता लगाया जायेगा।

पुलिस की कई टीमें उसके पीछे लगी हुई थीं। फिलहाल, बरेली पुलिस ने जावेद को बदायूं पुलिस के हवाले कर दिया है। बदायूं पुलिस उससे पूछताछ में जुट गई है। जावेद को वायरल वीडियो में कहते हुए सुना जा सकता है, मैं सीधा दिल्ली भाग गया और मैं बरेली आया हूं, सरेंडर करने। बड़े भाई ने किया था, मैंने कुछ भी नहीं किया है। मेरा कोई हाथ नहीं है। भाई पुलिस के हवाले कर दो।

## जान बचाने वाले नेक इंसान, रायपुर में पुलिस ने चौराहों पर लगाए पोस्टर

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की पुलिस लगातार नए-नए अभियानों के कारण चर्चा में बनी हुई है। रायपुर पुलिस के द्वारा लोगों को लोगों की मदद के लिए प्रेरित करने के लिए नेक इंसान पुरस्कार से लगों को सम्मानित किया जा रहा है। रायपुर पुलिस ने सड़क दुर्घटना में पीड़ित लोगों की मदद करने वालों और उन्हें अस्पताल पहुंचाने वालों को सम्मानित करने के साथ साथ उनकी फोटो को रायपुर की सड़कों और चौराहों पर लगाकर सभी का सम्मान बढ़ाया है। रायपुर पुलिस ने सभी को नेक इंसान बताते हुए कहा है कि ये वह हैं जिन्होंने सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करते हुए उनकी जान बचाई है।

**क्या लिखा है पोस्टर मेंः** रायपुर पुलिस के द्वारा लगाए गए पोस्टर में लिखा है कि 'भीड़ का हिस्सा न बनें, घायलों की मदद कर नेक इंसान बनें।' यह पोस्टर रायपुर पुलिस ने शहर के चौक-चौराहों पर लगाते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा से हादसों में घायलों की मदद करने की बात कही है। रायपुर




पुलिस ने चौराहों पर पोस्टर लगाते हुए सम्मान देते हुए यह कहा है कि यह वहीं लोग हैं जिन्होंने घायलों की मदद की है, यह रायपुर के नेक इंसान हैं।

**नेक इंसान से पहचान क्योंः** रायपुर पुलिस के द्वारा नेक इंसान बताते हुए सभी छह मदद करने वालों को सम्मानित किया गया है। जिसे लेकर रायपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने कहा कि देश में प्रति वर्ष सड़क दुर्घटना में लगभग डेढ़ लाख लोग जान गंवा देते हैं, जिसका प्रमुख कारण घायलों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध नहीं होना है। उन्होंने कहा सड़क दुर्घटना के दौरान प्रथम तीस मिनट अति महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान यदि घायल को किसी भी प्रकार से अस्पताल तक पहुंचा दिया जाता है या फिर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कर दी जाती है तो उसकी जान बचाई जा सकती है। यनी कि किसी की जान बचाने से बढ़कर कोई नेक काम नहीं किया जा सकता है। इस लिए ऐसे लोग को नेक इंसान से उनकी पहचान कराई जा रही है।

**सड़क दुर्घटनाओं को कम करने शुरू किया गया कार्यः** रायपुर पुलिस के द्वारा शहर में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और इस तरह की दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने के लिए लोगों को जागरुक करना और मदद के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों का सामने आना जिससे कि घायल को तत्काल चिकित्सा सुविधा को उपब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही ऐसे लोग जो इस मुहीम की हिस्सा बने उन्हें नेक इंसान के रूप में उनकी पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत किया जा रहा है। इसके तरत अब तक पुलिस ने लोगों की मदद करने वाले छह नेक इंसानों की पहचान करने के बाद उनका सम्मान कर चुकी है। रायपुर पुलिस ने होर्डिंग में 'नेक इंसानों' के फोटो लगाते हुए इन्हें सम्मान दिया है। जिन लोगों की फोटो लगी है उनमें दशरथ साहू, खिलेश्वर महंत, कार्तिक कुमार निर्मलकर, रविकुमार साहू, गोविंदा साहनी और पार्थ वैष्णव शामिल हैं।

आईपीएल का अगाज आज से

# धोनी ने छोड़ी CSK की कप्तानी, गायकवाड़ को सौंपी कमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के आगाज से पहले सीएसके फैंस को एक बड़ा झटका लगा है। एमएस धोनी ने चेन्नई की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है, और अब ऋतुराज गायकवाड़ टीम की कमान संभालेंगे। धोनी ने पिछले ही सीजन में चेन्नई को पांचवीं बार आईपीएल जिताया था और अब उन्होंने टीम की कमान गायकवाड़ को सौंप दी है। आईपीएल 2024 से पहले सीएसके के कप्तान एमएस धोनी के एक फेसबुक पोस्ट ने फैन्स के बीच सस्पेंस बढ़ा दिया था। नए सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता। बने रहें! ये वो शब्द हैं जो एमएस धोनी ने अपने पोस्ट में लिखे थे। इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर फैंस धोनी की नई भूमिका को लेकर सवाल पूछ रहे थे। हर कोई उनके नए रोल के बारे में जानने के लिए बेताब था। अब आईपीएल 2024 से ठीक एक दिन पहले इसका खुलासा हो गया है। वो आईपीएल खेलेंगे लेकिन कप्तान के रूप में नहीं। इस सीजन में धोनी सिर्फ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में मैदान पर नजर आएंगे। आईपीएल 2024 की 22 मार्च से शुरुआत होनी है। टूर्नामेंट के पहले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम आमने-सामने होगी।






## जियो सिनेमा 12 भाषाओं में उपलब्ध कराएगा मैच का आंखों देखा हाल

**मुंबई, एजेंसी।** जियो सिनेमा ने 2024 टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपने विशेषज्ञों के पैनल में सुपरस्टारों को शामिल किया है। आईपीएल इस वर्ष अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, हरियाणवी, गुजराती, भोजपुरी, पंजाबी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ समेत कुल 12 भाषाओं में उपलब्ध होगा। विश्व क्रिकेट के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वीरेंद्र सहवाग जियो सिनेमा पर अब नई पारी शुरू करने जा रहे हैं, जिसमें वह अपनी स्थानीय बोली हरियाणवी में कॉमेंट्री करेंगे।

2012 आईपीएल फाइनल के मैन ऑफ द मैच मनविंदर बिस्ला भी हरियाणवी फीड में सहवाग के साथ शामिल होंगे।हेड ऑफ कंटेंट सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि टाटा आईपीएल 2023 की हमारी गहन और व्यापक प्रस्तुति के लिए हमें जो प्रतिक्रिया मिली वह उत्साहजनक थी और हम टाटा आईपीएल 2024 के लिए अपने नवाचारों को दोगुना कर रहे हैं। अजय जड़ेजा भी गुजराती भाषा विशेषज्ञ के रूप में अपनी शुरुआत करेंगे।

भारत के पूर्व कप्तान और एमआई एमिरेट्स के बल्लेबाजी कोच हिंदी और हैंगआउट फ़ीड में भी दिखाई देंगे। वहीं, बंगाली कमेंट्री बॉक्स में सुभोमोय दास, श्रीवत्स गोस्वामी, अनुस्तुप मजूमदार और क्रिकेटर झूलन गोस्वामी मौजूद रहेंगे।

इसी तरह अभिनेता रवि किशन, मोहम्मद सैफ, शिवम सिंह, सत्य प्रकाश और गुलाम हुसैन भोजपुरी भाषा में कमेंट्री करेंगे। तेलुगु में हनुमा विहारी, वेंकटपति राजू और अक्षत रेड्डी सहित अन्य लोग कमेंटरी करेंगे।

विशेषज्ञ पैनल के अलावा, प्रसारक इस साल कुल 18 फ़ीड पेश करेगा, जिसमें पिछले साल के लोकप्रिय इनसाइडर और हैंगआउट फ़ीड के साथ-साथ हीरो कैम और वायरल वीकेंड जैसे नए फीचर्स शामिल होंगे।

## लखनऊ में अपनी आईपीएल टीम से जुड़े राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल शुक्रवार से शुरू हो रहा है। सभी टीमें मुकाबले के लिए तैयार हैं। इस बीच चोट के बाद कमबैक कर रहे केएल राहुल टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ जुड़ने के लिए लखनऊ पहुंच चुके हैं। कप्तान ने नए मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के तहत सीजन के लिए अपना उत्साह शेयर किया।



राहुल पिछले साल चोट के कारण आईपील से लगभग बाहर रहे। बुधवार को फ्लाइट लेट होने के कारण अभ्यास मैच के बाद टीम से जुड़े। उन्होंने सोशल मीडिया पर लखनऊ से लैंगर के साथ एक फोटो शेयर की, जिसमें कप्तान ने लिखा, नए युग की शुभ सुबह! लैंगर पहले ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं। उन्हें इस सीजन में लखनऊ टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। उन्होंने टीम में एंडी फ्लावर की जगह ली, जिनका फ्रेंचाइजी के साथ दो साल का अनुबंध आईपीएल 2023 सीजन के बाद समाप्त हो गया था। 2022 में आईपीएल में डेब्यू करने के बाद, फ्लावर के मार्गदर्शन में दो बार अंक तालिका में लखनऊ तीसरे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन वे 2022 और 2023 में एलिमिनेटर से आगे बढ़ने में विफल रहे। राहुल को अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में समस्या का सामना करना पड़ा था और वह जनवरी में हैदराबाद टेस्ट के बाद पूरी भारत-इंग्लैंड श्रृंखला से चूक गए थे।

वह हाल ही में एक मेडिकल टीम से सलाह लेने के बाद लंदन से लौटे और एनसीए में रिहैब से गुजरे।

IPL 2024 से पहले

## लखनऊ सुपर जाएंट्स को लगा बड़ा झटका

### अब इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने दिया धोखा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के शुरू होने से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों का एक-एक कर अपने कदम वापस खींचने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में अब एक और नाम तेज गेंदबाज डेविड विली का जुड़ गया है। विली निजी कारणों के चलते आईपीएल 2024 की शुरुआत में अपनी टीम स्त्र के साथ नहीं जुड़ पाएंगे।

इसकी पुष्टि कोच जस्टिन लैंगर ने कर दी है, मगर वह कब टीम के साथ जुड़ेंगे इसकी कोई जानकारी नहीं है। विली से पहले 4 इंग्लिश खिलाड़ी पहले ही आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं, जिसमें हैरी ब्रूक (दिल्ली कैपिटल्स), जेसन रॉय और गस एटकिंसन (कोलकाता नाइट राइडर्स), और मार्क वुड (लखनऊ सुपर जाइंट्स) का नाम शामिल हैं। डेविड विली आईपीएल में इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए दो साल खेल चुके हैं।

इस सीजन लखनऊ सुपर जाएंट्स ने उन्हें 2 करोड़ रुपए के बेस प्राइज में अपनी टीम में शामिल किया था। विली पिछले दो महीने से लगातार टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं। आईएलटी20 के बाद उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में हिस्सा लिया। पीएसएल में वह मुल्तान सुल्तान की टीम का हिस्सा थे, जिन्हें सोमवार 18 मार्च की रात को इस्लामाबाद यूनाइटेड के हाथों हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ सुपर जाएंट्स डेविड विली को रिप्लेस नहीं करेगा, यह इंग्लिश खिलाड़ी टूर्नामेंट की किसी भी स्टेज पर टीम के साथ जुड़ सकते हैं।

डेविड विली दूसरे ऐसे इंग्लिश खिलाड़ी बने हैं जिन्होंने लखनऊ सुपर जाएंट्स को धोखा दिया है। इससे पहले मार्क वुड को ईसीबी ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप के वर्क लोड को मैनेज करने के लिए पूरे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। वुड की जगह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ को लिया गया है, जबकि विली को अभी तक रिप्लेस नहीं किया गया है। तेज आक्रमण के बारे में पूछे जाने पर लैंगर ने कहा, मार्क वुड के टूर्नामेंट से हटने के साथ ही डेविड विली भी अब नहीं आएंगे, इसका मतलब है कि हमारे पास कुछ अनुभव की कमी है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में मैंने जो देखा है वह यह है कि हमारे पास बहुत प्रतिभा है।

हमारे कुछ खिलाड़ियों को कुछ चोटें लगी हैं लेकिन वे सभी इस समय बहुत फिट दिख रहे हैं। केएल राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाएंट्स आईपीएल 2024 में अपने अभियान का आगाज 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी।

## हसरंगा पर ICC ने दो मैच का लगाया बैन

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर वानिंदू हसरंगा की टेस्ट क्रिकेट में वापसी बांग्लादेश के खिलाफ नहीं हो पाएगी। बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के कारण हसरंगा को तीन डिमेरिट प्वाइंट दिए गए थे जिसके लिए उन पर दो टेस्ट मैच का प्रतिबंध लग गया है।



श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदू हसरंगा टेस्ट संन्यास से वापस आ गए हैं और उन्हें बांग्लादेश में दो मैचों की सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम में नामित किया गया था। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज 22 मार्च से 3 अप्रैल तक चलेगी। पहला टेस्ट 22 मार्च से सिलहट में शुरू होगा जबकि दूसरा मैच 30 मार्च से चटगांव में खेला जाएगा। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में अंपायर के फैसले पर असहमति जताने की वजह से उनकी आधी मैच फीस काट ली गई और तीन डिमेरिट पॉइंट्स दिए गए।

अब हसरंगा के 24 महीने के अंदर 8 डिमेरिट पॉइंट्स हो गए हैं, जो चार सस्पेंशन पॉइंट्स में बदल गए हैं। ICC के नियम के मुताबिक अगर किसी खिलाड़ी के 24 महीने के अंदर चार सस्पेंशन पॉइंट्स हो जाते हैं तो वह खुद ब खुद 2 टेस्ट या 4 वनडे या 4 टी-20 इंटरनेशनल मैच के लिए बैन हो जाता है। हसरंगा सजा के खिलाफ अपील कर सकते हैं। अगर ICC हसरंगा की अपील ठुकरा देती है तो इसका मतलब यह होगा कि वे टेस्ट सीरीज नहीं खेल पाएंगे। वहीं अगर हसरंगा श्रीलंका-बांग्लादेश सीरीज में नहीं खेलते हैं तो IPL में अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ सकते हैं। हसरंगा सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) टीम का हिस्सा है। वे बेस प्राइस1.50 करोड़ में ही टीम से जुड़े थे। हैदराबाद 23, 27, 31 मार्च और 5 अप्रैल को मैच खेलेगी। उम्मीद की जा रही है कि हसरंगा चौथे मैच के लिए उपलब्ध होंगे। अगस्त 2023 में लिया था संन्यास

हसरंगा ने अपने वनडे और टी-20 के करियर पर ध्यान देने के लिए लिए अगस्त 2023 में अपने टेस्ट संन्यास की घोषणा की थी। टी-20 वर्ल्ड कप से एक साल से भी कम समय में, उन्हें सबसे छोटे प्रारूप में नेशनल टीम के कप्तान बन गए। हसरंगा ने 2020 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था।

## अखिल श्योराण और आशी चौकसी ने भारत का नाम किया रोशन, डॉर्टमुंड शूटिंग में जीते स्वर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रजत जीता। आशी चौकसी ने महिलाओं की इस स्पर्धा का स्वर्ण जीता। आशी ने क्वालिफाइंग में 594 और फाइनल में 464 का स्कोर किया।

बागपत के निशानेबाज अखिल श्योराण ने अपने स्वर्णिम प्रदर्शन को जारी रखते हुए आईएसएसएफ डॉर्टमुंड शूटिंग में 50 मीटर थ्री पोजीशन का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पोलिश ग्रांप्रि में भी



स्वर्ण जीता था। अखिल ने 466.1 का स्कोर कर फाइनल के विश्व कीर्तिमान की बराबरी की।

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रजत जीता। आशी चौकसी ने महिलाओं की इस स्पर्धा का स्वर्ण जीता।

आशी ने क्वालिफाइंग में 594 और फाइनल में 464 का स्कोर किया। अखिल ने क्वालिफाइंग में 593 का स्कोर किया। वह यहां पांचवें स्थान पर थे, जबकि ऐश्वर्य ने विश्व रिकॉर्ड से एक अंक कम 596 का स्कोर किया। वह यहां शीर्ष पर थे। ऐश्वर्य ने फाइनल में 462.9 का स्कोर किया।

9 साल जेल की सजा

## स्टार फुटबॉलर रोबिन्हो बलात्कार का दोषी करार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी स्टार रोबिन्हो को ब्राजील में बलात्कार के लिए 9 साल की जेल की सजा काटनी होगी। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर रोबिन्हो को इटली में गैंगरैप के आरोप में 9 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह घटना जनवरी 2013 की है।

इससे पहले 2017 में, रोबिन्हो को 2013 में 22 वर्षीय अल्बानियाई महिला के गैंग रेप में शामिल होने के लिए इटली में 9 साल जेल की सजा सुनाई गई थी, जब वह एसी मिलान के लिए खेलते थे। लेकिन उस समय वह पहले ही अपनी ब्राज़ील चले गए, जो अपने नागरिकों का प्रत्यर्पण नहीं करता है। इसके बाद इटली ने ब्राज़ील से इस फुटबॉलर के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की थी। रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील की एक अदालत ने इटली के अनुरोध के बाद अब फैसला सुनाया है कि उसे ब्राजील में जेल की सजा काटनी होगी।

ब्राजील के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस के न्यायाधीशों ने रोबिन्हो की सजा को मान्य करने के लिए 9-2 से वोट किया। सुपीरियर ट्रिब्यूनल ऑफ जस्टिस (एसटीजे) मामले में डाले गए 10 वोटों में से आठ रोबिन्हो की गिरफ्तारी और घरेलू सरजमीं पर सजा काटने के पक्ष में थे।

रोबिन्हो के वकील, जोस एडुआर्डो एल्कमिन ने अदालत में कहा कि उनका मुवक्किल राष्ट्रीय संप्रभुता के आधार पर ब्राजील में पुनर्विचार चाहता है, इसका मतलब है कि वो सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। पूर्व ब्राज़ीलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, जिनके पास 100 राष्ट्रीय कैप हैं, ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान दो ला लीगा चैंपियनशिप जीती।

## एबी डिविलियर्स की भविष्यवाणी, IPL 2024 में ये दो खिलाड़ी मचाएंगे गदर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है। साउथ अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने एक भविष्यवाणी की है। डिविलियर्स ने उन दो खिलाड़ियों के नाम बताए हैं, जो 17वें सीजन में गदर मचा सकते हैं। उन्हें भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से काफी उम्मीदें हैं, जो बेहतरीन फॉर्म में हैं। वह चाहते हैं कि यशस्वी 600 से अधिक रन बनाएं। यशस्वी राजस्थान रॉयल (आरआर) का हिस्सा हैं।

उन्होंने पिछले सीजन में आरआर के लिए 14 मैचों में 48.07 की औसत से 625 रन जोड़े थे। बता दें कि 22 वर्षीय यशस्वी ने हाल ही में इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में धमाकेदार बैटिंग की थी। उन्होंने 89.00 की औसत से 712 रन बनाए, जिसमें दो दोहरे शतक शामिल हैं। वह प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे। आरआर को आईपीएल के 17वें सीजन में अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को करनी है। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैलन पर कहा, यशस्वी को देखने लिए मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। वह टेस्ट फॉर्मेट में अपना



लोहा मनवाने में कामयाब रहे हैं। अब टी20 फॉर्मेट में टैलेंट दिखाने का समय आ गया है। डिविलियर्स ने आगे कहा, यशस्वी को इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से जो कॉन्फिडेंस मिला है, वह आईपीएल में देखने लायक होगा।

मैं उनसे धुआंधार बैटिंग की उम्मीद कर रहा हूं। मुझे सीजन में उनसे कम से कम 500 प्लस रन की उम्मीद है और वह 600 के पार भी जा सकते हैं। डिविलियर्स ने यशस्वी के अलावा साउथ अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स का नाम लिया, जो आईपीएल के आगामी सीजन में कमाल कर सकते हैं। स्टब्स दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए खेलेंगे। वह दो सीजन मुंबई इंडियंस (एमआई) में थे। डिविलियर्स ने कहा, स्टब्स का एसए टी20 टूर्नामेंट बहुत अच्छा रहा। वह पिछले साल थोड़ा फॉर्म में नहीं थे। लेकिन उन्होंने इस साल छाप छोड़ी और दिखाया कि वह क्या कर सकते हैं। वह काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। वह बॉल पर कड़क प्रहार करते हैं। वह गेंदबाजी में भी प्रभावी हो सकते हैं। वह ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते हैं। वह मैदान पर भी शानदार हैं। उनपर नजरें रहेंगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### आयुक्त ने आरा लोकसभा व अगिआंव विधानसभा में निष्पक्ष चुनाव कराने की दी हिदायत

**आरा।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 और विधानसभा उपनिर्वाचन 195 अगिआंव में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए बुधवार को पटना प्रमंडल के आयुक्त कुमार रवि ने आरा में महत्ती बैठक किया। शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक नवीन चंद्र झा, भोजपुर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी राजकुमार, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, सभी कोषांगों के वरीय अधिकारी, सभी नोडल अधिकारी, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी व सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी थे। इस दौरान क्रमवार तरीके से सभी तैयारियों की समीक्षा की गई। इस क्रम में आयुक्त ने सभी चुनाव कर्मियों के डाटाबेस के बारे में सवाल पूछे। जबाब में नोडल अधिकारी ने बताया कि मतदान कर्मियों का डाटाबेस में प्रविष्टि का पूर्ण कर लिया गया है। पर्याप्त संख्या में कर्मी उपलब्ध है। समीक्षा में कार्मिक कोषांग को सभी कर्मियों का बैंक खाता का विवरणी का जांच करने का निर्देश् दिया गया।

### 207 लीटर शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर थाना क्षेत्र के नवादा पश्चिमी से 207 लीटर शराव के साथ मुन्ना कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के नवादा पश्चिमी मुहल्ला में एक घर में भारी मात्रा में तस्करी करने की नियत से शराव रखा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सूचना का सत्यापन कर घर में छुपा कर रखे 207 लीटर शराव जब्त कर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया।

### 1780 अभ्यर्थियों ने नामांकन के लिए सीटें की बुक

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने रिक्त सीटों को भरने के लिए बुधवार को पीजी सेमेस्टर वन सत्र, 2023-25 के लिए ऑन स्पॉट राउंड चलाया। महज आधे घंटे में ही 1780 अभ्यर्थियों ने अपना सीट बुक कर लिया। विज्ञान संकाय के सभी विषयों की सीटें महज दो मिनट में ही बुक हो गई। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार ने बताया कि भोजपुर, बक्सर, रोहतास व कैमूर जिले के कॉलेजों में और पीजी विभागों में रिक्त सीटों को भरने के लिए बुधवार को पोर्टल खोला गया। आधे घंटे में 1780 अभ्यर्थियों ने पोर्टल से ऑफर लेटर डाउनलोड किया और अपनी सीटें बुक की। उन्होंने बताया कि ऑफर लेटर डाउनलोड करने वाले अभ्यर्थी सभी कागजात को 21 मार्च तक चयनित कॉलेज एवं विभागों में जमा कराएंगे। महाविद्यालय/ पीजी विभाग 21 मार्च को ही नामांकन अपडेट कर देंगे।

### मनोविज्ञान विभाग में शोध प्रस्तुतीकरण सह होली मिलन




**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में प्री पीएचडी के कोर्स वर्क का सिलेबस पूर्ण होने के उपरांत विभिन्न विषयों पर दूसरे दिन प्रस्तुतीकरण हुआ। इसके अंतर्गत छात्रों ने अपने-अपने स्व लिखित शोध पत्र प्रस्तुत किए। इसके साथ-साथ शोध पत्रों से संबंधित प्रश्नोत्तर तथा चर्चाएं हुई। उपस्थित छात्रों में प्रियंका कुमारी, संजय कुमार सोनी, अनुराधा कुमारी, वंदना कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, रमेश कुमार, निलेश कुमार मंडल और खुशबू कुमारी सहित अन्य ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके उपरांत विभाग में होली मिलन समारोह हुआ। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर तथा मिठाइयां बांट कर होली की शुभकामनाएं दी। विभाग की हेड प्रो लतिका वर्मा, प्रो मंजू सिंह, डॉक्टर संगीता सिंहा, डॉ लाल बाबू सिंह, डॉक्टर प्रियंका पाठक, स्मिता सिंह,धर्मनाथ केसरी, नीरज और दरोगा सिंह का अहम योगदान रहा।

### उर्वरक की गुणवत्ता का दिया गया प्रशिक्षण




**आरा।** उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम आरा ग्रांड में बुधवार को हुआ। उद्घाटन इंडियन पोटाश लिमिटेड, बिहार और झारखंड के उपप्रबंधक अशोक शर्मा व कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ पीके द्विवेदी ने किया। डॉ पीके द्विवेदी ने संतुलित उर्वरक प्रयोग के साथ वैकल्पिक व प्रकृतिक उर्वरकों जैसे पॉलीहैलाईट, बायोपोटाश, सिंगल सुपर फास्फेट,एनपी के. नैनो यूरिया व सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजकल मिट्टी पर असंतुलन का संकट पैदा हो गया है, जिसकी वजह से फसलों की पैदावार और गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। मिट्टी की जांच आवश्यक है और जांच के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करें। अशोक शर्मा ने इंडियन पोटाश लिमिटेड के कृषि क्षेत्र मे किए गए उल्लेखनीय कार्य व इंडियन पोटाश लिमिटेड उत्पाद के बारे मे बताया। कार्यक्रम का संचालन इंडियन पोटाश लिमिटेड के वरिष्ठ विपणन पदाधिकारी अतुल कुमार शाही ने किया। मौके पर उर्वरक व्यवसायी योगेन्द्र सिंह, सुखेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, सुनील कुमार सहित कई उर्वरक व्यवसायी उपस्थित थे।

### कृषि विशेषज्ञों ने कहा-बारिश से मसूर, चना और सरसों की फसल को होगी क्षति



**बक्सर।** आकाश बादलों से भरा हुआ था। अहले सुबह से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। दोपहर में तेज बारिश हुई। पूरे दिन कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी होती रही। बारिश होने के चलते शहर व मुहल्लों की सड़कें कीचड़ और पानी से सन गई। सड़कों पर उभरे छोटे-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर गया था। ऐसे में राहगीरों और वाहन सवारों को काफी फजीहत झेलनी पड़ी। वहीं अचानक मौसम में हुए बदलाव व तापमान गिरने से लोग ठंड महसूस किये। कई लोग तो शहर में गर्म कपड़ों में दिखे। बता दें कि शहर के मुनिम चौक, पीपी रोड, धर्मशाला रोड, सिविल लाइन, मुनिम चौक अमला टोली, सोहनीपट्टी, मठिया रोड, समेत अन्य इलाकों की सड़कें चलने लायक नहीं रह गई थी। लोगों को कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ा। हल्की बारिश के बाद शहर की सूरत बिगड़ गई। सिविल लाइन स्थित महात्मा गांधी बड़ा बाजार में भी लोगों को आने-जाने में परेशानी झेलनी पड़ी। शाम तक बूंदाबांदी होती रही।

# RPF जवान ने युवक की बचाई जान, चलती ट्रेन पर चढ़ रहा था युवक

निज संवाददाता। आरा

आरा रेलवे स्टेशन से एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो को देखकर लोग काफी तारीफ कर रहे है। दरअसल वायरल वीडियो आरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो का बताया जा रहा है। जहां एक पुलिसकर्मी के द्वारा चलती ट्रेन पर चढ़ रहे एक शख्स की जान बचाते देखा जा रहा है। जिसके बाद लोग इस पुलिसकर्मी(RPF) की जमकर तारीफ कर रहे है और उसकी इस काम की सराहना भी करते नहीं चूक रहे है। मिली जानकारी के मुताबिक यह वायरल वीडियो शनिवार का है। जब एक शख्स अपने परिवार के साथ आरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर अर्चना एक्सप्रेस पर बैठने आया था। जानकारी के मुताबिक शख्स तो पहले अपने परिवारों को ट्रेन पर चढ़ा दिया था, लेकिन उस वक्त तक ट्रेन खुलने लगी थी। जिसकी वजह से वो खुद ट्रेन पर नहीं चढ़ पाया। उसके बाद वो खुद से चलती ट्रेन पर चढ़ने को कोशिश करने लगा, तभी उसके साथ यह घटना घट गई और थोड़ी दूर तक वो प्लेटफॉर्म पर घसीटाता रहा। वायरल वीडियो में आप साफ देख सकते है। दोनों हाथ में बैग लेकर व्हाइट ड्रेस पहले एक शख्स चलती ट्रेन पर कोशिश करने लगा। उसी दौरान ट्रेन कि रफ्तार धीरे-धीरे तेज हो रही थी जिसकी वजह से वो नहीं चढ़ पाया और अचानक गिर गया। वहीं, इस घटना को देख रहे वहां प्लेटफॉर्म नंबर दो पर मौजूद पुलिसकर्मी ने फौरन दौड़ कर उस शख्स के पास गया। अपनी हाथों से उसे अपनी ओर खींचने लगा। अंत में उसे बचा लिया और प्लेटफॉर्म पर खींच लिया। वीडियो में साफ दिख रहा है जब वह व्यक्ति चलती ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश करने लगा। उसी दौरान उसका पैर लड़खड़ा गया और वो नीचे गिरने लगा। व्यक्ति के दोनों हाथ में बैग था। जिसकी वजह से वो खुद को कंट्रोल नहीं कर पाया और नीचे गिर गया। नीचे गिरने के दौरान उसका पैर ट्रैक की ओर जा रहा था। लेकिन यह सब देख रहे इस पुलिसकर्मी ने बिना देरी किए अपनी परवाह नहीं कर उसने सबसे पहले उस व्यक्ति को अपनी ओर खिंच लिया। जिससे उसकी जान बच सकी। वहीं, प्लेटफॉर्म नंबर दो पर जब यह घटना हुई तो उस दौरान सैकड़ों लोग प्लेटफॉर्म पर ही मौजूद थे। लेकिन कोई भी व्यक्ति उस व्यक्ति को बचाने नहीं गया। वीडियो वायरल होने के बाद लोग इस पुलिसकर्मी की खूब तारीफ कर रहे है। बता दें कि ऐसे कई लोग है जो ट्रेन के खुलने का इंतजार करते है ताकि उस टाइम वो चढ़े, लेकिन ऐसे करना उनके लिए खतरनाक हो सकता है। यह को पहली घटना नहीं है जब कोई व्यक्ति चलती ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहा हो, प्रतिदिन ऐसे कई लोग है को चलती ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश करते रहते है।

**अनियंत्रित होकर गिरा**




### होली पर्व पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की खुराक

**बक्सर।** पोलियो को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। इस क्रम में जिले में 24 से 29 मार्च तक होली पर्व को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जाना है। जिसमें पांच वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दिया जायेगा। इसके लिए रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंडों पर स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्यकर्मियों का ट्रांजिट दल नियुक्त किया जायेगा। बक्सर और डुमरांव रेलवे स्टेशन राज्य का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जिनसे होकर बच्चे बक्सर जिला समेत उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों के गांवों में प्रवेश करते हैं। ऐसी जगहों पर ट्रांजिट दल के माध्यम से पांच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को चिह्नित करते हुए उन्हें पोलियो खुराक देकर प्रतिरक्षित किया जाना है। पत्र में कहा गया है कि राज्य को पोलियो संक्रमण से बचाने के उद्देश्य से होली त्योहार के अवसर पर बाहर से आने वाले शून्य से पांच वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड आदि जगहों पर ट्रांजिट दल के माध्यम से पल्स पोलियो की खुराक पिला कर प्रतिरक्षित किया जाता है। राज्य को पोलियो मुक्त हुए सफलतापूर्वक 13 वर्ष एवं चार माह पूरा कर लिया गया है।

## सड़क हादसे में जीजा-साला जख्मी, मशीन देखने जा रहे थे दोनों

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव गांव के समीप बुधवार को स्कॉर्पियो ने बाइक सवार जीजा-साला को जोरदार टक्कर मार दी। जख्मी हालत में सड़क के बीचों बीच जख्मी हालत में गिर पड़े। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने जख्मियों को अगिआंव पीएचसी ले जाया गया और ग्रामीणों ने परिजनों को दी। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए अगिआंव पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया, गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी जयंत शर्मा का 22 वर्षीय पुत्र सचिन शर्मा एवं उसी थाना क्षेत्र के जीरो माइल निवासी बालमुकुंद शर्मा का 22 वर्षीय पुत्र सूरज शर्मा शामिल है। सूरज जख्मी सचिन शर्मा के रिश्ते मे जीजा लगता है। इधर, सूरज शर्मा ने बताया कि वह दोनों बाइक पर सवार होकर अगिआंव बाजार मशीन देखने जा रहे थे। उसी दौरान अगिआंव गांव के समीप पीछे से आ रही है स्कॉर्पियो ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर में मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए अगिआंव पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वही, ऑन ड्यूटी चिकित्सा डॉ निराला ने बताया कि एक युवक की सर में काफी गंभीर चोट आई है जबकि दूसरे को भी चोट लगी है। दोनों युवकों का प्राथमिक इलाज कर दिया गया है। गंभीर अवस्था में एक युवक को पटना रेफर कर दिया गया है। जहां, उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## सगे भाइयों समेत चार की पिटाई, रेलवे यार्ड में लगी थी नौकरी, पड़ोसी देते थे ताना

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र के मिल्की, अनाईठ गांव में बुधवार की देर शाम गाली-गलौज करने के विरोध करने पर सगे भाइयों समेत चार लोगों की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी गई। मारपीट की घटना में सभी जख्मी हो गए। इसके बाद अन्य लोगों की मदद से मामले को शांत कराया गया। उसके बाद सभी ज़ख्मियों का इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में नवादा थाना क्षेत्र के मिल्की, अनाईंठ गांव निवासी आदित्य कुमार की 45 वर्षीय पत्नी कमला देवी, तीन पुत्र हरी विराट(27), राजा कुमार(20) और कृष्ण मोहन कुमार(18) शामिल है। इधर,परिजन रवि शंकर ने बताया कि उनके भाई रोहित मोहन की नौकरी आरा रेलवे यार्ड में करीब दो महीने पहले लगी थी। नौकरी लगने के बाद गांव के ही उक्त लोगों के द्वारा हमेशा टोनेबाजी की जाती थी कि उनके बदौलत मेरे भाई की नौकरी लगी है। लेकिन उनके बातों में कोई सच्चाई नहीं है। आज देर शाम मेरा भाई घर पर था, तभी उन लोगों के द्वारा टोनबाजी करते हुए मेरे भाई से गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इसी बात का विरोध करने पर अपने अन्य साथियों को बुलाकर मेरे पड़ोसी मेरी मां कमला देवी और छोटे भाई के साथ मारपीट शुरू कर दिए। घटना की सूचना मिलने के बाद जब हम लोग घर पर पहुंचे तो उक्त लोगों के द्वारा घात लगाकर हम लोगों की भी जमकर पिटाई कर दी गई। किसी भी तरीके से मामले को फिलहाल शांत करवाया गया। इस घटना में तीन लोगों को काफी गंभीर चोट आई है। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वही पीड़ित परिवारों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी है।



**गाली-गलौज करने पर जमकर पिटाई**

## सीएसपी लूटकांड मामला: विशेष टीम का हुआ गठन, शटर बंद कर डेढ़ लाख हुई थी लूट

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के धोबहां थाना क्षेत्र अंतर्गत कर सिवान गांव स्थित सीएसपी केंद्र में दिनदहाड़े घटित करीब डेढ़ लाख रुपए लुटे जाने की घटना में पुलिस अपराधी काफी करीब पहुंच चुकी है। हालांकि, अभी तक किसी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। एसपी प्रमोद कुमार ने कांड में संलिप्त अपराधी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है। पुलिस तकनीकी सूत्र और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सुराग पाने की प्रयास में लगी है। इस टीम में डीआईयू को भी शामिल किया गया है। बता दे कि बड़हरा के सिंह थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी सोनू कुमार यादव सारसिवान चौक पर वर्ष 2020 से ही एसबीआई बैंक का सीएसपी केंद्र चलाते हैं। मंगलवार को ग्राहक बनकर आए अपराधियों ने संचालक सोनू के सिर पर पिस्टल तानकर उनके एसबीआई के सीएसपी केंद्र से करीब डेढ़ लाख रुपए समेत लैपटॉप और मोबाइल लूटकर अपने साथ लेकर चले गए थे। अंदर बंद कर शटर भी गिरा दिए थे। इधर, धोबहां थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित सीएसपी केंद्र के बताए जाने के अनुसार अपराधियों की संख्या तीन थी। सभी ने मास्क से मुंह ढका था। वह अपाचे बाइक पर आए थे और लूट की घटना को अंजाम देकर आराम से भाग निकले थे। लगभग अपराधियों के करीब पुलिस पहुंच चुकी है जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी ।

**अभियान में अपहरणकर्ता समेत 20 पकड़ाए:** पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले में फरार आरोपित की गिरफ्तारी एवं शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में अपहरणकर्ता समेत बीस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभियान के दौरान 6 शराब भट्ठियों को तोड़ा गया है।

## भोजपुर सड़क हादसे में एक की मौत, 2 घायल



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के बदरी पर के टोला गांव के पास बुधवार की शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार सगे भाई समेत 3 को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठ सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं घायलों में एक का प्राथमिक इलाज करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के सुंदरपुर कोरी गांव निवासी सुदामा सिंह का बेटा सहेंद्र सिंह(22) है। वह पेशे से मजदूर था। जबकि घायलों में उसी गांव के निवासी स्व.लाल मोहर सिंह का बेटा उमेश सिंह(40) और दिनेश यादव(35) शामिल है। इधर, दिनेश यादव ने बताया कि वह अपने बड़े भाई उमेश सिंह और चचेरे भाई सहेंद्र सिंह के साथ अपनी भतीजी और बड़े भाई उमेश सिंह की लड़की के लिए लड़का देखने बाइक से उदवंतनगर थाना क्षेत्र के विशंभरा गांव गए थे। लड़का देखने के बाद वह तीनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। लौटने के क्रम में सहेंद्र सिंह ही बाइक चला रहा था। इसी दौरान बदरी पर के टोला गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए अगिआंव पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था। तभी सहेंद्र सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन तीनों को आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख सहेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल उमेश सिंह को प्राथमिक इलाज करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया है। जबकि घायल उनके छोटे भाई दिनेश यादव का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई वह तीन बहन में छोटा था। उसकी शादी बीते साल मई महीने में हुई थी। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में मां कौशल्या देवी, पत्नी चुनचुन देवी और तीन बहन शिवमूर्ती, सुगांती, फूलवांती और एक बड़ा भाई हरेंद्र सिंह है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।



## निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव संबंधी जानकारी के लिए विभिन्न एप किए तैयार

निज संवाददाता। बक्सर



जिले में लोकसभा चुनाव भले ही 7वें चरण में होगा। लेकिन निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं भयमुक्त कराने की तैयारी में जिला प्रशासन अभी से जुट गया है। मतदाता को जागरूक करने के लिए स्विप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसके साथ हीं मतदान केंद्रों की स्थिति की जांच-पड़ताल के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। मतदाताओं की सुविधा और सुरक्षा की भी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही इसके जिले में बनाए जा रहे सभी 1940 मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, शौचालय, विद्युत, रैम्प, शेड, साईनेज, मतदाता सहायता केंद्र आदि की वास्तविक स्थित की जांच कराई जा रही है। बहुत जल्द सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा को पूरा किया जाएगा। भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी क्षेत्रों में वेनरेबुल इलाकों को चिह्नित किया जा रहा है। जहां लोगों को वोट देने में भय उत्पन्न किया जाता हो, डराया जाता हो। ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित करने के बाद वहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी। ताकि लोग भयमुक्त होकर वोट डालेंगे।

**सी-विजिल एप से दर्ज कराएं शिकायत:** इसके अलावे चुनाव संबंधी किसी प्रकार की जानकारी या शिकायत के लिए चुनाव आयोग के सी-विजिल एप के जरिए भी मतदाता किसी भी प्रकार की चुनावी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मतदाताओं को सीवीजिल-एप प्ले स्टोर से मोबाइल में डाउन लोड करना होगा। उसके बाद इसका उपयोग कर सकते हैं। जिले के चुनाव को लेकर जिला मुख्यालय में सीविजल एप से मिली शिकायतों के निवारण की व्यवस्था होगी। 1950 नंबर से मिलेगी चुनाव की जानकारी बता दें की मतदाताओं की सुविधा के लिए टोल फ्री 1950 जारी किया गया है। यह नंबर लोकसभा चुनाव की जानकारी के लिए चुनाव अयोग के निर्देशानुसार सेवा शुरू कर दी गई है। इस नंबर पर मतदाता वोटर कार्ड से लेकर चुनाव की किसी तरह की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही प्रशासन को चुनाव संबंधी शिकायत व सूचना दे सकते हैं। यह टोल फ्री नंबर 24 घंटे कार्यरत रहेगा। शिकायत और समस्या पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी इस नंबर के जरिए देने की व्यवस्था की गई है।